

एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा कमान मिस्त्री को - 12



एलपीजी की बुकिंग सामान्य की ओर लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक - 12



ऊर्जा उत्पादन अब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला - 13



रोहित और विराट की तरह संजू की जगह कोई नहीं ले सकता : रियान पराग - 14


आज का मौसम 23.0° अधिकतम तापमान 16.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.17 सूर्यास्त 06.23

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया 02:31 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 20 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 114, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## पश्चिम एशिया जंग हुई और भीषण, यूएई-कतर के तेल और गैस संयंत्र पर ईरानी वार से चौतरफा मचा हाहाकार

# कच्चा तेल उबला, औंधे मुंह बाजार

## 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट, क्रूड ऑयल की कीमत फिर से 116 डॉलर प्रति बैरल पहुंची

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के कारण गुरुवार को कच्चे तेल के दाम में भारी उछाल आया। इस कारण स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेज गिरावट आई और प्रमुख सूचकांक सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। बीएसई सेंसेक्स ने 2,497 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। इसके साथ बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा। भारी गिरावट से निवेशकों को 12.87 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। पश्चिम एशिया संकट 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से निवेशकों को 37 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है।

पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के बाद कच्चे तेल के दाम में उछाल आने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,497 अंक यानी 3.26% का गोता लगाकर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। जून, 2024 के बाद सेंसेक्स में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। कारोबार के दौरान, यह 2,753.18 अंक टूटकर 73,950.95 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी भी 775.65 अंक यानी 3.26% टूटकर 23,002.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,140 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी में 626 अंक की तेजी रही थी। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद बैंक का शेयर 5.13 प्रतिशत नीचे आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.75 प्रतिशत चढ़कर 114.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। यह वृद्धि कतर में एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस संयंत्र और कुवैत में दो तेल रिफाइनरियों पर ईरान के हमले के बाद हुई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी भारी गिरावट आई।




### चांदी में 17,800 की गिरावट सोना 7,000 रुपये लुढ़का

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 17,800 रुपये लुढ़ककर 2.38 लाख प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि बाजारों में भारी बिकवाली के चलते सोने की कीमत 7,000 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 17,800 रुपये या लगभग सात प्रतिशत गिरकर 2,38,700 प्रति किग्रा (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बंद हुई कीमत 2,56,500 रुपये से काफी कम है। चांदी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 4,04,500 रुपये प्रति किग्रा से 1,65,800 रुपये या 41 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है।

### पश्चिम एशिया में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों को भारत ने अत्यंत चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गैस भंडारण केंद्रों पर ताजा हमलों से पैदा चिंताओं के बीच भारत ने गुरुवार को कहा कि ऐसे हमले अस्वीकार्य हैं और इन्हें रोका जाना चाहिए। भारत ने इन हमलों को अत्यंत परेशान करने वाला बताया और कहा कि ये पहले से ही अनिश्चितता से गुजर रहे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करेंगे। ईरान ने अपने साउथ पार्स गैस क्षेत्रों पर इजराइल के हमलों के जवाब में रास लाफान में कतर के एलएनजी केंद्र सहित पश्चिम एशिया के कई ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत ने इससे पहले पूरे क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे, जिसमें ऊर्जा बुनियादी ढांचा भी शामिल है, को निशाना बनाने से बचने का आह्वान किया था। इस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हालिया हमले अत्यंत परेशान करने वाले हैं।

# ईरान ने 4 खाड़ी देशों पर दागीं मिसाइलें व ड्रोन, कतर के गैस संयंत्र में भीषण आग

दुबई, एजेंसी

- ईरान की धमकी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया तो और बड़े हमले करेंगे
- कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के हमलों की निंदा की

ईरान ने अपने एक प्रमुख गैस फील्ड पर इजराइल के हमले के जवाब में गुरुवार को चार से अधिक खाड़ी देशों में तेल और गैस के प्रतिष्ठानों पर हमले किए। ईरान के इस वार से वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगी है। इन हमलों के बाद ईंधन के दामों में तेजी से वृद्धि हुई और ईरान के पड़ोसी अरब देशों के सीधे संघर्ष के दायरे में आने का खतरा बढ़ गया है। ईरान ने कतर के रास लफ्फान गैस प्लांट पर हमले किए। होर्मुज में ईरान के अवरोधों के कारण पहले से दबाव में बनी हुई वैश्विक आपूर्ति ईरान के इन हमलों से और अधिक दबाव में आ रही है।

इस क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक जहाज में आग लगा दी गई और कतर के पास एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। एक ईरानी ड्रोन से लाल सागर में स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। इजराइल और अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमलों के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। वहीं, कतर, सऊदी व संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के हमलों की निंदा की। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल घीत ने इसे खतरनाक तरीके से उकसावे वाला बताया।



कतर के रास लफ्फान गैस प्लांट पर धधकती आग।

### ट्रंप का आश्वासन- गैस क्षेत्र पर नहीं करेंगे हमले

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आश्वासन दिया कि इजराइल ईरान के प्रमुख गैस क्षेत्र 'साउथ पार्स' पर और हमले नहीं करेगा लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि अगर ईरान ने कतर पर फिर हमला किया तो अमेरिका जवाबी कार्रवाई करेगा और उस पूरे क्षेत्र को उड़ा देगा। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और कतर पर ईरानी मिसाइल हमलों के बीच ट्रंप ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा, मैं इस पैमाने की हिंसा और विनाश की अनुमति नहीं देना चाहता क्योंकि इसका ईरान के भविष्य पर दीर्घकालिक असर पड़ेगा।

### पेंटागन ने 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त कोष मांगा

उधर पेंटागन ने ईरान युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त कोष मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इजराइल के हमलों में ईरान के खुफिया मंत्री की मौत हो गई है। इजराइल ने शीर्ष ईरानी नेतृत्व के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए बुधवार को ईरान के अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर कथित तौर पर हमला किया जिससे क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा यानी ऊर्जा पर दबाव और बढ़ गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अहमदाबाद में 2.38 करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद पुलिस ने 2.38 करोड़ रुपये अंकित मूल्य के उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय जाली नोट जब्त किए हैं और इस सिलसिले में सात लोगों को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में मिली एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ने सूरत के एक योग शिक्षक सहित आरोपियों को उस समय पकड़ा जब वे बुधवार को यहां पहुंचे। आरोपियों के पास से 500 रुपये के 42,000 जाली नोट जब्त किए गए। पुलिस उपायुक्त सभी आरोपी एक एसयूवी में यह जाली नोट लेकर आए थे। वाहन को अमराईवाड़ी इलाके के पास रोका गया और नोट बरामद किए।

### अक्षय तृतीया पर 12:15 बजे खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की तैयारियों के बीच आस्था के प्रमुख केंद्र गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन दोपहर 12:15 बजे विधिविधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री मंदिर समिति ने चैत्र नवरात्र के दौरान पंचांग के अनुसार तिथि और समय की औपचारिक घोषणा कर दी है।

# राष्ट्रपति ने की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना

- राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ किए रामलला के दर्शन, चरणों में झुकाया शीश
- आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल : मुर्मू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को हिंदू नववर्ष के आगमन व चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी के साथ रामलला के चरणों में शीश झुकाकर व आरती उतारकर श्रद्धा निवेदित की। मंदिर परिसर में सभी देवों के समक्ष शीश झुकाया।

दर्शन-पूजन के बाद राष्ट्रपति ने भावुक होकर कहा, श्रीराम की मेरे ऊपर बहुत कृपा है। आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल है। उन्होंने प्रभु राम से देश की समृद्धि, शांति और नागरिकों की भलाई की प्रार्थना की। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीरामयंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। दक्षिण भारत, काशी, अयोध्या के आचार्यों द्वारा मंदिर में श्रीराम यंत्र के लिए नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुका था। राष्ट्रपति ने राम परिवार की मध्याह्न आरती में भी भाग लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण कर वहां नक्काशियों और रामायण के दृश्यों को बड़े ध्यान से देखा। उन्होंने निर्माण में लगे कर्मयोगियों से भी मुलाकात की और उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में मां अमृतानंदमयी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, सदस्य गोपाल जी समेत बड़ी संख्या में संत-महंत आदि मौजूद रहे।



राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र का पूजन अर्चन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### सनातन विरोध वाले स्थानों पर नहीं जाती वर्तमान पीढ़ी : योगी


- मुख्यमंत्री ने कहा- अब नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाते हैं लोग

**अयोध्या।** वर्तमान पीढ़ी नववर्ष पर ऐसे किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर नहीं जाती, जहां सनातन के विरोध में कोई कार्य हो रहा है। वह नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाती है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सबसे पहले प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरयू मैया अयोध्या धाम को पवित्र करते हुए अपने निर्मल जल से पूरे क्षेत्र को पवित्र करती हैं। रामराज्य की अनुभूति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में युद्ध चल रहे हैं और हम श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना कार्यक्रम में सहभागी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व-मार्गदर्शन में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन, श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, रामदरबार के पवित्र विग्रह की स्थापना, ध्वजा आरोहण और आज श्रीराम यंत्र की स्थापना का कार्यक्रम हर सनातन धर्मावलंबी व सच्चे भारतीय को आनंद से विभोर कर देता है और यही भारत की आस्था है। उन्होंने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा, कहा कि आस्था को अंधविश्वास कहकर अपमानित किया गया था।

# पीएम मोदी ने कई वैश्विक नेताओं से की बात

नई दिल्ली, एजेंसी

**पश्चिम एशिया संकट**



- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, ओमान के सुल्तान, मलेशिया के पीएम से बातचीत में शांति बहाल करने का किया समर्थन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से बात की तथा उनके साथ पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में संघर्ष को कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने का समर्थन किया।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, मैंने अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पश्चिम एशिया की स्थिति पर, और तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता के साथ-साथ संवाद और कूटनीति की ओर लौटने के बारे में बात की। हम क्षेत्र और उससे परे शांति व स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए अपने घनिष्ठ समन्वय को जारी रखने को उत्सुक हैं। यह भी कहा कि उन्होंने अपने भाई सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ सार्थक बातचीत की और ओमान के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। मोदी ने कहा, हम (क्षेत्र में) तनाव कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री ने ओमान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की भारत द्वारा की गई निंदा को दोहराया और भारतीय नागरिकों सहित हजारों लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इब्राहिम के साथ बातचीत में, मोदी ने ईद को लेकर अपने मलेशियाई समकक्ष और मलेशिया के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हमने पश्चिम एशिया में बेहद चिंताजनक स्थिति पर भी चर्चा की और संवाद और कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने और शांति व स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। 28 फरवरी को शुरू हुए इस युद्ध के बाद से ओमान के सुल्तान के साथ मोदी ने दूसरी बार बातचीत की।

### सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव आचार संहिता उल्लंघन केस में बरी

**बदायूं।** सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव को बदायूं कोर्ट से राहत मिली है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजमगढ़ एमपी को बरी कर दिया है। 28 आरोपी पहले ही बरी हो चुके थे। 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान इन सभी पर वोट प्रभावित करने, कोविड आपदा अधिनियम जैसी धाराओं में केस दर्ज हुआ था। सुनाए गए फैसले का सांसद ने स्वागत किया है।

## 2,929 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी से आठ घंटे पूछताछ



- सीबीआई ने शुक्रवार को फिर से बुलाया, नई दिल्ली मुख्यालय में की गई पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अनिल अंबानी से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और उनके खिलाफ एसबीआई की शिकायत पर दर्ज 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में गुरुवार को करीब आठ घंटे पूछताछ की।

सीबीआई के कई मामलों का सामना कर रहे अंबानी को पूछताछ के लिए शुक्रवार को फिर से बुलाया गया है। अंबानी सुबह 10:15 बजे एजेंसी के नई दिल्ली मुख्यालय पहुंचे। वह शाम 6:15 बजे एजेंसी मुख्यालय से बाहर आए। सीबीआई के ने कहा, 21 अगस्त 2025 को आरकॉम लिमिटेड के खिलाफ 2929.05 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के सिलसिले में, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, अनिल अंबानी और अज्ञात लोक सेवकों सहित अन्य अज्ञात लोग आरोपी हैं।

# दो लाख आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का 8 से 11 हजार रुपये बढ़ा वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीएम योगी की घोषणा अप्रैल से होगी लागू, ईपीएफ व ईएसआई भी
- अब चपरासी को 18 हजार तो प्रोग्रामर का 37,400 हुआ मानदेय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी की घोषणा के मुताबिक सरकार ने आउटसोर्सिंग के जरिए कार्यरत करीब दो लाख कर्मचारियों के मानदेय में बड़ा इजाफा किया है। अब विभिन्न पदों पर कर्मचारियों को पहले की तुलना में आठ से 11 हजार तक अधिक वेतन सीधे उनके खाते में जाएगा। ईपीएफ व ईएसआई का लाभ भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने पहले ही विधानसभा में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने का एलान किया था। अब इसे अमल में लाते हुए नई दरें जारी कर दी गई हैं। नई व्यवस्था के तहत चपरासी, चौकीदार और अनुसेवक का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया गया है। वहीं, अनुवादक, कंप्यूटर सहायक व डेटा एंट्री ऑपरेटर को अब 14 हजार के बजाय 23 हजार मिलेंगे। तकनीकी पदों पर भी अच्छी बढ़ोतरी की गई है। सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर और सीनियर प्रोग्रामर का वेतन 28 हजार से बढ़ाकर 37,400 रुपये कर दिया गया है। स्टेटिकल ऑफिसर और प्रोग्रामर को अब 29,900 मिलेंगे, सीनियर डेटा एंट्री ऑपरेटर का मानदेय 21 हजार से बढ़ाकर 31,900 रुपये कर दिया गया है। बढ़ा हुआ मानदेय अप्रैल महीने से लागू होगा। साथ ही कर्मचारियों को 13% ईपीएफ व 3.25 प्रतिशत ईएसआई का लाभ भी दिया जाएगा, जिससे सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। विभागीय बजट में 426 करोड़ की बढ़ोतरी करते हुए कुल 2223.84 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य

जारी नई दरों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नियुक्त डॉक्टरों को अब अधिकतम 40 हजार रुपये तक वेतन मिलेगा, जबकि शिक्षण सेवाओं में लगे कर्मियों को 25 हजार रुपये तक भुगतान किया जाएगा।

**एडीआर रिपोर्ट** | दागी और धनवान सांसदों की बढ़ी हिस्सेदारी, 32% पर आपराधिक मामले, 14% अरबपति

# राज्यसभा के 73 सांसदों पर दर्ज हैं आपराधिक मुकदमे

नई दिल्ली, एजेंसी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 27 |
| कांग्रेस | 12 |
| तृणमूल | 4 |
| आप | 4 |

- इन पार्टियों के सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की



चुनाव सुधारों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के लगभग 32 प्रतिशत मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जबकि इनमें से 14 प्रतिशत अरबपति हैं। यह रिपोर्ट राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 229 के हलफनामों के विश्लेषण पर आधारित है।

फिलहाल झारखंड की एक सीट खाली है, जबकि तीन सांसदों के हलफनामे उपलब्ध नहीं थे। इस विश्लेषण में हाल में निर्वाचित 37 सदस्य भी शामिल हैं। जिन 229 सांसदों के दस्तावेजों का विश्लेषण किया गया है, उनमें से 73 (32 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की है। उनमें से 36 (16 प्रतिशत) गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एक सांसद ने हत्या का मामला, चार ने हत्या के प्रयास का मामला और तीन ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले दर्ज होने के बारे में जानकारी दी हैं। भाजपा के 99 सांसदों में से 27, कांग्रेस के 28 सांसदों में से 12, तृणमूल कांग्रेस के के 13 सांसदों में से चार और आम आदमी पार्टी के 10 सांसदों में से चार ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के तीन-तीन सांसदों ने भी आपराधिक मामलों का खुलासा किया है।

### राज्यसभा सदस्यों की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ रुपये आंकी गई

रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 31 सांसदों (14 प्रतिशत) की कुल संपत्ति अरबों में है। प्रमुख पार्टियों में, भाजपा के छह सांसदों, कांग्रेस के पांच सांसदों, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के चार सांसदों, आम आदमी पार्टी और बीआरएस के दो-दो सांसदों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के तीन सांसदों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। राज्यसभा में सदस्यों की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ रुपये आंकी गई है। भाजपा के मामले में प्रति सांसद औसत संपत्ति 28.29 करोड़ रुपये है जबकि कांग्रेस के लिए 128.61 करोड़ रुपये, तृणमूल के लिए 17.70 करोड़ रुपये और आम आदमी पार्टी के लिए 574.09 करोड़ रुपये है। अन्य दलों में वाईएसआरसीपी (522.63 करोड़ रुपये), समाजवादी पार्टी (399.71 करोड़ रुपये), बीजू जनता दल (105.63 करोड़ रुपये) और द्रमुक (11.90 करोड़ रुपये) शामिल हैं। बीआरएस सांसद बंडी पार्थ सारथी ने सबसे अधिक करीब 5,300 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। इसके बाद आम आदमी पार्टी के राजेंद्र गुप्ता (5,053 करोड़ रुपये) और वाईएसआरसीपी के अयोध्या रामी रेड्डी आला (2,577 करोड़ रुपये) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## शहर में आज

- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे
- गांधी प्रेक्षागृह में प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर कार्यक्रम दोपहर 03 बजे से।
- बिलसंडा ब्लॉक परिसर में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### सभागार में सरकार की उपलब्धियां बताई

**अमरिया, अमृत विचार** : प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक सभागार में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, बीडीओ दिनेश सिंह ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक की। इस दौरान विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

### न्यूरिया से किशोरी लापता, धमकी

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना न्यूरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 मार्च को उसकी 16 वर्षीय पुत्री को थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम सिमरियागौंसू निवासी जसवीर पुत्र धर्मपाल बहला फुसला कर ले गया। इसकी जानकारी होने पर वह आरोपी के घर शिकायत करने गए तो जसवीर के माता-पिता और उसकी रिश्तेदारी लक्ष्मी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : मोहल्ला जोशीटोला निवासी शांति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति प्रेम कुमार नशा अधिक करता है। प्रतिदिन नशा करके आता है और मारपीट करता है। ससुर रेलवे से रिटायर है। उनकी पेंशन से ही परिवार का जीवन यापन चल रहा है। पति उनसे भी रुपये की मांग करता है। रुपये न देने पर मारपीट करता है। 14 मार्च की रात नौ बजे पति नशे में आया और मारपीट करने लगा। विरोध करने पर उसने घर में आग लगा दी। घर में रखे सामान में भी तोड़फोड़ की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**नवरात्र विशेष : महिलाओं के लिए रोजगार के रास्ते खोले, शिक्षा को जमीन देकर स्कूल खुलवाया, सप्त सरोवर के विकास में निभाया अहम किरदार**

# तराई की नायिका बनीं बाघ मित्र आरती, संघर्ष ऐसा कि दुनिया नाज करे

सुनील यादव, पीलीभीत




- 55 बरस से सेवा के मिथक बना रहीं पीलीभीत की आरती मां
- जंगल की दुश्वारियों को मात देने वाली बुजुर्ग महिला की कहानी


जंगल किनारे बना सप्त सरोवर। ● अमृत विचार


आरती। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : जीवन संघर्ष और जनसेवा क्या होती है, जंगल की दुश्वारियों के बीच हिम्मत-हौसले का 50 बरस लंबा अध्याय लिख चुकीं आरती को देखकर समझा जा सकता है। मिसाल-बेमिसाल आरती मां की कहानी ही कुछ ऐसी है कि गांव और आसपास के वन क्षेत्र में लोग उन्हें 'मदर टेरेसा' की तरह सम्मान देते हैं। सुदूर क्षेत्र में बच्चों की पढ़ाई को स्कूल खुलवाना हो या गरीबी के जंजाल में जकड़ीं अपने जैसी महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना, इस किरदार की व्याख्या में जैसे शब्द कम पड़ते नजर आते हैं।

जीवन के 70 बसंत देख चुकीं आरती पीलीभीत जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर बसे सेल्हा गांव में रहती हैं। आसपास नदियां, बांध, जंगल से उनका शुरू से रिश्ता रहा है। दशकों पहले बंगाल से कई परिवार आकर आसपास बसे थे, जिसमें आरती के पिता चंदीराम भी थे। 15-16 की उम्र में आरती ब्याह कर गांव आई थीं तो आसपास सबकी जिंदगी मुश्किलों में घिरी थी। तिनका-तिनका जोड़कर बनाए गए घास-फूस के घरोंदे और दो-चार बर्तन। यही उनका संसार था। थोड़ा-बहुत जंगल किनारे की उथली जमीन को समतल बनाकर खाने का इंतजाम किया, लेकिन फावड़े से इतना करने में भी 10 साल लग गए। खुद की और आस-पड़ोस के परिवारों में किलकारियां गूंजी मगर बच्चों को पढ़ाने के लिए आसपास स्कूल नहीं था। आरती हालात से लड़तीं रहीं और अपने जैसी महिलाओं का हौसला बढ़ाती रहीं।

इस बीच जंगल क्षेत्र के गांवों में विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने विकास समितियां बनाईं तो आरती कई महिलाओं को लेकर उससे जुड़ गईं। कारवां बढ़ता गया। तंगी से जूझते परिवारों को समिति के माध्यम से लोन दिलवाकर कुछ काम शुरू कराए। 2006 में वन अफसरों के साथ डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम पड़ोस के गांव आई थी। आरती को पता लगा तो दौड़ी-दौड़ीं वहां पहुंचीं और अफसरों का हाथ पकड़कर अपने गांव ले आईं। वहां लोगों की दुश्वार जिंदगी देख अफसर भी सन्न रह गए। बस यहीं से सेल्हा की तकदीर संवर गई।

आरती पास में स्थित सप्त सरोवर (सात झाल) को पहले से ही संवारने में जुटी थीं। अफसरों ने देखा तो वहां स्वर्ग सी सुंदरता नजर आई और उसे पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिए। 2012 में आरती के पति चल बसे तो वह अकेली पीलीभीत से लखनऊ तक दौड़ लगाती रहीं। बेटे-बेटियां शादी कर रोजगार की तलाश में बाहर चले गए मगर आरती डटीं रहीं।

खुद को पट्टे में मिली जमीन देकर गांव में प्राइमरी स्कूल खुलवाया और खुद भूमिहीन हो गईं। टाइगर रिजर्व बनने के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की गतिविधियां बढ़ीं तो आरती ने विकास, बिजली, रोजगार की मांग उठाना शुरू कर दी। इस बीच वर्ष 2019 में पीटीआर मॉडल से जुड़कर बाघ मित्र भी बन गईं। उनके प्रयास रंग लाए और पिछले साल उनके यहां के सात झाल को विकसित कर इको टूरिज्म स्पॉट सप्त सरोवर में तब्दील कर दिया गया। अब गांव की महिलाएं ही यहां कैंटीन संचालित कर अपने जीवन स्तर में सुधार कर रही हैं। आरती की मांग पर ही सोलर बेस्ड पावर हाउस भी स्थापित हो चुका है और दशकों अंधेरे में रहने के बाद अब हर घर रोशन है। अपना गांव ही नहीं, आसपास के क्षेत्र की महिलाओं के लिए आरती ढाल बनी दिखती हैं। उनके योगदान की प्रशंसा वन अफसर भी करने से पीछे नहीं हटते।

### सिर्फ सड़क का इंतजार बाकी

स्कूल को जमीन देकर भूमिहीन हुईं आरती बताती हैं कि जीवन अब अंतिम पड़ाव में पहुंच रहा है। गांव आने-जाने को सड़क नहीं बनी है। सड़क और बन जाए तो गांववालों की जिंदगी के साथ पर्यटन को भी पंख लग जाएंगे। सड़क बनने से मेरे बेटे-बेटियां आसानी से शहर आ-जा सकेंगे।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई आराधना

**घरों में विधि विधान से कलश स्थापना कर व्रत रखे, मंदिरों में माता के चरणों में शीश नवाकर सुख समृद्धि की कामना की**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मां यशवंतरी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


पंचमुखी हनुमान मंदिर में भजन गाती महिलाएं। ● अमृत विचार

- पहले दिन भीड़ रही कम, यशवंतरी देवी मंदिर में मेले की तैयारियां पूरी

**अमृत विचार** : ढोलक की थाप, घंटियों की गूंज और जय माता दी.. के जयकारों के बीच गुरुवार को चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो गई। पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना के लिए सुबह से ही मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। घरों में विधि विधान से कलश स्थापना कर व्रत रखे गए, तो मंदिरों ने श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर सुख समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर में श्रद्धालुओं का सिलसिला जारी रहा। देर शाम मंदिरों और घरों में माता रानी के भजन संध्या हुई। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को जिलेभर में भक्ति का माहौल छा गया। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। घरों में कलश स्थापना कर व्रत रखे गए, वहीं मंदिरों में भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन हुआ। ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में विधि-विधान से घट स्थापना की। इसके बाद हाथों में पूजा की थाली और जल पात्र लेकर श्रद्धालु मंदिरों की ओर पहुंचे। माता रानी की प्रतिमाओं का जलाभिषेक कर फूल-माला चढ़ाई गई और सुख-समृद्धि की कामना की गई। शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर, निरंजन कुंज कॉलोनी स्थित माता महा मातेश्वरी मंदिर और गोदावरी स्टेट कॉलोनी के मां दुर्गा मंदिर, गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत जिले के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान रहे। शाम को मंदिरों में विशेष आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कुछ श्रद्धालु झंडी लेकर यशवंतरी देवी मंदिर पहुंचे और माता के चरणों में अर्पित की। वहीं नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाएगी। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा कर व्रत रखेंगे और माता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### महिलाओं ने गाए भजन, बच्चों ने किया नृत्य

नवरात्र के पहले दिन घरों और मंदिरों में भजन संध्या का आयोजन किया गया। गोदावरी स्टेट कॉलोनी, निरंजन कुंज कॉलोनी और पंचमुखी हुनमान मंदिर में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर मां के भजन गाए। भक्ति गीतों पर छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य कर वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। इसके अलावा गली मोहल्लों में भी भजन संध्या की गई ।जहां महिलाओं ने छंद गाए। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### यशवंतरी देवी मंदिर में सजा मेला

चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां यशवंतरी देवी मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी मेला सज गया है। मंदिर परिसर में दुकानों के साथ बच्चों के लिए झूले लगाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर अस्थायी मेला चौकी बनाकर पुलिस बल तैनात किया गया है। गुरुवार को पुलिस अफसरों ने भी मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और माता के दर्शन किए। मंदिर के महंत राजेश बाजपेयी ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं, आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। 22 मार्च से बाहर का मेला शुरु हो जाएगा। इसको लेकर मंदिर प्रागंण में पूरी तैयारियां कर ली गई है।

## बच्चों से मिड डे मील बनवाया तो होगी कार्रवाई

**पीलीभीत, अमृत विचार** : मरौरी ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल मीरापुर में बालिकाओं से मिड डे मील बनवाए जाने के मामले का बीएसए रोशनी सिंह ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मरौरी ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सिंह को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी से तथ्य परक स्पष्ट रिपोर्ट तलब की गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बीएसए ने जिले भर के खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसी भी परिषदीय स्कूलों में इस तरीके का कृत्य पाया जाता है तो संबंधित हेड मास्टर के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ दंडात्मक कार्रवाई भी कराई जाएगी। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा दी जाए। मिड डे मील और विद्यालय के निजी कार्यों को स्कूली छात्र-छात्राओं को दूर रखा जाए।

## बढ़ैरा मंदिर में नव संवत्सर पर हुआ देव यज्ञ


यज्ञ में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरियाकला

**अमृत विचार** : आर्य समाज मंदिर बढ़ैरा में नव संवत्सर पर देव यज्ञ सम्पन्न हुआ। जिसमें यजमान भुजेन्दर आर्य सपत्नीक शामिल रहे। यज्ञ ब्रह्मा रामप्रताप आर्य रहे। उन्होंने कहा कि हमें नववर्ष पर यज्ञ जैसे शुभ कर्म करते हुए एक दूसरे से घृणा जैसे विचारों को छोड़कर हमें विश्व कल्याणार्थ नये संकल्प को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। गौरव आर्य ने यजुर्वेद के छठवें अध्याय से यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की।

उन्होंने कहा कि प्रभु यज्ञकर्ता मनुष्य को देव बनाकर शक्तियुक्त कर देता है। हमें ईश्वर के समीप रहेगा चाहिए। आर्य वीर दल अध्यक्ष नरेश आर्य ने भजन के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। इस मौके पर मुरारीलाल आर्य, सुरेश आर्य, श्रीराम, लालाराम, ललित, ऋषिकांत, धीरज आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता से मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम जनकपुरी निवासी आरती देवी पुत्री सुंदरलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम वगवा निवासी रामअवतार पुत्र दाताराम से चार वर्ष पूर्व हुई थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पति रामअवतार, ससुर दाताराम, सास सुशीला देवी ने मारपीट शुरू कर दी। 12 फरवरी को रात नौ बजे उपरोक्त आरोपियों के अलावा दो अज्ञात व्यक्तियों ने गाली गलौज कर मारपीट की और ससुराल से निकाल दिया। न्यूरिया एसओ सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं, थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम मकतूल निवासी पूनम देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। 18 मार्च को पति अनिल कुमार, हेमंत,टिकोली देवी और मोतीराम ने मारपीट की। लिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक्सपर्ट से प्राप्त होगी जानकारियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर का भवन। ● अमृत विचार

- गन्ना एवं चीनी मिल मंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि
- गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी 30 से

**अमृत विचार** : गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में 30 और 31 मार्च को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद् सम्मिलित होंगे।

प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि गन्ना कृषक महाविद्यालय पूरनपुर गन्ने की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर के सफल सेमिनार आयोजित कर चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यावरण, वैश्विक जलवायु परिवर्तन और कृषिगत सतत विकास शीर्षक पर संगोष्ठी होगी। प्रदेश के गन्ना एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय , विभिन्न विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, पंडित अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के कुलपति एडीएन बाजपेई, इथोपिया से शिक्षाविद प्रोफेसर मनोज कुमार मिश्रा, नेपाल से प्रोफेसर वीर बहादुर महतो प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र,राजकीय राजीव गांधी स्वशासी महाविद्यालय अंबिकापुर छतीसगढ़ प्रोफेसर जेएन पांडेय, , डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से प्रोफेसर विनोद कुमार श्रीवास्तव , राजकीय महाविद्यालय देहरादून से एसके लाल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार से गगन माटा, महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से आशुतोष प्रिय , प्राचार्य उपाधि महाविद्यालय डॉ.दुष्यंत कुमार, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से प्रोफेसर दिनेश कुमार आदि भी रहेंगे।

उन्होंने बताया कि संगोष्ठी के आयोजन का उद्देश्य शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की जानकारी उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। संगोष्ठी में टेक्निकल सेशंस भी होंगे, जिसका सीधा लाभ शोधार्थियों और विद्यार्थियों को मिलेगा।

## गेट परीक्षा में कुशाग्र को मिली 1922वीं रैंक


कुशाग्र सक्सेना

- एनआईटी जालंधर में बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र हैं कुशाग्र सक्सेना

**पीलीभीत, अमृत विचार** : शहर के छात्र कुशाग्र सक्सेना ने गेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1922 वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और जिले में खुशी का माहौल है।

निरंजन कुंज कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र सक्सेना और सुनीता सक्सेना के पुत्र कुशाग्र सक्सेना ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) परीक्षा में सफलता हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। कुशाग्र ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1922 प्राप्त की है। कुशाग्र वर्तमान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जालंधर में बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शहर के लायंस बाल विद्या मंदिर से पूरी की।

इंटरमीडिएट के बाद उन्होंने जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर एनआईटी में प्रवेश प्राप्त किया था। परिजनों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि गेट परीक्षा देश की प्रमुख तकनीकी परीक्षाओं में शामिल है। इसके माध्यम से न केवल उच्च शिक्षा के लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश मिलता है, बल्कि विभिन्न सरकारी उपक्रमों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। कुशाग्र की इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## 17522 कॉपियों का हुआ मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- इंटर में 7044 और हाईस्कूल 10478 हुई कॉपियां चेक

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड की ओर से कॉपियों का मूल्यांकन शुरु हो चुका है। पहले दिन दोनों केंद्रों पर 6200 कॉपियों का मूल्यांकन हो सका था। दूसरे दिन गुरुवार को भी कॉपियों का मूल्यांकन जारी रहा। दोनों केंद्रों पर 17522 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा किया गया।

जिले में यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहा है। बोर्ड की ओर से दो मंडलों के जिलों की 185624 कॉपियां अलॉट की गई हैं। जिसमें गुरुवार को मूल्यांकन कार्य के दौरान इंटरमीडिएट की 7044 कॉपी और जीजीआईसी की 10478 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। जिनकी रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। कॉपियों का मूल्यांकन भी परीक्षा की तरह सीसीटीवी की निगरानी में हुआ। अब इंटरमीडिएट में 10755 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है जबकि जीजीआईसी में 12947 कॉपियों का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है। इस बार बोर्ड ने नए नियम भी लागू किए गए हैं। जिसके तहत परीक्षार्थी किसी भी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक लाता है या फिर शून्य मिलता है तो उसकी कॉपी दोबारा चेक करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षकों को स्टेप बाई स्टेप मार्किंग करना अनिवार्य होगा। अगर, किसी प्रश्न का उत्तर तीन स्टेप में पूर्ण हो रहा है और उसमें परीक्षार्थी दो स्टेप सही किया है तो उसे सही स्टेप के अंक दिए जाएंगे। इसके अलावा विज्ञान, गणित या अन्य तकनीकी विषयों में सवाल का हल सही होने और यूनिट न लिखने या गलत लिखने पर आंशिक अंक काटे जाएंगे। वहीं सवाल के सभी स्टेप्स सही होने और केवल जवाब गलत होने पर भी शून्य अंक नहीं दिया जाएगा। साथ ही परीक्षार्थियों को साफ राइटिंग के लिए भी अंक निर्धारित किया गया है। परीक्षक के द्वारा कॉपियों पर अंक साफ-साफ अंकित किए जाएंगे। इसमें ओवरराइटिंग नहीं होगी। किसी भी स्थिति में अंक बदलने पड़े तो पहले वाले को काटकर दोबारा साफ-साफ लिखा जाएगा और हस्ताक्षर किए जाएंगे। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। परीक्षकों की ड्यूटी लगी है। वहीं काम कर रहे हैं। कहीं भी लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

## नियुक्ति के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप, शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : शिवसेना के जिला उपप्रमुख प्यारेलाल प्रजापति ने कार्यकर्ताओं संग बरेली पहुंचकर कमिश्नर कार्यालय में शिकायत पत्र दिया। जिसमें मेडिकल कॉलेज में एक फर्म और अन्य जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में बताया कि जिले में बने मेडिकल कॉलेज में तैनात जिम्मेदारों ने 27 जनवरी 2024 को तैनाती ली थी। शुरुआत से ही भ्रष्टाचार किया जा हा है। एक फर्म के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति के नाम पर ठगा जा रहा है। आरोप लगाया कि दो से तीन लाख रुपये रिश्वत ली जा रही है। अगर जल्द एक्शन नहीं लिया गया तो धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

## बिजली चोरी की शिकायत पर विजिलेंस का छापा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


शिकायत पर एकता नगर कॉलोनी में जांच करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

- एकता नगर कॉलोनी के एक मकान में पहुंची टीम, जुटाई जानकारी

**अमृत विचार** : पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों की शह पर बिजली चोरी करने की उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत पर विजिलेंस टीम ने एकता नगर कॉलोनी में छापामारी की। इस दौरान बिजली कनेक्शन से जुड़ी तामम जानकारी जुटाई गई। हालांकि घर पर सिर्फ एक महिला के मौजूद होने पर टीम को अधिक जानकारी नहीं मिल सकी। इस दौरान खलबली मची रही।

बताते हैं कि शहर के एक व्यक्ति ने एसपी विजिलेंस लखनऊ को शिकायत की। जिसमें कहा कि एकता नगर कॉलोनी का एक व्यक्ति लंबे समय से बिजली की चोरी कर रहा है। इसमें स्थानीय पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों पर भी मिलीभगत के आरोप लगाए गए। उच्चाधिकारियों से की गई इस शिकायत पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस पर जेई के साथ दरोगा सुल्तान अहमद की अगुवाई में टीम ने गुरुवार को एकता नगर में छापामारी की। इस दौरान पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी की गई। एक मकान पर भी टीम गई लेकिन वहां पर गृहस्वामी नहीं मिले। एक महिला मौजूद थीं, उनसे टीम ने बिजली का बिल मांगा। हालांकि वह इसके बारे में कोई अधिक जानकारी नहीं दे सकी, न ही कोई अभिलेख दिखाया जा सका। इस पर टीम ने मीटर नंबर आदि व घर में इस्तेमाल होने वाले विद्युत उपकरणों को लेकर जानकारी जुटाई। टीम ने आसपास कटिया को लेकर भी काफी देर तक पड़ताल की। जिसके बाद टीम चली गई। दरोगा ने बताया कि एक शिकायत की जांच के लिए छापामारी की गई है।

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे दिन नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

**बीज मंत्र.....**

**माँ ब्रह्मचारिणी: ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।**

# बाइक चोरी हो गई तो युवक ने की आत्महत्या

## इलाबांस मेला देखने के लिए मामा की बाइक लेकर पहुंचा था पिंकू

- बरखेड़ा में दूसरे दिन मिला शव तो मचा कोहराम, पोस्टमार्टम से इन्कार

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)



घटना के बाद मौके पर लगी भीड़।



● अमृत विचार

युवक का शव मिलने के बाद विलाप करतीं महिलाएं।

**अमृत विचार:** दो दिन पहले ननिहाल आए शाहजहांपुर के युवक का शव अपने ही मामा के आम के बाग में फंदे से लटका मिला। एक दिन पूर्व मेला देखने के लिए जाने के बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। परिवार के इन्कार करने पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए पंचनामा भरकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। परिजन ने मामा की बाइक मेले से चोरी होने के बाद डर की वजह से युवक के खुदकुशी करने की बात कही। हालांकि बाइक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

बता दें कि शाहजहांपुर जिले के कांठ थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गांव के रहने वाले वीरेंद्र कुमार का 22 वर्षीय पुत्र पिंकू 17 मार्च को अपनी ननिहाल बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अरसिया बोझ आया था। इसके बाद से वह यही पर रुका हुआ था। इन दिनों बीसलपुर तहसील क्षेत्र के इलाबांस देवल स्थल पर चैती मेला आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को पिंकू अपने मामा रामनरेश वर्मा की बाइक लेकर इलाबांस देवल स्थल पर लगे मेले को देखने के लिए चला गया था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका। देर शाम तक वापस न आने पर परिवार वालों ने तलाश शुरू कर दी। दूसरे दिन गुरुवार सुबह पिंकू का शव अपने ही मामा रामनरेश के बाग में आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की नजर फंदे से लटके शव पर पड़ी तो होश उड़ गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले और रिश्तेदार जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर बरखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। इस दौरान घर से ले जाई गई बाइक नदारद थी। परिवार के सदस्यों से पुलिस ने जानकारी की।इस पर परिवार वालों ने युवक के खुदकुशी करने की बात कही और किसी तरह की कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। शव का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया। खुदकुशी करने के पीछे वजह को लेकर परिवार का कहना था कि पिंकू मामा की बाइक लेकर गया था। वह मेले में कहीं चोरी हो गई। इसी से घबराकर उसने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी है।

### बाइक को लेकर नहीं कोई जानकारी

परिवार वालों ने कार्रवाई से इनकार करते हुए युवक के बाइक चोरी होने के बाद डर में खुदकुशी करने की बात कही है। मगर बाइक चोरी होने को लेकर पुलिस अनभिज्ञता जताती रही। बरखेड़ा पुलिस का कहना था कि सूचना मिलने पर गए थे। परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। बाइक को लेकर कोई जानकारी नहीं है। अगर बाइक चोरी होने से जुड़ा प्रकरण है तो दियोरियाकलां कोतवाली पुलिस के स्तर से कार्रवाई होगी।

### देर रात सूचना मिलते ही आ गए थे परिजन

बताते हैं कि देर शाम तक जब पिंकू के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो ननिहाल वाले उसकी तलाश करने के लिए इलाबांस देवल की तरफ भी गए थे। मगर, कुछ पता नहीं चल सका। फिर मामा ने देर रात परिजन को सूचना दी। इस पर देर रात ही पिता समेत अन्य अधिकारी मौके पर आ गए थे। इसके बाद रातभर तलाश चलती रही। लेकिन पता नहीं चला। दूसरे दिन सुबह शव मिला तो परिवार में कोहराम मचा रहा।

### घर पर फंदे से लटका मिला श्रमिक का शव

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : संदिग्ध परिस्थितियों में एक श्रमिक की मौत हो गई। उसका शव घर पर ही फंदे से लटका मिला। घटना थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर की है। यहां के रहने वाले 40 वर्षीय देवेंद्र कुमार पुत्र सुरेश मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। बुधवार रात देर रात किसी वक्त उन्होंने फंदे स लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह करीब छह बजे मां रामश्री पहुंची तो बेटे देवेंद्र का शव टिनशेड में फंदे से लटका मिला। शोर पर आसपास के लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का अविवाहित था। परिजन का घटना के बाद रोकर बुरा हाल रहा।

# मातहतों की जांच पर नहीं लिया गया कोई एक्शन

- सीएमओ ने अस्पताल संचालक को डाक के माध्यम से भेजा पत्र मांगा जवाब
- सिद्धि आई हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना में गोलमाल करने का लगा है आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पूरनपुर के एक निजी हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना में कथित गड़बड़ी के मामले में न तो अभी तक तस्वीर साफ की गई, न ही कोई एक्शन लिया जा सका है। 12 जनवरी को शिकायत, 13 जनवरी को जांच कमेटी गठन और 14 जनवरी को जांच के साथ रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद भी एक्शन न होने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इधर, सीएमओ ने अब अस्पताल संचालक को पुनः अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए पत्र लिखा है।

बता दें कि शहर के चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल ने 12 जनवरी को सीएमओ से शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया था कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद अन्य गंभीर बीमारियां दर्शाकर योजना के तहत गलत भुगतान लिया जा रहा है। साथ ही फर्जी मुहर के इस्तेमाल की भी बात कही गई थी।

शिकायत के अगले ही दिन 13 जनवरी को सीएमओ ने जांच कमेटी गठित कर दी। 14 जनवरी को डिप्टी सीएमओ डॉ. ज्ञानप्रकाश, डीपीसी डॉ. अटलमणि शुक्ला और डीआईएसएम विवेक मिश्रा ने अस्पताल का निरीक्षण कर उसी दिन रिपोर्ट भी सौंप दी। जांच कमेटी ने पंजीकृत डॉक्टर मौके पर न मिलने, ओटी टेक्नीशियन अनुपस्थित मिलने और ऑप्टोमैट्रिस्ट द्वारा मरीजों की जांच करने की बात रिपोर्ट में शामिल करते सीएमओ को भेज दी थी। जांच रिपोर्ट में ये भी शामिल किया था कि संचालक फरवरी 2025 से नवंबर 2025 तक किए गए ऑपरेशनों से जुड़े ओटी नोट्स, जांच रिपोर्ट, डिस्चार्ज स्लिप और डॉक्टर के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका था। कुछ ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, जिन पर चिकित्सक के हस्ताक्षर या मरीज का पूरा विवरण दर्ज नहीं था। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उधर, अस्पताल संचालक ने खुद पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए शिकायतकर्ता पर भी सवाल उठाए थे। इधर, लंबित कार्रवाई के बीच सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने अस्पताल संचालक को डाक के माध्यम से पत्र भेजकर अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

> पूरनपुर सिद्धि हॉस्पिटल के मामले में शिकायत हुई थी। कमेटी बनाकर जांच कराई गई थी। अब मरीजों के भी बयान दर्ज होंगे। मरीज कहां के थे और उन्होंने किस बीमारी का इलाज कराया था। ऐसे में दोबारा से अस्पताल संचालक को पत्र भेजकर मरीजों का विवरण मांगा गया है।
>
> – **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली में दी गई तहरीर में मोहल्ला ग्यासपुर निवासी वाहिद ने बताया कि उसका पुत्र मोसीद 16 मार्च को घर से निकला था। सड़क किनारे शाहजहांपुर मार्ग पर जाते वक्त एक अस्पताल के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें मोसीद घायल हो गया। उसका बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सार्वजनिक स्थलों पर लगवाई बैंच

**बिलसंडा, अमृत विचार** : ब्लॉक क्षेत्र के गांव मरौरी में ग्राम निधि से 30 बैंच सार्वजनिक स्थलों पर लगवाई गई। इसकी ग्रामीणों ने सराहना की। ग्राम प्रधान जंगबहादुर का कहना है कि कई बार ग्रामीणों की मांग रहती थी कि गांव के मंदिर, गुरुद्वारा, श्मशान घाट, कब्रिस्तान में जाने वाले लोगों के लिए उचित व्यवस्था नहीं है।जिसको देखते हुए इस कार्य कराया गया। प्रधान प्रतिनिधि संजीव अवस्थी ने बताया कि इस कार्य से मंदिर गुरुद्वारा समेत सार्वजनिक स्थलों पर जाने वालों को बैठने की उचित व्यवस्था हुई है।

# भिकारीपुर गांव में बाघ की दहशत

- बुधवार शाम खेतों में वन्यजीव दिखने से हड़कंप, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

कार्यालय संवाददाता पीलीभीत

**अमृत विचार** : शहर से सटे ग्रामीण अंचलों में वन्यजीवों की दस्तक ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी है। ताजा मामला शहर से सटे गांव भिकारीपुर का है, जहां बुधवार शाम बाघ की मौजूदगी की सूचना से करीब एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि, वन विभाग की जांच में बाघ नहीं बल्कि तेंदुए के पगमार्क मिलने की पुष्टि हुई है।

बीते बुधवार शाम भिकारीपुर गांव की सीमा से लगे खेतों में कुछ ग्रामीणों ने एक वन्यजीव को देखा। देखते ही देखते गांव में बाघ होने का शोर मच गया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर इकट्ठा हो गए। शोर इतना बढ़ा कि आनन-फानन में इसकी सूचना सुनगढ़ी थाना पुलिस और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर पहुंचकर उस स्थान का मुआयना किया जहां वन्यजीव के होने का दावा किया जा रहा था। गहन छानबीन के दौरान टीम को तेंदुआ के पगमार्क मिले।

टीम ने निगरानी बढ़ाने के साथ ग्रामीणों को सतर्क रहने की बात कही है। वन एवं वन्य जीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया क्ि टीम को मौके पर तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है और जरुरत पड़ने पर पिंजरा लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# मजदूरी करने निकले श्रमिक का नदी में मिला शव

- थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव बेहरी खेड़ा का मामला, शव पोस्टमार्टम को भेजा
- जहानाबाद क्षेत्र का रहने वाला था मृतक, परिवार में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : एक दिन पूर्व मजदूरी करने के लिए निकले श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव देवहा नदी में मलिा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव बेहरीखेड़ा में हुई। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने देवहा नदी किनारे एक युवक का शव देखा। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी दी गई। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव हिमकरनपुर निवासी 40 वर्षीय जीशाचरण पुत्र रामचरण के रूप में हुई। परिवार वाले भी आ गएञ। उन्होंने बताया कि मृतक बुधवार सुबह करीब नौ बजे मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से पीलीभीत जाने को निकला था। देर शाम तक वापस न लौटने पर उसकी तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों को उम्मीद थी कि वह काम के चलते कहीं रुक गया होगा। अब शव मिलने के बाद परिवार का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक अविवाहित था। आशंका जताई जा रही है कि मृतक लकड़ी के पुल से गुजरते समय पैर फिसलने से नीचे गिर गया होगा। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### छत पर चढ़ते वक्त गिरा युवक, जान गई

**पीलीभीत, अमृत विचार** : अमरिया थाना क्षेत्र के धुंधरी गांव निवासी 36 वर्षीय महेंद्र पाल गुरुवार को घर पर ही कार्य कर रहे थे। छत पर रेत से भरा बोरा रखने के लिए सीढ़ियों पर चढ़ रहे थे। अचानक पैर फिसलने से गिरे और घायल हो गए। परिजन अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। मृतक की पत्नी कमलेश, दो पुत्र संजय, शिवा और पुत्री प्रीति है।

# हर्षित के घर पहुंचे एचपीसीएल के अधिकारी

## बदायूं गोलीकांड

- एचआर निदेशक केएस शेट्टी के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल दोषियों पर कार्रवाई की कही बात
- परिजनों ने सीबीआई जांच की उठाई मांग, उच्च अफसरों पर भी लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पूरनपुर में हर्षित मिश्रा के घर पहुंचा एचपीसीएल कंपनी का प्रतिनिधि मंडल।

**अमृत विचार** : हर्षित मिश्रा हत्याकांड में गुरुवार को एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों का दल उनके घर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। इस दौरान परिजनों ने एक अन्य कर्मचारी की संलिप्ता होने का आरोप लगाया है।

बदायूं के सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में हुई हर्षित मिश्रा की हत्या के बाद कंपनी के शीर्ष अधिकारी गुरुवार को पूरनपुर आए। एचपीसीएल के एचआर निदेशक केएस शेट्टी के नेतृत्व में बायोगैस के ईडी मोहित धवन, एचआर हेड मधुकर कैथ, स्पनिल डीजीएम नसीजेड, सीनियर रीजनल मैनेजर देवानंद, सीनियर मैनेजर एचआर हिमांशु, सीनियर मैनेजर एचआर मोहम्मद कासिम, अनूप मिश्रा सीनियर सेल्स ऑफिसर, सुदीप सीनियर ईआर अफसर हर्षित के घर पहुंचे। अधिकारियों ने परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान निदेशक केएस शेट्टी ने कहा कि कंपनी इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि मामले की विभागीय जांच भी जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुलाकात के दौरान हर्षित के पिता सुशील मिश्रा ने विभाग के एक उच्च अधिकारी की संलिप्तता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई वरिष्ठ अधिकारी दोषी पाया जाता है तो कंपनी उसका बचाव न करे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कंपनी के चेयरमैन इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री से मुलाकात कर चुके हैं। अब वह जल्द ही परिजनों से मिलने भी आएंगे। वहीं एचआर निदेशक केएस शेट्टी ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर घटना की जानकारी दी थी। इस दौरान परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग दोहराई। अधिकारियों ने इस दिशा में कार्रवाई आगे बढ़ाने का भरोसा दिया। मुलाकात के बाद एचपीसीएल का प्रतिनिधिमंडल बदायूं के लिए रवाना हो गया।

### चोरी का सामान बरामद, आरोपी पकड़ा

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली पुलिस ने बिलसंडा रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने गणपति मेगा बिल्डर्स कंपनी से बीते दिनों हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को जेल भेज दिया। उसके पास से चोरी किया सामान बरामद हुआ।

बता दें कि पूरनपुर के शिवम गुप्ता गणपति मेगा बिल्डर्स कंपनी के ब्लॉक इंचार्ज हैं। कम्पनी से सामान चोरी कर लेने के संबंध में बीसलपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुरुवार को बिलसंडा मार्ग स्थित कटना नदी के किनारे आरोपी तिलहर शाहजहांपुर के गांव बिरसिंहपुर निवासी घनश्याम पुत्र राम प्रसाद को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से चोरी किए गए सामान में सलूज बाल, एयर बाल, हैंडल आदि बरामद किया गया। चीनी मिल चौकी के प्रभारी रामकुमार ने बताया कि आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# रोशनलाल अस्पताल के संचालक को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पूरनपुर के रोशनलाल अस्पताल में आयुर्वेद पंजीकरण के बावजूद एलोपैथिक इलाज किए जाने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के बाद संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के रिटायर प्रोफेसर डॉ. केलाल ने सीएमओ को पत्र देकर शकायत की थी कि पूरनपुर के रोशनलाल हॉस्पिटल का पंजीकरण क्षेत्रीयआयुवेदिक एंव यूनानी अधिकारी कार्यालय से हुआ था। इसमें आयुवेद चिकित्सका ही मान्य थी। वहीं इसके विपरीत अस्पताल में मरीजों को भर्ती कर उपचार करने और प्रसव कराने का काम किया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद सीएमओ ने एमओआईसी पूरनपुर को आदेश जारी किए थे। गुरुवार को एमओआईसी डॉ. मनीष राज शर्मा टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और वहां निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला, लेकिन संचालक और स्टाफ से आवश्यक जानकारी ली गई। एमओआईसी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर अस्पताल संचालक डॉ. जय प्रकाश को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें दो दिन के भीतर संबंधित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। जांच पडताल की गई है। पंजीकरण के विपरीत काम करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित गन्ना लदी ट्रॉली पलटने से युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कोतवाली दियूरिया कलां क्षेत्र के गांव सिंधोरा बिंदुआ निवासी 19 वर्षीय शिवम पुत्र गोधन लाल गुरुवार को अपने फूफा सोमपाल निवासी गजरौला कलां के खेत से गन्ना लादकर ट्रैक्टर-ट्राली से पीलीभीत की फैक्ट्री जा रहा था। दोपहर करीब सवा दो बजे जब ट्रैक्टर सुनगढ़ी क्षेत्र की सड़ा चौकी के पास आरा मशीन के समीप पहुंचा, तभी अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया। ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके फूफा सोमपाल को मामूली चोट आई। घायल शिवम को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गांधी स्टेडियम की टीम ने जीता फाइनल मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

**अमृत विचार**: खेल निदेशालय के निर्देश पर गांधी स्टेडियम में दूसरे दिन गुरुवार को भी प्रतियोगिताएं हुई। कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न शिक्षण संस्थानों की सात टीमों ने भाग लिया।

गांधी स्टेडियम और ज्ञान इंटरनेशनल की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें गांधी स्टेडियम की टीम ने 15 अंक हासिल कर विजय हासिल की। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, बीएसए रोशनी सिंह ने गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिता कराई गई। बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में बीसलपुर की टीम ने 13 अंक बनाए, जबकि गांधी स्टेडियम की टीम ने 24 अंक हासिल किए। जूनियर बालक वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में लिटिल एंजिल स्कूल की टीम विजेता रही। इस मौके पर हॉकी एसोशिएशन के संरक्षक डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, संयोजक दीपक सरकार, अध्यक्ष प्रदीप खींची, रवि शर्मा, नगर पालिका के नामित सदस्य स्वतंत्र देवल, वेटरन क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव जगदीश सक्सेना, बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज गंगवार, हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी शाहिद खान, राजेश शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, विभा मिश्रा, राजीव मिश्रा, महेश कुमार, प्रगति सिंह, जयप्रकाश, सुरेश कौशल, बीनू गंगवार आदि मौजूद रहे।

### डॉ. गौरव को देहरादून में मिला आयरन मैन अवार्ड

**बिलसंडा, अमृत विचार** : हेमपुर सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैप्पी ब्लूबर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. गौरव शुक्ला को देहरादून में आयरन मैन अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। देहरादून स्थित बीएफआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में आराध्या एक एहसास फाउंडेशन के द्वारा कुछ चुनिंदा लोगों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए ये अवार्ड दिया गया। हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ गौरव शुक्ला को इस पुरस्कार के लिए पीलीभीत जिले से चुना गया। समाजसेवी एवं स्कूल के प्रबन्धक विक्रम नरेश जायसवाल ने इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।



देहरादून में सम्मानित होते डॉ. गौरव शुक्ला।

# भाजपा की जिला कार्यसमिति घोषित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी के नए जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद जिला कार्य समिति को लेकर चल रहा इंतजार समाप्त हुआ। बुधवार देर शाम इसकी घोषणा कर दी गई। इसके साथ ही महत्वपूर्ण पदों पर काबिज होने के लिए जुगत भिड़ाने में लगे कईयों को करारा झटका और मायूसी मिली। वहीं कोई इसमें जगह बचाने में भी कामयाब नहीं रह सका। फिलहाल जिन्हें जिम्मेदारी मिली, उनके खेमे में हर्ष बना रहा। भितरखाने जारी की गई सूची के बाद नाराजगी को लेकर जोड़कर भी चर्चाएं तेज हो चुकी है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के बाद जारी की गई सूची में आठ जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसमें आयुष मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, रेखा सिंह परिहार, लेखराज भारती, मान सिंह राठौर, नमन प्रताप सिंह, अतेंद्र पाल सिंह शामिल हैं। वहीं, जिला महामंत्री पर पर काबिज होने के लिए भी तमाम जद्दोजहद सर्वाधिक रही। कई तो लखनऊ दिल्ली की दौड़ लगा आए। वहीं, जिलाध्यक्ष पद पर गोकुल प्रसाद मौर्य की ताजपोशी के बाद से उनके कुछ करीबियों के नाम की चर्चाएं भी चल रही थी। मगर जारी की गई सूची उनको भी झटका दे गईर। मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गायन और अनुराग अग्निहोत्री जिला महामंत्री बनाए गए। सतपाल वर्मा, अमित कुशवाहा, विकास वाल्मीकि, नागेंद्र प्रताप सिंह, पंकज तिवाी, रेनू राज, ऋचा सिंह पटेल, श्रष्टी गुप्ता जिला मंत्री बनाए गए। विकास पाल सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए। इसके अलावा साकेत सक्सेना, सुमित गंगवार , अभिषेक सिंह गोल्डी, अनिल कुमार सक्सेना समेत 68 सदस्य बने हैं। फिलहाल जारी की गई सूची को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं है। वहीं, इसमें कई ऐसे नाम भी शामिल रहे, जोकि जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में भी शामिल रहे थे।

# आधुनिक गन्ना खेती की दी जानकारी

- जिला गन्ना अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों ने बेहतर खेती के उपाय बताए
- बेहतर रिकवरी के लिए नवीनतम विकसित गन्ना किस्मों की करें बुवाई

संवाददाता, बरखेड़ा




किसानों को बेहतर खेती की जानकारी देते जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव।

**अमृत विचार**: राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत बरखेड़ा चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम भैसहा ग्वालपुर में गुरुवार को किसान गोष्ठी हुई। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक गन्ना खेती की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जनपद में उन्नतशील गन्ना बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अब किसान घर बैठे अपने मोबाइल के माध्यम से पोर्टल पर बीज की उपलब्धता एवं नवीनतम किस्मों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अधिक उत्पादन एवं बेहतर रिकवरी के लिए केवल नवीनतम विकसित गन्ना किस्मों की ही बुवाई करें। बसंत कालीन गन्ना के साथ उर्द एवं मूंग की सहफसली खेती अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि दलहनी फसलों के साथ गन्ना उगाने से किसानों की आय में वृद्धि होती है। मिट्टी की उर्वरता एवं संरचना में वैज्ञानिक रूप से सुधार होता है। उर्द एवं मूंग का बीज कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। गन्ना प्रबंधक राहुल लोहान ने पेड़ी गन्ना प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अधिक उपज के लिए 25 प्रतिशत अतिरिक्त उर्वरक का प्रयोग, स्टबल शेविंग, तथा समय-समय पर निराई-गुड़ाई अत्यंत आवश्यक है। किसानों को गन्ना बुवाई से पूर्व मिट्टी परीक्षण कराने की सलाह दी। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू, सचिव बीसलपुर राजेश कुमार, गन्ना प्रबंधक गौरव तोमर, प्रगतिशील किसान राम बहादुर, वेद प्रकाश, सूरज पाल आदि मौजूद रहे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# शपथ ग्रहण में सम्मानित हुई प्रतिभाएं

## व्यापार मंडल ने शहर में आयोजित किया कार्यक्रम, प्रदेश अध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि मुकुंद मिश्रा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। व्यापारी वर्ग से एकजुट रहने की अपील की गई।

पिछले कई दिनों से व्यापार मंडल की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां की जाती रही। शहर के अनावा ग्रामीण अंचलों में भी पदाधिकारी पहुंचे और बैठक कर अधिकाधिक संख्या में व्यापारियों को जोड़ते गए। युवा विंग को भी जिम्मेदारियां दी गई। शहर के एक बरात घर में बुधवार रात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा रहे। कार्यकर्ताओं ने हाईवे पर पहुंचते ही उनका स्वागत किया और फिर ढोल नगाड़ों के बीच फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। जुलूस के रुप में व्यापारी मुख्य अतिथि को लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। फिर उन्होंने शपथ ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने व्यापारियों को एकजुटता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने जिले सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन किया गया और उनका समाधान कराने को लेकर आश्वस्त किया गया। जिले के अलावा नगर, गजरौला, पकड़िया नौगंवा, युवा विंग आदि इकाई भी शामिल रही। संचालन जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल और पीयूष अग्रवाल ने किया। इस मौके पर प्रदेश संयुक्त महामंत्री राजेश जसोरिया, प्रदेश मंत्री अनुज पांडेय, प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, मंडल प्रभारी समित अग्रवाल, युवा विंग नगराध्यक्ष प्रतीक सक्सेना, अंजनी गुप्ता, मंडल मंत्री रतननाथ मिश्रा, नगर अध्यक्ष रवि शर्मा, विजय गुप्ता, राहुल शर्मा, नितेंद्र नाथ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### प्रियंका को मिला पीलीभीत प्रतिभा सम्मान

शहर की बिटिया प्रियंका यादव को व्यापार मंडल की ओर से पीलीभीत प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया है। बता दें कि प्रियंका यादव ने यूपीएससी परीक्षा 2025 में पुन :सफलता हासिल कर 206वीं रैंक हासिल की। इससे पूर्व 2023 में वह यूपीएससी परीक्षा में 385 रैंक हासिल कर आईआरएस बनी थी। इसके अलावा राधा रमन अग्रवाल, अशोक शर्मा, श्याम कुमार देवल, गुरदीप सिंह, नंदलाल मेहरबानी, राजकिशोर देवव्रत शर्मा, राजकुमार गजवानी, आशु अग्रवाल को व्यापारी केसरी सम्मान दिया गया है।

# गांधी प्रेक्षागृह में सरकार की उपलब्धियां बताई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर गुरुवार को गांधी प्रेक्षागृह में कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पंचायतीराज विभाग, उद्योग विभाग और नेडा विभाग का संयुक्त आयोजन रहा। सरकार की नीतियों, उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी नुक्कड नाटक के माध्यम से दी गई।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है। बिना किसी भेदभाव के समाज के कमजोर व्यक्तियों तक संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि आर्थिक रूप से प्रबल होने के लिए अपना घर व अपना रोजगार होना आवश्यक है। सरकार इन्हीं नीतियों पर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के द्वारा आवास विहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। नेडा विभाग द्वारा कुमार इलेक्ट्रिकल एंड कंस्ट्रशन, वीके कंस्ट्रक्शन, आस्था इंटरप्राइजेज, शिव ट्रेडर्स, आर्क एनर्जी साल्यूशन, पीवीएस ट्रेडर्स, जेके इंटरप्राइजेज, रेनूका इंटरप्राइजेज को प्रशस्ति पत्र एवं उद्योग विभाग द्वारा राजमिस्त्री वीरपाल, लालता प्रसाद, सतवीर, सीमर, मोची औतार व मनोज कुमार, दर्जी नीलम कुमारी, रागुन कश्यप, अदीबा, खुशबू ज्योति आदि को प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला कलां क्षेत्र के गांव अजीतपुर पटपरा निवासी 36 वर्षीय कृष्ण चंद पुत्र गंगाराम एक निजी अस्पताल में गार्ड थे। गुरुवार सुबह वह ड्यूटी से घर लौटे और नहाने के बाद धुले कपड़े लेकर दूसरी मंजिल की छत पर चले गए। बताते हैं कि छत के पास से ही हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। कपड़े डालते समय बिजली की लाइन के संपर्क में आ गए। करंट का झटका इतना तेज था कि कृष्ण चंद गंभीर रूप से झुलस गए और छत पर ही अचेत हो गए। काफी देर तक नीचे न आने पर परिजन छत पर पहुंचे तो वह बेसुध मिले। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन, किया स्वागत


पथ संचलन का स्वागत करते हिंदू महासभा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार**: हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से गुरुवार दोपहर को शहर में पथ संचलन निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने सुनगढ़ी थाना गेट पर पथ संचलन का जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा की अगुवाई में पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की गई। कहा कि संगठन देश में राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका संघ निभा रहा है। इस दौरान राष्ट्रभक्ति गीतों और हिन्दू एकता के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, युवा विंग जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, सुनील कश्यप, हरिओम मिश्रा, चेतन श्रीवास्तव, राम प्रताप मिश्रा, आकाश कोहली, राहुल राठौर, सर्वेश कश्यप, विशाल अग्रवाल, धीरज मिश्रा, ललित भारती आदि मौजूद रहे।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

## न्यूज डायरी

### छुट्टा पशुओं से बढ़ रही परेशानी, समाधान कराने की मांग



**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं संग गुरुवार को पूरनपुर ब्लॉक पहुंचकर बीडीओ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में छुट्टा गोवंश की समस्या के समाधान की मांग की गई। उनका कहना है कि छुट्टा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आए दिन छुट्टा पशु हमलावर भी हो रहे हैं। लिंक मार्गो और हाईवे पर छुट्टा पशुओं के झुंड रहते हैं। जिससे हादसे का डर बना रहता है। समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

### रमेश राजा और गुरविंदर सिंह को मिली जिम्मेदारी



**पीलीभीत, अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी में संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में नई जिम्मेदारियों का ऐलान किया गया। बरखेड़ा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रमेश राजा को विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष का कहना है कि उनके अनुभव और जनसंपर्क का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। साथ ही गुरविंदर सिंह गिल को नगराध्यक्ष पर पर जिम्मेदारी दी गई। दोनों का नकटादाना चौराहा के पास स्थित कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, इम्तियाज़ अल्वी, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, संदीप सक्सेना, दिनेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कार्यशाला के लिए चार व्यक्तियों का चयन



**पीलीभीत, अमृत विचार** : परिवहन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में जनपद के चार व्यक्तियों का चयन हुआ है। ये कार्यशाला का 23 मार्च से 25 मार्च तक लखनऊ में आयोजित होगी। पीलीभीत से जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सचिन सक्सेना, आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति, गाइड कैप्टन गुंजन पांडे का चयन हुआ। प्रतिभागियों द्वारा जिला पैसेंजर टेक्स ऑफिसर बर्डिस चतुर्वेदी को चार्ट पेपर पर यातायात संबंधी पोस्टर बनाकर सौंप दिए गए। बताते हैं कि इसमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री आदि रहेंगे।

### नुक्कड़ नाटक कर दिया स्वच्छता का संदेश




**पीलीभीत, अमृत विचार** : उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज द्वारा आयोजित स्वच्छता आधारित नुक्कड़ नाटक उत्सव के अंतर्गत जनपद में एक प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किया गया। अम्बर कल्चरल सोसाइटी, ग्राम जटपुरा के कलाकारों ने सुन्दर धरती—सुन्दर कल नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया, जिसमें स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नाटक का लेखन आदित्य अशुईन आर्या ने किया था, और निर्देशन आकाश चन्द्र तिवारी ने किया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, संगीत, और प्रस्तुति प्रबंधन में कई लोगों का सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बकरी चराने के विवाद में किशोरी को पीटा

**खमरिया।** अमृत विचार : थाना खमरिया क्षेत्र के गांव सुल्तानापुर (दरिगापुर) निवासी उपासना ने बताया कि शाम करीब 3 बजे उनकी बेटी नंदनी बकरी चराने गई थी। इसी दौरान बकरी गांव के ही इन्द्रपाल और पंकज के खेत में चली गई। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने गालियां दीं और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट कर दी। इससे वह घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### खेत जोतने के विवाद में मां-बेटियों से मारपीट

**लखीमपुर खीरी।** अमृत विचार : थाना खमरिया के गांव अन्धपुर मजरा जेठरा निवासी मांगा देवी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे सहाबू, मुनेवर व उसका भाई निवासी चौरा मजरा समैसा उसके खेत को जबरन जोत रहे थे। विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर उसकी बेटियां लक्ष्मी देवी और मोहिनी देवी मौके पर पहुंचीं और बचाने का प्रयास किया। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

### पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** अमृत विचार : थाना ईसानगर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे बहराइच जिले के थाना रामगांव के गांव टिकुवापारा निवासी मोहम्मद खालिद को गिरफ्तार कर लिया है।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## घरों पर कलश स्थापना कर की मां शैलपुत्री की पूजा, शहर के प्रमुख संकटा देवी मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों में लगी रहीं लाइनें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



मां संकटा देवी मंदिर। ● अमृत विचार



पूजन के लिए खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही शहर के प्रमुख संकटा देवी मंदिर सहित कई देवी मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइनें लग गईं। लोगों ने अपनी बारी आने पर मां शैलपुत्री की पूज-अर्चना की। मंदिर घंटा- घड़ियालों और जयघोष से गूंज उठे। घरों में भी कलश की स्थापना कर पूजा-अर्चना कर व्रत की शुरुआत की गई।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, चैत्र नवरात्र की पूजा में सबसे पहले कलश स्थापना की जाती है और फिर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की उपासना की जाती है। गुरुवार को पहले नवरात्र पर सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ आने लगी। मंदिरों में धूमधाम से नवरात्र की पूजा शुरू हो गई। नवरात्र को लेकर मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन शहर के प्रसिद्ध संकटा देवी मंदिर में माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ने लगे। पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में बुधवार की रात शुभ लग्न में माता रानी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर समिति की ओर से शहर में प्रभात फेरी निकाली गई। बाद में मंदिर में सजे माता के दरबार पर भक्तों ने पूजा पाठ की।

**मूड़ा सवारान की मां कैला देवी मंदिर भद्रकाली का अवता**

**: मूड़ा सवारान।** मां कैला देवी मां चामुंडा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ पड़ी। कैला माता को मां दुर्गा का स्वरूप और मां भद्रकाली का अवतार माना जाता है और यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख शक्तिपीठ है। मंदिर का निर्माण 2009 में स्वर्गीय शांति देवी ने करवाया था। मंदिर में मां कैला देवी, मां चामुंडा देवी, बजरंगबली, गणेश जी आदि देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। आस्था के केंद्र इस मंदिर में दूर दराज से भक्त अपनी मनोकामना लेकर यहां आते हैं। इस मंदिर में नवरात्रों में भव्य जागरण कराया जाता है। साथ ही मंदिर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन निरंतर होते रहते हैं। भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने पर अन्नप्राशन, मुंडन, भंडारा आदि का आयोजन सदैव ही होता रहता है। मंदिर में दो पुजारी सदैव ही सेवा करते हैं, जो सुबह और शाम आरती, वंदन, प्रसाद वितरण के साथ अन्य धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार करते हैं। इस मंदिर की महिमा है कि मार्ग से गुजरने वाले पथिक माता को शीश झुकाने के बाद ही आगे बढ़ते हैं।

### मां के जयकारों संग भजन-कीर्तन से गूंज उठे देवी भवन



**गोला गोकर्णनाथ।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को घट स्थापना के साथ मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की गई। भोर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालु पूजा, अर्चना के लिए पहुंच गए। मां के जयकारों, भजन, कीर्तन से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र व्रत का अनुष्ठान भी घर घर में शुरू हो गया है। इसी के साथ हिदू नवसंवत्सर का भी शुभारंभ हो गया है। नवरात्र के पहले दिन घरों व मंदिरों में विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। मां शैलपुत्री का पूजन कर श्रद्धालुओं ने नवरात्र व्रत का संकल्प लिया। देवी मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। नगर के खुटार रोड स्थित जय मां मंगला देवी मंदिर, मुन्नूगंज मोहल्ला स्थित रक्षा देवी मंदिर, शिवम चौराहा स्थित दुर्गा माता मंदिर, अलीगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नवरात्र के शुभारंभ पर मां के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर भक्तों ने मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगा।

### पलिया में नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, शैलपुत्री स्वरूप की हुई पूजा



**पलिया कलां।** वासंतिक नवरात्रि के प्रथम दिन व्रती श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भोर होते ही नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। नगर के प्रमुख पांडे बाबा स्थल स्थित दुर्गा मंदिर, श्रीकुल सेवा संस्थान के देवी श्री मंदिर, चीनी मिल मंदिर, माता कालरात्रि मंदिर, पीपल वाली देवी मठिया, भुइयां माता मंदिर तथा मोहल्ला सिंगहिया के देवी मंदिरों में सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालु पहुंच गए। भक्तों ने धूप-दीप, फूल-फल, मेवा-मिष्ठान्न, सिंदूर-चुन्नी, लौंग-सुपाड़ी आदि पूजन सामग्री अर्पित कर मां शैलपुत्री की आराधना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार और विश्व कल्याण की कामना भी की। कई मंदिरों में विद्वान आचार्यों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ और देवी मंत्रों का जाप भी किया गया, जिससे माहौल और अधिक भक्तिमय हो गया। उधर, नगर में पूजन सामग्री की दुकानों, फल एवं प्रसाद विक्रेताओं के यहां दिनभर खरीददारों की भीड़ लगी रही।

# खरमास : 14 अप्रैल तक बंद रहेंगे मांगलिक कार्य



महंत प्रमोद दीक्षित

● **खरमास समाप्त होने के बाद फिर शुरू होंगे शुभ कार्य**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन पर्व नवरात्र का गुरुवार से शुभारंभ हो गया है। आमतौर पर लोग इन दिनों में विवाह, सगाई, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों के लिए उत्सुक रहते हैं, लेकिन इस बार नवरात्र पर खरमास का साया पड़ गया है। इसके चलते 14 अप्रैल तक सभी प्रमुख मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। इस स्थिति से उन लोगों को निराशा हाथ लगी है, जो नवरात्र में शुभ कार्यों की योजना बनाए बैठे थे। हालांकि परंपरागत और कुल-रीति के अनुसार होने वाले कुछ धार्मिक आयोजन किए जा सकते हैं।

देवकली स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम के महंत प्रमोद दीक्षित के अनुसार, सूर्य देव वर्ष भर में 12 राशियों में एक-एक माह भ्रमण करते हैं। जब सूर्य देव, देवताओं के गुरु बृहस्पति की राशियों धनु और मीन में प्रवेश करते हैं, तो उस अवधि को खरमास कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इस दौरान केवल धार्मिक अनुष्ठान करना ही शास्त्र सम्मत माना गया है, जबकि विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। धनु संक्रांति पौष माह में और मीन संक्रांति चैत्र माह में पड़ती है। इस बार मीन संक्रांति के कारण नवरात्र के दौरान ही खरमास लग गया है। सनातन धर्म में बृहस्पति को शुभ कार्यों का कारक ग्रह माना जाता है, लेकिन सूर्य के धनु और मीन राशि में रहने के दौरान गुरु का प्रभाव कमजोर हो जाता है। इसी कारण इस अवधि में मांगलिक कार्यों से परहेज करने की परंपरा है। 14 अप्रैल को खरमास समाप्त होने के बाद पुनः सभी मांगलिक कार्य शुरू होंगे।

# 16 साल की उम्र में स्कूल खोलने का रिकॉर्ड बनाया



दुबई से द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम चयनित होने पर डॉ. उमेश वर्मा को सम्मानित करते कवि श्रीकांत तिवारी, शिप्रा खरे।

● **दुबई से द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम चयनित**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** साढ़े सोलह साल की उम्र में गोविंदापुर ममरी में सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज की स्थापना का रिकॉर्ड बनाने के लिए डॉक्टर एवं प्रबंधक उमेश वर्मा का नाम दुबई से द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में चयनित किया गया है। जिसको लेकर उनके चाहने वालों, गांव एवं स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर गोला नगर की संस्था कपिलश फाउंडेशन की अध्यक्ष शिप्रा खरे एवं कवि श्रीकांत तिवारी नें डॉक्टर को सम्मानित किया है। डॉ. उमेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई करने के दौरान 41 साल पहले 15 जुलाई 1985 में स्कूल खोला था। यह स्कूल यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त होकर इंटर तक की कक्षाएं संचालित कर रहा है। विश्व में पहला स्थान बनाने के लिए वह इसका श्रेय मां, बाप, अपने गुरु, शिक्षक नानक चंद गुप्ता एवं क्षेत्र के सभ्रांत लोगों को देते हैं। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आदर्श मानते हुए कहा कि शिक्षा को व्यापार न बनाकर सेवा का माध्यम बनाना चाहिए। शिक्षा के बिना व्यक्ति अधूरा है। अशिक्षा व्यक्ति का अस्तित्व समाप्त कर देती है। उनका नाम दुबई से द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में चयनित होने पर शिप्रा खरे और श्रीकांत तिवारी ने उन्हें सम्मानित किया है।




अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★ पतले-दुबले ★ गाल पिचके ★ कमजोर स्त्री-पुरूष ★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# गौरैया प्रकृति का नन्हा दूत, कुदरती संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका

## विश्व गौरैया दिवस पर विशेषः बदलती परिस्थितियों में गायब हो रही चिड़िया

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**



गोला में मोनू राजा के आंगन में दाना चुंगती गौरैया।



आरिफ जिया उर्फ मोनू राजा।

- परिवार के लोगों के साथ घुल मिलकर रहती है गौरेया
- सुबह चिड़ियों के चहचाहट से मन प्रफुल्लित हो जाता है

**अमृत विचारः** लोगों के घरों में दिखने वाली गौरैया धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही है। इसका मुख्य कारण आधुनिकता की दौड़ में पेड़ों का अंधाधुंध कटान और मोबाइल टावरों से निकलने वाला खतरनाक विकिरण बताया जा रहा है।

नगर के राजेंद्र नगर ए ब्लॉक निवासी आरिफ जिया उर्फ मोनू राजा ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से गौरैया उनके परिवार के सदस्य की तरह रहती हैं। वर्तमान में 50 से 60 गौरैया के साथ बुलबुल पक्षी भी है। बताया कि वर्षों से गौरैया हमारे घरों के आंगन और छतों का अभिन्न हिस्सा रही है, जो परिवार के लोगों के साथ घुल मिलकर रहती है। लेकिन, अब शहरीकरण, प्रदूषण, कंक्रीट के मकानों और मोबाइल टावरों से निकलते रेडिएशन के कारण इनकी संख्या में गिरावट आई है। वह प्रतिदिन परिवार के लोगों, बच्चों के साथ सुबह, दोपहर, शाम चिड़ियों को दाना देते हैं, उनके लिए पानी रखते हैं। उनका माना है कि उनके साथ रहने से आनंद और सुकून मिलता है। सुबह चिड़ियों के चहचाहट से मन प्रफुल्लित हो जाता है।

उन्हे इस बात का दर्द है कि हर वर्ष 20 मार्च को पूरे विश्व में गौरैया दिवस मनाया जाता है। लेकिन इसके संरक्षण के लिए धरातल पर कोई काम नहीं दिख रहा है, जबकि गौरैया हमारी प्राकृतिक साथी है। कभी वह पेड़ से आंगन तो आंगन से पेड़ में कूदती रहती थी। लेकिन बदलते परिवेश में गौरैया पूरी तरह से विलुप्त होती जा रही है। इसका मुख्य कारण ग्रामीण और शहर क्षेत्र में पेड़ों का कटान है। गौरैया पेड़ पर ही अपना घोंसला बनाती है और वह भी परिवार के सदस्यों के साथ रहना चाहती है।

### गौरेया संरक्षण को घोंसले बनाएं



मोहम्मदी रोड स्थित गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया कि गौरैया का जीवन मानव जीवन को प्रेरणा देता है कि किस प्रकार से प्रसन्न भाव से परिवार, समाज व् राष्ट्र की सेवा करें। गौरैया हम सभी की तरह परिवार के बीच में ही रहना चाहती है, लेकिन आधुनिकता की दौड़ और धनलोलुपता में जंगल और पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसके चलते गौरैया भी विलुप्त होती जा रही है।

# कलेक्ट्रेट में सजी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित 9 दिवसीय मेला एवं प्रदर्शनी के दूसरे दिन एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई।

एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने कहा कि सरकार की यह पहल जिले के आर्थिक विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है। प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टालों के माध्यम से युवाओं को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया, आवेदन प्रणाली और प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी गई। उपायुक्त उद्योग रूपेश कुमार आनंद ने बताया कि सीएम युवा उद्यमी योजना, सीएम युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़ी जानकारियां साझा की गईं। उन्होंने बताया कि लगभग 200 से अधिक युवक-युवतियों ने प्रदर्शनी में भाग लेकर योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में पहुंचे युवाओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन उन्हें स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के साथ-साथ उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

# रोशननगर में कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू



रोशननगर की कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रोशननगर**

- मां दुर्गा माता मंदिर से निकली गई कलश यात्रा

**अमृत विचारः** रोशन नगर कस्बे में चैत्र नवरात्र पर कराए जा रहे नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया।

कस्बे के मां दुर्गा माता मंदिर से निकली गई कलश यात्रा में तमाम द्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा रोशननगर, अंबरपुर, भगतपुर आदि गांव में ट्रैक्टर ट्रालियों के काफिले से भ्रमण कर कठिना नदी के घमहाघाट से जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पर आकर कलश स्थापित किये। संयोजक चौधरी विजेंद्र सिंह और मंदिर के पुजारी जय जयराम कुशवाहा ने बताया की 19 मार्च को ही यज्ञ आचार्य पंडित अशोक कुमार तिवारी द्वारा अग्नि प्रवेश के साथ हवन पूजन परिक्रमा शुरू हो गई है।

वृंदावन के रासलीला कलाकारों की रासलीला दिन और रात दोनों पहर दिखाई जाएगी। कलश यात्रा में चंद्रकांत त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, उमाशंकर वर्मा, रजनीश वर्मा, अंकित वर्मा, शालिनी अग्निहोत्री, जदुवीर सिँह सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# पलिया सीएचसी में लगा मेगा स्वास्थ्य शिविर



पलिया स्वास्थ्य शिविर का फीता काट उद्घाटन करते सीएचसी अधीक्षक।

**पलिया कलां, अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को मेगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगा। उद्घाटन अधीक्षक डॉ. भरत सिंह ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों ने 208 मरीजों को परीक्षण कर दवाएं दीं।

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि रोगी का किसी काम में मन नहीं लगता है, वह काल्पनिक आवाजें सुनाई देने व काल्पनिक लोगों को देखने की बातें बताने लगता है। आत्महत्या करने की भावना भी अंदर पैदा होती है। शिविर में डॉ. अजीत सिंह, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. मोहित तिवारी, डॉ. सुभाष राणा, स्तुति कक्कड़, काउंसलर अंकित दीक्षित, सुधाकर वर्मा, अभिषेक शुक्ला, मुकेश कुमार, अतुल पांडे, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# खेत में मजदूरी कर रही महिला से छेड़छाड़, पीटा

**संवाददाता, सिंगाही, अमृत विचारः** थाना सिंगाही क्षेत्र में खेत में मजदूरी कर रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह बुद्धा जायसवाल के खेत में अन्य मजदूरों के साथ मसूर नोचने का काम कर रही थीं। उसी दौरान कस्बा सिंगाही के वार्ड नंबर 8 निवासी रहीश पुत्र सैय्यद भी अपनी मां के साथ वहां मौजूद था। आरोप है कि रहीश ने अचानक महिला का हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए शाम करीब 5 बजे लात-घूंसों और मिट्टी के ढेलों से महिला की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में महिला को चोटें आई हैं।

# स्वयंसेवकों को स्वच्छता के लिये किया जागरूक

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**





गोला में स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते प्राध्यापक। ● अमृत विचार

- ग्राम पंचायत गोला देहात में लगा है शिविर

**अमृत विचारः** केन ग्रोअर्स नेहरू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने योग क्रिया के साथ दिन की शुरुआत की। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव गोला देहात में स्वच्छता जागरूकता के लिए प्रेरित किया।

प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत गाकर प्रथम बौद्धिक सत्र में डॉ. मनोज कुमार सरोज ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यो एवं भूमिकाओं से स्वयंसेवकों को परिचित कराया। इसी सत्र में डॉ. नवनीत कुमार ने मोटीवेशनल स्पीच के द्वारा स्टीकी नोट्स और डायरी लिखने के साथ लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि ने कहानी के माध्यम से स्वयंसेवकों के बीच सृजनात्मक गतिविधियों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र रीतेश ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुभवों को साझा किया।

भोजन के उपरान्त द्वितीय सत्र में जम्मू एवं कश्मीर अध्ययन केन्द्र एवं राजनीति शास्त्र के विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार सिह ने देश दुनियां की वर्तमान चुनौतियों पर व्याख्यान देते हुए समय के साथ अनुकूलन करते हुए व्यवस्था में सहयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी सत्र में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने प्रतिभाग कर लक्ष्यगीत एवं राष्ट्रगान के साथ द्वितीय सत्र का समापन हुआ। रात्रि में निवास के लिए स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने निर्धारित स्थान पर प्रस्थान किया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आदर्श पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार यादव ने किया।

# सीसी रोड में खामियां देख भड़कीं पालिकाध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**



सीसी रोड के निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश देतीं पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।

- सड़क का दोबारा निर्माण कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद द्वारा संकटा देवी मंदिर के पीछे से बैंड मार्केट तक कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य में खामियां मिलने पर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने वार्ड सभासद कुमदेश शंकर शुक्ला के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सड़क की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

जांच में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पाए गए और निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिला। इस पर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद संबंधित जूनियर इंजीनियर (सिविल) को निर्देश दिए कि पूरी सड़क का पुनर्निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए, ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि नगर में चल रहे सभी विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर सड़क, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी सड़क निर्माण में आई खामियों की शिकायत की, जिस पर अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सड़क का कार्य मानक के अनुरूप दोबारा कराया जाएगा, ताकि आवागमन सुगम हो सके।

# नवोदय परीक्षा में आकांक्षा चौधरी का चयन



**फूलबेहड़। अमृत विचारः** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में महमाया इंटरनेशनल स्कूल सांडा की छात्रा आकांक्षा चौधरी ने सफलता हासिल की है।आकांक्षा को कुल 85 अंक प्राप्त हुए हैं और उनका चयन कक्षा 6 में प्रवेश के लिए किया गया है। आकांक्षा फूलबेहड़ क्षेत्र के सकरन गांव की निवासी श्याम सिंह की बेटी है। विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा ने छात्रा को बधाई दी है।

# पूर्ति कार्यालय में सिस्टम की सुस्ती से जनता बेहाल

**संवाददाता, झंडी**

- ऑपरेटर चला रहे दफ्तर, महीनों से भटक रहे गरीब

**अमृत विचारः** सरकार जहां एक ओर अंत्योदय और पात्र गृहस्थी योजनाओं के जरिए गरीबों तक सस्ता राशन पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं निघासन तहसील का पूर्ति कार्यालय इन दावों को धरातल पर फेल करता नजर आ रहा है। कार्यालय सिस्टम की सुस्ती से बेहाल है। पूर्ति निरीक्षक के कार्यालय में न होने पर इसका फायदा तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर उठा रहे हैं। ऑपरेटरों का आमजन के प्रति व्यवहार भी ठीक नहीं है। फरियाद लेकर आने वाले ग्रामीणों को ठीक से जवाब तक नहीं मिलता, बल्कि उन्हें फटकार कर भगा दिया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन कार्ड में नए यूनिट जुड़वाने या कटे नाम वापस चढ़वाने के लिए कई-कई महीनों से चक्कर लगाए जा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि अभी नए कार्ड नहीं बन रहे और न ही यूनिट बढ़ रहे हैं। जबकि हकीकत में पोर्टल पर प्रक्रिया जारी है और कुछ लोगों के काम अंदरखाने पूरे भी किए जा रहे हैं। इससे विभाग में गड़बड़ी और पक्षपात की आशंका और गहरी हो गई है।

# संकटा देवी-लालपुर मार्ग का शिलान्यास

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**



शिलान्यास को पूजन करते विधायक योगेश वर्मा व सीडीओ अभिषेक कुमार।

- संकटा देवी-लालपुर मार्ग होगा चौड़ीकरण के बाद फोरलेन
- जाम, दुर्घटनाओं पर लगेगी रोक विधायक-सीडीओ ने किया पूजन

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस व नव संवत्सर पर सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर शहर को विकास की बड़ी सौगात मिली। संकटा देवी से लालपुर तक मुख्य सड़क मार्ग के फोरलेन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सदर योगेश वर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जनपद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाएगी, बल्कि व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगी। बताया कि लंबे समय से जाम और संकरी सड़कों से परेशान लोग अब जल्द राहत महसूस करेंगे। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा, जिससे आमजन को जल्द बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। फोरलेन निर्माण के साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर रोड ओवर ब्रिज की स्वीकृति भी मिली है। इससे रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम होगा। जिले के लखीमपुर फीडर मार्ग का 3.65 किमी हिस्सा अब फोरलेन में चौड़ा किया जाएगा। यह मार्ग संकटा देवी चौराहा से शुरू होकर पीलीभीत-बस्ती राष्ट्रीय मार्ग तक जाता है और शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल है। चौड़ीकरण से मंदिर क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों में जाम कम होगा, वहीं सैधरी बाईपास, रोडवेज बस स्टैंड और पं. दीनदयाल इंटर कॉलेज के पास यातायात और सुरक्षित होगा। सरकार ने इसके लिए 3,161.84 लाख रुपये मंजूर किए हैं।

# हाउस-वाटर टैक्स बकाया न जमा करने वालों पर कार्रवाई तेज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद ने हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की वसूली को लेकर सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। लंबे समय से कर जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करते हुए पालिका प्रशासन ने करीब 150 उपभोक्ताओं के खिलाफ आरसी जारी कर दी है। इन बकायेदारों पर लगभग 55 लाख रुपये की धनराशि बकाया बताई जा रही है। नगर पालिका क्षेत्र के सभी 30 वार्डों में करीब 34 हजार मकान दर्ज हैं। इनमें से काफी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्होंने लंबे समय से हाउस टैक्स और पानी का कर जमा नहीं किया है। पालिका द्वारा पहले कई बार नोटिस भेजे गए और बकाया जमा करने के लिए समय भी दिया गया, लेकिन इसके बाद भी भुगतान न होने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आरसी जारी करने की कार्रवाई की। आरसी जारी होने के बाद अब बकाया की वसूली तहसील प्रशासन के माध्यम से की जाएगी।

# 138 बंदियों ने रखा व्रत, 78 ने रोजा

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**





जिला कारागार

- बंदियों के लिए मेडिकल जांच के बाद मिली व्रत रखने की अनुमति
- सहरी-इफ्तार की विशेष व्यवस्था, जेल में ही कराया जाएगा फलहार

**अमृत विचारः** जिला कारागार में इन दिनों धार्मिक आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। नवरात्र के पहले दिन से ही जहां एक ओर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना शुरू हो गई है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम बंदी रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में जुटे हैं। दोनों पर्वों के एक साथ पड़ने से जेल परिसर में आपसी सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बना हुआ है।

जेल अधीक्षक पीडी सलोनिया ने बताया कि जेल में कुल 822 बंदियों में से 12 महिला और 126 पुरुष बंदियों ने नवरात्रि व्रत रखने की इच्छा जताई थी। जेल प्रशासन ने सभी की स्वास्थ्य जांच कराई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे उपवास रखने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम हैं। जांच में स्वस्थ पाए जाने के बाद कुल 138 बंदियों को व्रत रखने की अनुमति प्रदान की गई। व्रत रखने वाले बंदियों के लिए जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत अलग से मेनू चार्ट तैयार किया गया है, जिसमें दूध, फल, आलू और अन्य फलाहार सामग्री शामिल की गई है। इन सभी को निर्धारित समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के नौ दिनों तक बंदियों के लिए पूजा-अर्चना की अलग व्यवस्था की गई है। बंदी विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं, जिससे पूरे जेल परिसर में माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

### रोजेदारों के लिए सहरी-इफ्तार की सुविधा

जेल अधीक्षक ने बताया कि 78 मुस्लिम बंदी रोजा रखकर पांच वक्त की नमाज अदा कर रहे हैं। इनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। जेल प्रशासन ने उनके लिए सहरी और इफ्तार की विशेष व्यवस्था की है, जिससे वे बिना किसी परेशानी के अपनी धार्मिक परंपराओं का पालन कर सकें। शासन के निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। नवरात्रि और रमजान के दौरान बंदियों की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया जा रहा है और सुरक्षा के साथ-साथ सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## कलश यात्रा के जयघोष से गूंजा सिंगहा खुर्द गांव

**सिंगाही, अमृत विचार:** गांव सिंगहा खुर्द में इस वर्ष भी कलश यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जयघोष से गांव गूंज उठा।

कलश यात्रा का शुभारंभ दोपहर करीब 12 बजे आचार्य प्रयागदत्त शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ कराया। इसके बाद यात्रा में शामिल महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे और जयघोष के साथ गांव के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया।रंग-बिरंगे परिधानों में सजी हजारों महिलाओं और कन्याओं की झलक ने पूरे गांव को आकर्षित कर लिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कलश यात्रा गांव से होते हुए मोतीपुर जौरहा नदी तट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर पवित्र जल भरा। इसके बाद सभी श्रद्धालु पुनः यज्ञशाला पहुंचे, जहां कलशों की स्थापना वैदिक रीति से की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित सहित गांव के लोगों को विशेष योगदान रहा। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि यज्ञ और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी, जिसमें दिन में रामलीला और रात में कृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा।

# वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में अवंतिका-वैष्णवी को विद्यालय रत्न

### सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम में मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


अतिथियों के साथ सम्मानित मेधावी छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह में छात्राओं की प्रतिभा का सम्मान किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र व विशिष्ट अतिथि प्रबंधक नीति अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ।

प्राचार्या शिप्रा वाजपेयी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की और वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया, जो 99.58 प्रतिशत रहा। जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कक्षा 6 से 8 तक प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8 क की अवन्तिका वर्मा ने जूनियर वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। सीनियर वर्ग में

कक्षा 9 में वैष्णवी सिंह प्रथम, कनक शुक्ला द्वितीय व अपेक्षा शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं। एकादश कक्षा में विज्ञान, वाणिज्य व कला वर्ग की मेधावी छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर वैष्णवी सिंह को विद्यालय रत्न से सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में अवन्तिका वर्मा व सीनियर वर्ग में वैष्णवी सिंह को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्रबंध समिति द्वारा पुरस्कार के साथ अगले सत्र का पूर्ण पाठ्यक्रम प्रदान किया गया। उनके अभिभावकों को गौरवशाली अभिभावक सम्मान से नवाजा गया।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

संपूर्ण सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाली 33 छात्राओं को विशेष पुरस्कार दिए गए। विभिन्न सांस्कृतिक, सज्जा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रश्मि वाजपेयी व प्रबंधक चन्द्र भूषण साहनी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। संचालन आचार्य विजय शुक्ल ने किया।

## अहिरान प्रथम में गंदगी-जर्जर सड़कों पर ईओ में गुस्सा

**पलिया कलां, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के मोहल्ला अहिरान प्रथम में बदहाल सफाई व्यवस्था और जर्जर सड़कों को लेकर उठ रही शिकायतों पर आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। वार्ड के सभासद एवं नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने अधिशाषी अधिकारी को मौके पर बुलाकर मोहल्ले की जमीनी हकीकत दिखाई।

अधिशाषी अधिकारी विजय बहादुर ने सभासद के साथ पूरे क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी से पटी नालियां, चोक ड्रेनेज सिस्टम और टूटी-फूटी सड़कों की स्थिति देखकर ईओ नाराज हो गए। उन्होंने मौके पर ही संबंधित सफाई कर्मचारियों और सफाई नायकों को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई। सभासद गौरव गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान एक-एक समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि मोहल्ले की अधिकांश सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को कई बार पालिका बोर्ड की बैठकों में उठाया गया, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी ईओ के सामने शिकायतों का अंबार लगा दिया। लोगों का कहना था कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते, जिससे गलियों में कूड़े के ढेर लग जाते हैं और नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं।

# नवरात्र में मीट की दुकानों को बंद कराने की मांग


एएसपी पूर्वी पवन गौतम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बजरंग दल समेत कई हिंदू संगठनों ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एएसपी पूर्वी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने 19 मार्च से 27 मार्च तक चलने वाले नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में मीट-मांस की दुकानों को पूरी तरह बंद रखने की मांग की। उनका कहना है कि इस अवधि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं और मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं, ऐसे में शहर का वातावरण पूरी तरह धार्मिक और स्वच्छ रहना चाहिए। संगठनों ने प्रशासन से यह भी मांग की कि नवरात्रि के दौरान शहर के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी देव जुनेजा ने कहा कि नवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र पर्व है। इस दौरान मीट-मांस की खुलेआम बिक्री से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो सकती हैं। इसलिए पर्व के दौरान इस पर अस्थायी रोक लगाना जरूरी है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि इस संबंध में समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से स्पष्ट आदेश जारी कर सख्ती से पालन कराने की मांग की।

एएसपी पूर्वी ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से समन्वय कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## हिंदू महासभा की कार्यकारिणी गठित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- अचल अध्यक्ष, सुधीर कोहली बने महामंत्री

**अमृत विचार:** अखिल भारत हिंदू महासभा की नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अचल श्रीवास्तव एडवोकेट को नगर अध्यक्ष और सुधीर कोहली को महामंत्री बनाया गया।

नगर के खुटार रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में बुधवार देर शाम हिंदू महासभा की नवीन कार्यकारिणी गठन, होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, महासभा के जिलाध्यक्ष विनोद गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज के मार्गदर्शन में हुआ। नगर की नई कार्यकारिणी में अचल श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष, अवधेश जायसवाल को कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, मुकेश वर्मा, अंकुर वर्मा, मनोज गुप्ता, राजेश, पंकज तिवारी, सुभाष मिश्रा, महामंत्री सुधीर कोहली, संगठन मंत्री रवि सक्सेना, कार्यालय मंत्री दीपक मिश्रा, मनोज मिश्रा, आदेश ठाकुर, अंकित मिश्रा, सनी गुप्ता, महेश वाल्मीकि, अनुज श्रीवास्तव, मनीष सूरी, प्रचार मंत्री वेदप्रकाश गौतम को बनाया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र दिए गए। संचालन रवि सक्सेना ने किया। विधायक ने नवीन पदाधिकारियो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कल मनाई जाएगी ईद, शहर की 23 मस्जिदों में नमाज का समय तय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अंजुमन इस्लामिया की अपील शांतिपूर्वक अदा करें नमाज सड़कों पर भीड़ न करें

**अमृत विचार:** अंजुमन इस्लामिया ने शहर में ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर समय निर्धारित कर दिया है। कमेटी के सचिव रिजवान रशीद ने बताया कि चांद की स्थिति के अनुसार इस बार 21 मार्च, शनिवार को ईद मनाई जाएगी। शहर की मस्जिदों और ईदगाहों में अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शहर की 23 मस्जिदों और ईदगाहों के लिए नमाज का समय तय कर सूची जारी कर दी गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। सभी नमाजियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय का पालन करें और शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करें। कमेटी ने लोगों से कहा है कि नमाज मस्जिदों और ईदगाह परिसरों में ही अदा करें तथा सड़कों पर भीड़ न लगाएं, जिससे यातायात बाधित न हो। साथ ही प्रशासन से भी सहयोग लेकर व्यवस्था बनाए रखने की बात कही गई है। लोगों से भाईचारा बनाए रखने, अमन-चैन की दुआ करने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है।


दुकानों पर खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

**ईद से पहले बाजारों में रौनक, सेवई-मेवा और पेशावरी चप्पलों की मांग बढ़ी : लखीमपुर खीरी।** ईद से एक दिन पहले शहर के बाजारों में जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह से देर रात तक खरीदारी का दौर जारी है। खासकर सेवई, मेवा, कपड़े और जूता-चप्पल की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर कुर्ता-पायजामा और पठानी सूट की खरीदारी जोरों पर है, जबकि युवाओं में पेशावरी चप्पलों का खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। दुकानदारों के अनुसार इस बार पेशावरी चप्पल, लोफर जूते और चमड़े की चप्पलों की बिक्री में तेजी आई है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए बाजार देर रात तक खुले रहे और दुकानदारों को उम्मीद है कि अगले दिन भी यही रौनक बनी रहेगी।

### नमाज का समय (लखीमपुर शहर)

- मस्जिद बिलाल, हिदायत नगर– सुबह 7 :00 बजे
- मस्जिद हाजीपुर कोठार– सुबह 8 :00 बजे
- मस्जिद महाराज नगर– सुबह 8 :00 बजे
- मस्जिद गुलजार नगर– सुबह 8 :00 बजे
- बरकाती मस्जिद, नौरंगाबाद– सुबह 8 :00 बजे
- मस्जिद शमशेर नगर– सुबह 8 :00 बजे
- मस्जिद कचहरी– सुबह 8 :15 बजे
- अजमेरी मस्जिद हाथीपुर उत्तरी– सुबह 8 :15 बजे
- मस्जिद हुदा, हिदायत नगर– सुबह 8 :30 बजे
- गौसिया मस्जिद, महाराज नगर– सुबह 8 :30 बजे
- रफ़ाकाती मस्जिद, हिदायत नगर– सुबह 8 :30 बजे
- हुसैनी मस्जिद, हिदायत नगर– सुबह 8 :30 बजे
- मदीना मस्जिद, हिदायत नगर– सुबह 8 :30 बजे
- गरीब नवाज मस्जिद, इस्लामनगर– सुबह 8 :30 बजे
- कादरी मस्जिद, गुलजार नगर– सुबह 8 :30 बजे
- हसनी मस्जिद, पिपरिया बाईपास– सुबह 8 :30 बजे
- ईदगाह मस्जिद– सुबह 8 :45 बजे
- मीनार मस्जिद– सुबह 9 :00 बजे
- मथना शरीफ मस्जिद– सुबह 9 :00 बजे
- मस्जिद गोटैयाबाग– सुबह 9 :30 बजे
- ईदगाह नौरंगाबाद – सुबह 9 :30 बजे
- ईदगाह मदना शरीफ– सुबह 9 :30 बजे
- सुनहरी मस्जिद– सुबह 10 :00 बजे

## समाजवादी सांसद धर्मेन्द्र यादव बरी

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- बदायूं कोर्ट से आजमगढ़ सांसद को मिली बड़ी राहत
- 2022 में दर्ज केस में एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के एमपी धर्मेन्द्र यादव को बदायूं न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजमगढ़ सांसद को बरी कर दिया है। 28 आरोपी पहले ही बरी हो चुके थे। 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान इन सभी के खिलाफ वोट प्रभावित करने, कोविड आपदा अधिनियम जैसी धाराओं में केस दर्ज हुआ था। गुरुवार को सुनाए गए फैसले का सांसद धर्मेन्द्र यादव ने स्वागत किया है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा के मौजूदा सांसद धर्मेंद्र यादव ने द्वारा बदायूं के एक लॉन में 2022 चुनाव के दौरान सभा की गई थी। मीटिंग में शिक्षामित्र और अनुदेशक शामिल हुए थे। आरोप लगा था कि सपा सांसद ने लालच देकर वोट खरीदने की कोशिश की गई । डीएम ने प्रकरण की जांच तत्कालीन एसडीएम रहे सुखलाल प्रसाद वर्मा को सौंपी थी। उस समय एसडीएम ने जांच के दौरान सपा सांसद सहित अन्य 28 लोगों को आरोपी मानते हुए थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज कराया था।

सपा सांसद व अन्य लोगों को कोविड और आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा में भी आरोपी बनाया गया था। मामले में 4 जनवरी को 2025 को अपील पर सुनवाई करते हुए सपा सांसद सहित अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किए गए थे। प्रकरण में सपा सांसद पहले ही बदायूं पहुंच गए थे और सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित थे। सांसद धर्मेन्द्र यादव के अधिवक्ता पूर्व एडीजीसी जगत सिंह यादव ने बताया कि प्रकरण में एक पहले दिन पहले ही कोर्ट में बहस पूरी हो चुकी थी। आज फैसला सुनाया गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव को निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया है। सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि फैसले का स्वागत है। उन्हें न्यायालय पूरा भरोसा था।

**एक साल पहले ही बरी हो चुके 28 आरोपी :** सपा सांसद के साथ पार्टी के नेता, शिक्षामित्र और अनुदेशकों सहित 29 लोगों के खिलाफ तत्कालीन एसडीएम ने आचार संहिता उल्लंघन का आरोप बनाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

# अथर्व को मिली 11वीं रैंक, खुशी 49वें स्थान पर

संवाददाता, बेहजम


नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थी।

- कन्हैया इंटर कॉलेज के छात्रों को नवोदय प्रवेश परीक्षा में मिली सफलता

**अमृत विचार:** कन्हैया इंटर कॉलेज बेहजम के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के प्राथमिक विभाग के दो मेधावी छात्रों ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में अथर्व जायसवाल ने ऑल ओवर 11वीं रैंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि खुशी ने 49वीं रैंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया। अथर्व, प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल के पुत्र हैं, जबकि खुशी लुकमान और सदर जहां की पुत्री हैं। छात्रों के चयन पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल व विद्यालय के प्राथमिक विभाग के प्रधानाचार्य श्याम किशोर शुक्ला ने इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया।

### पलक मौर्या को मिली 36 वीं रैंक



**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के घोषित परिणाम में प्राथमिक विद्यालय केवलपुरवा की छात्रा पलक मौर्य ने 36 वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका और शिक्षा मित्र सत्यवती ने बताया कि छात्र पलक मौर्या को 36 वीं रैंक मिली है। इससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। छात्रा का विद्यालय की तहरीर पर फूल चलाएं पहनाकर सम्मान किया गया और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। छात्रा के अभिभावकों को बुलाकर उनका उत्साह बढ़ाया और लड्डू का वितरण किया गया।

## कार-बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

**भानपुर, अमृत विचार:** गुरुवार को भीरा हाईवे पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बिजुआ ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। भीरा के सुंदरनगर वार्ड दो निवासी अनोध पुत्र दीपचंद्र व बलवंत कुमार नवीं के छात्र हैं। दोनों बाइक से भीरा कक्षा 9 के पेपर देने जा रहे थे। हाइवे पर चढ़े, तभी सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अनोध और बलवंत घायल हो गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

# मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने को डॉक्टरों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



प्रशिक्षण देती महिला चिकित्सक। ● अमृत विचार

- हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान व उपचार पर जोर
- प्रशिक्षण के बाद जमीनी स्तर तक पहुंचेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

**अमृत विचार:** जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सीएमओ कार्यालय सभागार में उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं के उपचार एवं प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने की।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी लक्ष्य के तहत चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय रहते पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न ब्लॉकों में तैनात चिकित्सा अधिकारियों को एचआरपी चिन्हीकरण, समय पर उपचार, समुचित प्रबंधन एवं रेफरल सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रशिक्षित अधिकारी अपने क्षेत्रों में एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे ग्रामीण स्तर पर गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल हो सकेगी। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) की पहचान एवं उपचार, संतुलित आहार, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया गया। जटिल मामलों के प्रबंधन और समय पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों को रेफर करने की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों डॉ. यामिनी बादल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना कुमारी व डॉ. प्रमोद वर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित सिंह, डीपीएम अनिल यादव, डीएमएचसी लल्ला सिंह, जिला विशेषज्ञ अंशुमान पांडे सहित कई स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। अंत में प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे प्रशिक्षण में मिली जानकारी को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि प्रत्येक गर्भवती महिला को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# नाबालिगों से मजदूरी का वीडियो वायरल

संवाददाता, खमरिया


एलकेएच प्लाईवुड पर काम करते बच्चे। ● अमृत विचार

- मौके से बच्चे फरार, ठेकेदार समेत दो हिरासत में
- बाल श्रम कानूनों के उल्लंघन पर उठे सवाल

**अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र के मूसेपुर स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराए जाने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने इस पूरे प्रकरण की पोल खोल दी, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

मूसेपुर की उक्त फैक्ट्री में लंबे समय से नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा था। वायरल वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, न कि मजदूरी के औजार। इस मामले में निहाल और महताब नाम के व्यक्तियों द्वारा नाबालिगों से काम कराए जाने की बात सामने आई है। इस घटना ने बाल श्रम अधिनियम के उल्लंघन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है कि दोषियों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाते हैं या मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन बच्चे पीछे के रास्ते से निकल गए थे। मौके से ठेकेदार मुनीफ समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है। साथ ही संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230803548 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **तौफीक रजा पुत्र ताहिर खां निवासी नैनीताल रोड जामा मस्जिद के पास ग्राम नगरिया कला थाना इज्जतनगर, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा डी. फार्म का डिप्लोमा जोकि BTE UP बार्ड द्वारा सन् 2023 में जारी किया गया था जिसका सर्टिफिकेट नं. 230021788 तथा एनरोलमेन्ट नं. E21211821400038 है वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **राज कुमार पुत्र शंकर लाल निवासी कुंवरपुर ता. आनन्दपुर भैरो कला थाना माधौटांडा, तहसील कलीनगर पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# रांची से गांव पहुंचा शव युवक के घर में कोहराम

संवाददाता, बेहजम


अंत्येष्टि स्थल पर लगी भीड़।

**अमृत विचारः** नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव बिलहरी निवासी 19 वर्षीय युवक की रांची में सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद गुरुवार को जब उसका शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव बिलहरी निवासी प्रभाचंद का 19 वर्षीय पुत्र प्रियांशु मिश्रा ट्रक पर सहायक के रूप में कार्य करता था। वह 8 मार्च को ट्रक पर मिर्च लोड कर रांची के लिए गया था। रास्ते में रांची के पास ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक का भाई सत्यम मिश्रा परिजनों के साथ रांची पहुंचा और एम्बुलेंस के जरिए शव को गांव लाया गया। युवक की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## तेंदुआ ने नौगवां में किया बकरी का शिकार

**केशवापुर, अमृत विचार :** मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के गांव नौगवां में बृहस्पतिवार शाम साढ़े 5 बजे तेंदुआ ने खेत में चर रही एक बकरी का शिकार किया है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुचीं डायल 112 और वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर बकरी का अधखाया शव बरामद किया है। मेहरून पत्नी आजाद निवासी नौगांवा दोपहर गांव से करीब 300 मीटर दूर खेतों में बकरी चराने गईं थीं। पड़ोस के गन्ने में घात लगाए बैठे तेंदुए ने एक बकरी पर हमला कर निवाला बना लिया। मेहरून व आसपास के किसानों ने शोर मचाया लेकिन तेंदुआ बकरी को गन्ने के खेत में खींच ले गया। मौके पर पहुंचे वन दरोगा विजय सिंह ने पंजो के निशान से तेंदुआ द्वारा हमला करने की पुष्टि की है। मौके पर डायल 112 से अखिलेश, सुशील कुमार व वन विभाग के अलावा दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# दुधवा में खुले जंगल में छोड़े जाएंगे गैंडे

### ऊर्जा बाड़ से बाहर आएंगे एक सींग वाले गैंडे, 21 मार्च से शुरू होगी प्रक्रिया

संवाददाता, पलिया कलां


दुधवा टाइगर रिजर्व की ऊर्जा बाड़ में विचरण करते गैंडे। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व की दक्षिण सोनारीपुर रेंज स्थित 27 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल की ऊर्जा बाड़ में रह रहे एक सींग वाले करीब छह गैंडों को 21 मार्च से खुले जंगल में छोड़े जाने की तैयारी शुरू हो गई है। अवमुक्त करने से पहले विशेषज्ञ पशु चिकित्सा टीम द्वारा गैंडों को ट्रैंक्यूलाइज कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और उनकी निगरानी के लिए रेडियो कॉलर लगाए जाएंगे।

वर्ष 1984 में असम और नेपाल से लाए गए आठ गैंडों से शुरू हुई गैंडा पुनर्वासन योजना अब सफल साबित हो रही है। वर्तमान में गैंडों की संख्या बढ़कर करीब 51 हो चुकी है। इसी क्रम में सलूकापुर क्षेत्र में फेज-1 और बेलरायां के छंगा नाला परिक्षेत्र में फेज-2 योजना संचालित की जा रही है।

वन विशेषज्ञों की सलाह पर दिसंबर 2024 में भी कुछ गैंडों को खुले जंगल में छोड़ा गया था। इनमें रेडियो कॉलर लगे चार गैंडे एक नर व तीन मादा अभी भी खुले क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं।

इनकी मौजूदगी से इस पर्यटन सत्र में दुधवा आने वाले सैलानियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे पार्क प्रशासन उत्साहित है। ये गैंडे फिलहाल ऊर्जा बाड़ के आसपास ही रहते हैं और उनकी निगरानी के लिए वनकर्मियों की टीम लगातार नजर बनाए हुए है।

योजना की सफलता को देखते हुए उच्च वनाधिकारियों की अनुमति के बाद डीटीआर के फील्ड डायरेक्टर एच. राजा मोहन ने आधा दर्जन और गैंडों को खुले जंगल में छोड़ने की रणनीति बनाई है।

इसके लिए गैंडा विशेषज्ञ एवं प्रमुख पशु चिकित्सक पद्मश्री डॉ. केके शर्मा की टीम, विश्व प्रकृति निधि और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अधिकारी दुधवा पहुंच रहे हैं।

उनकी देखरेख में 21 मार्च से गैंडों को चरणबद्ध तरीके से खुले जंगल में अवमुक्त किया जाएगा।

## गौरया के घटने के पीछे मोबाइल रेडिएशन भी वजह



प्रतियोगिता में पोस्टर दिखाती छात्रा।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गोरैया दिवस की पूर्व संध्या पर समाधान विकास समिति के तत्वाधान में कंपोजिट विद्यालय अशरफ खां में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें नैनसी और छवि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापिका यामिनी मिश्रा ने गौरैया दिवस के बारे में जानकारी दी। समिति की अध्यक्ष उर्मिला देवी ने बताया कि गौरैया की घटती संख्या के पीछे जो कारण हैं उनमें रहवास की समस्या के साथ-साथ मोबाइल रेडिएशन है। शहरों में रहवास न होने की वजह से गौरैया करंट या तीव्र ध्वनि की चपेट में आने से विलुप्त होती जा रही हैं। गौरैया को बचाने के लिए पक्षी घर बनाने, देसी पौधे लगाने, कीटनाशकों का प्रयोग कम करने, बगीचे या बालकनी में पक्षियों के लिए बीज, अनाज और पानी का बर्तन रखने का सुझाव दिया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांकरू 1315 / 142सी0 (ई0टेण्डर0–3/26 दिनांक: 13.03.2026

आन–लाइन अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आन–लाइन ई–निविदा दिनांक 21.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 की अपरान्ह 12: 00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 21.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रूप में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद शाहजहाँपुर में कंकलिया धर्मपुर सम्पर्क मार्ग पर तीन सेल 34 मीटर स्पान के बाक्स कल्वर्ट, सुरक्षात्मक कार्य एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर | 59.70 | 4.99 | 2725.00 | 6 माह | ए, बी, सी (सेतु कार्य हेतु) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 248501 दिनांक: 18/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(रथिन सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली


## भाईचारे और आपसी सौहार्द से मनाएं त्योहार

**भानपुर, अमृत विचार :** भीरा थाना परिसर में गुरुवार को नवरात्रि और ईद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसओ रोहित दुबे ने की, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों, धर्मगुरुओं व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एसओ रोहित दुबे ने कहा कि दोनों प्रमुख त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए जाएं।

# नंदलालपुर गांव में बाघ की लोकेशन के लिए टीमें डटीं

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचारः** महेशपुर रेंज की आंवला बीट के गांव नंदलालपुर में बाघ के हमले में हुई युवक की मौत से वन विभाग द्वारा लोकेशन ट्रेस करने के लिये लगाये गये आठ नाइट विजन कैमरों में वनकर्मियों को बाघ की लोकेशन नहीं मिली है। खेतों में लगे दो पिंजड़ों के भी करीब बाघ नहीं आया है।

वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा कांबिंग के लिये लगी तीनों टीमों के वनकर्मियों का मानना है कि बाघ ने अपना रास्ता बदल लिया है, जिससे कैमरों में उसकी लोकशन कैद नहीं हुई है। फिर भी तीनो टीमें पूर्ण रूप से एलर्ट मोड पर काम कर रही हैं। तीनों टीमों के प्रभारी माया प्रकाश वर्मा, विजय सिंह और रोहित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तीनो टीमें रात को भी गश्त कर रही हैं।

निरंतर कांबिंग के बाद भी बाघ का पता नहीं चल सका है। वन क्षेत्राधिकारी निर्भय प्रताप शाही ने बताया कि मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री आपदा कोष से पांच लाख रुपये के चेक दिए जाने के लिये दस्तावेज मंगाये गये है। उम्मीद है कि लगभग एक सप्ताह के अन्दर उनको पांच लाख रुपये का चेक दिया जायेगा। खेतों में लगे दो पिंजड़ों के भी करीब बाघ नहीं आया है।

# मृतकों के परिवार से मिले विधायक व पूर्व मंत्री


हादसे में मृत लोगों के घर पहुंचे पूर्व मंत्री, विधायक और एसडीएम। • अमृत विचार

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ई-रिक्शा और कार की टक्कर से बुधवार को तीन लोग गांव बबूरा के राहुल( 14 ), उसकी मां अन्नपूर्णा (40) और रामवती उर्फ जसोदा देवी की मौत हो गई थी। दूसरे दिन गुरुवार को गमगीन माहौल में तीनों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा, उनके पुत्र बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने गांव पहुंचकर परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। एसडीएम नागेंद्र पांडेय, एसओ सिद्धान्त शर्मा भी गांव में रहे। परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना सं.
**SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T31**
**Date: 18.03.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1.; कार्य का नामः** इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न खंडों में इंजीनियरिंग विभाग के टीटीआर, सीटीआर, टीआरआर कार्य हेतु विद्युत टीआरडी से संबंधित कार्य।; **टेंडर रिफरेंश नं.:** SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T31; **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में):** ₹81,29,321.72; **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी(₹ में):** ₹1,62,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹ में):** 00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 13.04.2026 को 11:00 बजे; **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 माह। • खुली ई–निविदा दिनांक 13.04.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–310 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत**

पत्रांक : 751/न.पा.परि.बी./2025–26 दिनांक : 17.5.2023

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू. मे) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद बीसलपुर में दसवां स्थल पर 08 दुकानों का निर्माण कार्य (स्टैक्चर वर्क) | 3971000.00 | 67300.00 | 4700.00 | 6 माह |
| 2. | नगर पालिका परिषद बीसलपुर में दसवां स्थल पर 08 दुकानों का निर्माण कार्य (फिनिशिंग वर्क) | 2466000.00 | 41800.00 | 2950.00 | 6 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 19.3.2026 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 13.04.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
3. ई–निविदा को माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.4.2026 को प्रात:10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत


# शिकायत पर जीएसटी टीम का छापा

• टीम ने खंगाले दस्तावेज, पता होते ही कई व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर निकल गए

**बीसलपुर, अमृत विचार :** टैक्स चोरी की शिकायत पर जीएसटी की टीम ने डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में नगर के दो सारिया सीमेंट व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान दस्तावेजों की जांच की गई। इस छापामार कार्रवाई से खलबली मची रही। कई व्यापारी दुकानें बंद कर निकल गए।

बता दें कि नगर के एक युवक द्वारा जीएसटी अधिकारियों से टैक्स चोरी के संबंध में शिकायत की गई थी। शिकायत मिलने पर गुरुवार को जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध प्रताप के नेतृत्व में टीम ने बीसलपुर पीलीभीत मार्ग स्थित पवन मार्बल प्रतिष्ठान पर छापा मारा।

सरिया सीमेंट व अन्य सामान पर जीएसटी टैक्स को जमा किए जाने के अभिलेखों की जांच की। टीम ने कुछ दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। प्रतिष्ठान के मालिक पवन अग्रवाल से जीएसटी संबंधी जानकारी ली।

टीम ने बाद में बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित अनिल अग्रवाल के सरिया सीमेंट प्रतिष्ठान पर भी पहुंच कर जीएसटी टैक्स अदा किए जाने संबंधी अभिलेख की जांच की।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जीएसटी संबंधी अभिलेखों की जांच पूर्ण होने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः– **निविदा सं. एवं कार्य का विवरणः**– EL-MWS-GKP-2025-26-28 मेंटेनेन्स, स्ट्रीपिंग एण्ड रि–फीटिंग आफ इलेक्ट्रिकल आईटम्स आफ नान–ए०सी० एल०एच०बी० कोचेज ऐट को०वा० शाप फार 02 इयर्स इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर, **अनुमानित लागतः**– Rs. 4,36,46,372.64/–, **बयाने की राशिः**– Rs. 3,68,200/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः**– शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से–24 महीना।, • आनलाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 10.04.2026 समय 11:00 बजे तक, • पूर्ण विवरण एवँ निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.),
मुजाधि/विद्युत–309 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला पीलीभीत**

पत्रांक : 193/न.पा.परि.बी./2025–26 दिनांक : 17.3.2026

**विज्ञप्ति**

समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बीसलपुर सीमान्तर्गत ऑटो/टैक्सी, बस स्टैण्ड एवं पार्किंग आदि को सुव्यवस्थित किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्देश प्राप्त हुये है जिसके क्रम में वर्ष 2026–27 हेतु निम्नलिखित स्थानों पर स्टैण्ट एवं पार्किंग संचालन हेतु आवेदन नगर पालिका परिषद कार्यालय में दि. 30.3.2026 समय 2:00 बजे तक जमा किये जायेंगे। निर्धारित समय पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति पालिका की नियम शर्तो में आधीन अपना आवेदन–प्लान सहित जिसमें स्थल का क्षेत्रफल एवं स्थल की मुख्य चौराहा (ईदगाह चौराहा) से दूरी उल्लिखित होना अनिवार्य है जमा कर सकते है।

| क्र.सं. | मार्ग का नाम | स्टैण्ड एवं पार्किंग | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | पीलीभीत रोड पर टिकरी एवं बरखेड़ा हेतु | टैम्पू/मैजिक स्टैण्ड एवं पार्किंग | 15000.00 |
| 2. | शाहजहांपुर रोड पर निगोही हेतु | टैम्पू/मैजिक स्टैण्ड एवं पार्किंग | 15000.00 |
| 3. | शाहजहांपुर रोड पर बिलसण्डा हेतु | टैम्पू/मैजिक स्टैण्ड एवं पार्किंग | 15000.00 |
| 4. | बरेली रोड पर रसायाखानपुर हेतु | टैम्पू/मैजिक स्टैण्ड एवं पार्किंग | 15000.00 |
| 5. | बरेली रोड पर बरेली हेतु | बस स्टैण्ड एवं पार्किंग | 25000.00 |

01. टैम्पू/मैजिक स्टैण्ड संचालन 50 रूपया प्रति दिन निर्धारित शुल्क ही वसूली करेगा यदि संचालक ने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग कराता है। साईकिल रू. 5.00, मोटर साईकिल रू. 10.00, चार पहिया हल्के वाहन–रू. 20.00 प्रतिदिन की वसूली करेगा।
02. आवेदक को लाईसेन्स शुल्क अंकन 10000/– रूपये जमा करना होगा लाईसेन्स की अवधि एक वर्ष की होगी जो वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2026 तक होगी वित्तीय वर्ष पूर्ण होने से पूर्व पुनः लाईसेन्स हेतु आवेदन करना होगा नियत अवधि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर अंकन 20/– रूपये प्रति दिन या लाईसेन्स शुल्क की दोगुनी धनराशि का जुर्माना जमा करना होगा।
03. आवेदक को टैम्पो/मैजिक स्टैण्ड हेतु अपनी निजी अथवा किराये की भूमि लेनी होगी जो मार्ग से 55 फुट एवं मुख्य चौराहे से 100 मीटर से अधिक दूरी पर होनी अनिवार्य है।
04. किरायेदार एवं भूस्वामी के मध्य स्वमित्व का विवाद होने पर पालिका उत्तरदाई नहीं होगी।
05. स्टैण्ड संचालक को पंजीकृत टैम्पो/मैजिक चलाने वालों की सूची प्रस्तुत करनी होगी।
06. स्टैण्ड संचालकों को सवारी बैठाने एवं उतारने की स्वयं व्यवस्था करनी होगी।
07. यात्रियों की सुविधा हेतु महिला एवं पुरूष शौचालयों की पृथक–पृथक व्यवस्था एवं पीने हेतु पानी व्यवस्था स्वयं करनी होगी तथा यात्रियों को छाया में बैठाने हेतु यात्री शेड का निर्माण स्वयं ही कराना होगा। जिसका निरीक्षण पालिका अधिकारियों द्वारा आवश्यकतानुसार किया जायेगा।
08. स्टैण्ड संचालक को स्टैण्ड मार्ग सूचक बोर्ड एवं सवारी एवं किराये का उल्लेख भी बोर्ड पर करना होगा।
09. स्टैण्ड संचालक का केवल पंजीकृत वाहनों का संचालन कराना होगा वाहन ड्राइवर का लाइसेंस बीमा/फिटनेस आदि पूर्ण होना चाहिए। अपंजीकृत वाहन किसी प्रकार नहीं चलेगा। स्वीकृत स्टैण्ड पर से ही मैजिक/टैम्पू आदि का संचालन (सवारी को उतारना व चढाना) किया जायेगा, जिससे यातायात न बाधित हो, न जाम की स्थिति उत्पन्न हो, और न ही राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर मैजिक/टैम्पू आदि को खड़ा करके सवारी को उतारेगा एवं चढ़ायेगा। उल्लंघन करने पर वाहन चालक एवं स्टैण्ड संचालक के विरूद्ध आई.पी.सी. की सुसंगत धाराओं में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जायेगी।
10. वाहन मालिक/चालक व अन्य के बीच कोई विवाद होता है तो तहसील क्षेत्र न्यायालय बीसलपुर रहेगा।
11. शर्तो का उल्लंघन करने पर लाईसेंस निरस्त का अधिकार नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी का होगा।
12. आवश्यकता पड़ने पर पालिका द्वारा शर्तो को घटाया व बढाया जा सकता है।
13. एक रूट पर एक स्टैण्ड के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित टीम के निरीक्षण उपरान्त ही उपयुक्त पाये गये आवेदन पर ही लाईसेंस जारी किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी/लाईसेंस अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत भमोरा विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भमोरा की ओर से वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतू सीलबन्द निविदाऐं 20.03.2026 से 23.03.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 2 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन 23.03.2026 को शाम 4 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष/प्रधान एवं समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | नन्द किशोर के घर से देवस्थान तक सी सी नाली निर्माण कार्य। | ईट, रोड़ा, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, रेता आदि | 393560/– |

नियम व शर्ते – 1 निविदा दाता निविदा के साथ पैन कार्ड की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगें 2. समस्त सामग्री आर.ई.डी./पी.डब्लू.डी. के अनुसार आपूर्ति की जायेगी। 3. निविदा दाताओ को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी जिसका अलग से कोई भी भाड़ा देय नही होगा। 4 . किसी भी समय निविदा ग्राम पंचायत द्वारा निरस्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान–श्रीमती रेखा शर्मा
ग्राम सचिव–श्री पीयूष कान्त गौतम


## अधिकारियों की शिकायत पर ठेकेदार को पकड़ा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बमरौली रोड पर नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाले के निर्माण के लिए लाए गए दो ट्रक सीमेंट को पुलिस ने पकड़ लिया। ठेकेदारों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई।

श्रीसीमेंट कंपनी के रामेंद्र सिंह और सेल्स प्रमोटर राकेश कुमार ने बताया कि ठेकदारों द्वारा ऐसे सीमेंट को खरीदा गया, जिसे कंपनी केवल बड़े प्रोजेक्ट के लिए एक बार ही मुहैया कराती है। इस सीमेंट की पुनः बिक्री अवैध है। पूरे मामले में जीएसटी अधिकारियों से जांच कराए जाने की बात कही गई। इधर, ठेकेदार के अनुसार उन्होंने सीमेंट नगर के एक व्यापारी के माध्यम से शाहजहांपुर से खरीदा था, जिसका बिल भी उनके पास है। कंपनी के अधिकारियों से मिली शिकायत पर पुलिस ने ठेकदार को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि जीएसटी अधिकारी को सूचना दी गई है, ट्रक कब्जे में हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बरगवां, वि.ख. फरीदपुर (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत बरगवां में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है– ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु. लागत लाख में |
|---|---|---|
| 1. | पी.डब्लू.डी. रोड से संजीव की जगह तक इं. लॉकिंग और नाली निर्माण | 3.98 |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 19.03.2026 से 22.03.2026 के दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा.वि.अ.



**कार्यालय ग्राम पंचायत डडिया सफदर अली वि.खं. भदपुरा (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 20.03.2026

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डडिया सफदर अली में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत् है – ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, रेत, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। निविदा पंचायत कार्यालय पर दिनांक 20.3.2026 से 24.03.2026 तक किसी समय खोली जा सकती है। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति की सूचना किसी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | जागन लाल के मकान से इन्द्रपाल के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | लगभग 75 मीटर | 2,49,549 रूपये |

अभिषेक सिंह
सचिव

जगदीश प्रसाद
प्रधान



**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना संख्याः
**यॉं/301/इज्जत/25-26/ओटी-43**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-1,** कार्य का संक्षिप्त विवरणः यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर के व्हील शॉप में एक्सल बॉक्स हाउसिंग, बियरिंग और इसके घटकों/सहायक उपकरणों की डिस्मेंटलिंग/डिसअसेंबलिंग और सफाई का कार्य और LHB/ICF कोच के व्हील डिस्क और एक्सल और LHB व्हील सेट के ब्रेक डिस्क की सफाई का कार्य 02 वर्ष की अवधि के लिये (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार), अनुमानित मूल्य (रू.में): ₹ 49,53,958/- (रूपये उन्चास लाख तिरेपन हजार नौ सौ अट्ठावन रूपये मात्र), जमानत राशि (रू.में): ₹ 99,100/- (निन्यानवे हजार एक सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.): शून्य, कार्य अवधिः 02 वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समयः दिनांक 08-04-2026 को 15:30 बजे।

**नोटः (1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 17-03-2026 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर टेण्डर खुलने की तिथि 08-04-2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **(4)** ई-निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उप मुयाइं/प्लान्ट, यांत्रिक कारखाना,
मुजाधि/यॉंत्रिक-160 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**कार्यालय ग्राम पंचायत सराय, वि.ख. शेरगढ़ (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 ग्राम पंचायत सराय में राजस्व ग्राम पिपरा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्न है। ईट प्रथम श्रेणी, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, सरिया, रोड़ा, महीन रेता व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लम्बाई | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | पिपरा में रविन्द्र के घर से बुद्धसेन के घर के सामने होते हुए धर्मपाल के खेत तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 120 मीटर | 400000 |

उक्त कार्यो हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 19.3.2026 से दिनांक 21.3.2026 तक दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 21.3.2026 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

सन्तोष कुमारी–ग्राम प्रधान
श्रीकृष्ण–ग्राम विकास अधिकारी


## बैठक में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील

**कुकरा, अमृत विचार :** कुकरा पुलिस चौकी के प्रांगण में ईद एवं नवरात्रि के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्या ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं साझा न करें।

## न्यूज ब्रीफ

### अब तीन सदस्यीय समिति करेगी विवादों का निस्तारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. परिवहन निगम ने संविदा चालकों और परिचालकों से जुड़े विवादों के निस्तारण को तेज करने के लिए आर्बिट्रेशन व्यवस्था में बदलाव किया है। अब तक 5 सदस्यीय आर्बिट्रेशन समिति के स्थान पर 3 सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि संविदा कर्मियों से जुड़े मामलों की संख्या बढ़ने और उनके निस्तारण में देरी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था से मामलों का जल्द निपटारा संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि पहले नियमानुसार पांच सदस्यीय समिति बनाई जाती थी, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त), वरिष्ठतम सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक विधि अधिकारी शामिल होते थे। नई व्यवस्था के तहत अब क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ उपरोक्त अधिकारियों में से किसी दो को शामिल कर तीन सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। इससे प्रक्रिया सरल होगी और निर्णय लेने में कम समय लगेगा।

### डॉ.हेडगेवार की जयंती पर केशव प्रसाद मौर्य ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर डॉ. हेडगेवार के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. हेडगेवार का पूरा जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक जागरण को समर्पित रहा। उनके विचार आज भी देश को एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। केशव प्रसाद मौर्या ने लोगों से आह्वान किया कि डॉ. हेडगेवार के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

### सुधरी बच्चों की पोषण स्थिति, 1.43 करोड़ का परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के सकारात्मक संकेत मिले हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषण ट्रैकर आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 के मुकाबले फरवरी 2026 में स्टंटिंग में 1.21 प्रतिशत, अति कुपोषित बच्चों में 0.12 प्रतिशत और अंडरवेट श्रेणी में 0.61 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। फरवरी में प्रदेशभर में बड़े स्तर पर चलाए गए अभियान के तहत 1.43 करोड़ से अधिक बच्चों का परीक्षण किया गया। छह वर्ष तक के बच्चों की लंबाई, वजन और आयु के आधार पर उनकी पोषण स्थिति का आकलन किया गया, जिससे कुपोषण की सटीक पहचान संभव हो सकी।

### होम-स्टे संचालकों को मिला प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देने के प्रयासों के तहत मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) में होम-स्टे संचालकों के लिए पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 16 से 20 मार्च तक चल रहे इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 31 प्रतिभागियों को आधुनिक आतिथ्य सेवाओं और प्रबंधन की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।

# हज यात्राः पासपोर्ट जमा करने की बाध्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नई गाइडलाइन जारी, फ्लाइट बुकिंग के लिए पोर्टल सुविधा

**अमृत विचारः** हज-2026 पर जाने वाले यात्रियों की यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सर्कुलर-34 जारी कर नई गाइडलाइन लागू की है। उप्र. राज्य हज समिति के सचिव/कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि इस बार पासपोर्ट पहले से जमा करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। यात्री अपने मूल अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट को सुरक्षित रखें और फ्लाइट बुकिंग के समय अपने साथ लेकर जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2026 तक होना अनिवार्य है। पासपोर्ट क्षतिग्रस्त, कटा-फटा या दागयुक्त नहीं होना चाहिए और वीजा स्टैंपिंग के लिए कम-से-कम दो खाली पन्ने होना जरूरी है। पासपोर्ट का विवरण हज आवेदन से मेल खाना चाहिए, अन्यथा यात्रा बाधित हो सकती है। फ्लाइट बुकिंग अब हज कमेटी ऑफ इंडिया के पोर्टल के माध्यम से होगी। यात्रियों को यात्रा से पहले पासपोर्ट, हेल्थ कार्ड, टीकाकरण प्रमाणपत्र, बैंक रसीद और बुकिंग कन्फर्मेशन की जांच करने की सलाह दी गई है।

# अपराध पर ब्रेक लगाएंगी पांच नई प्रयोगशालाएं


## यूपीएसआईएफएस में स्थापित होगी प्रयोगशाला, क्वांटम व डिजिटल फॉरेंसिक के जरिए होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केस निस्तारण तेज, दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मिलेगी मदद

**अमृत विचारः** योगी सरकार अपराध के बदलते तौर-तरीकों पर लगाम लगाने के लिए फॉरेंसिक सिस्टम को हाईटेक बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) में पांच नई अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थापित की जाएंगी।

इनमें क्वांटम कंप्यूटिंग लैब, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब, थ्री-डी प्रिंटिंग लैब, एससीएडीए लैब और डिजिटल फॉरेंसिक लैब शामिल हैं। इन लैब्स के जरिए



जटिल साइबर अपराध, एन्क्रिप्टेड डाटा, खराब ऑडियो-वीडियो साक्ष्य और डिजिटल उपकरणों से जुड़े मामलों की जांच अधिक सटीक और तेज होगी। यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी के अनुसार, क्वांटम लैब जटिल डाटा एनालिसिस और साइबर अपराध जांच में मदद करेगी, जबकि ऑडियो-वीडियो लैब कमजोर साक्ष्यों को स्पष्ट कर सकेगी। थ्री-डी प्रिंटिंग लैब अपराध स्थल के मॉडल तैयार करने में सहायक होगी और एससीएडीए लैब औद्योगिक व महत्वपूर्ण ढांचे पर साइबर हमलों की जांच में उपयोगी साबित होगी। डिजिटल फॉरेंसिक लैब से मोबाइल और कंप्यूटर डाटा रिकवरी की क्षमता भी बढ़ेगी।

पहले से संचालित पांच एडवांस्ड लैब्स के साथ ये नई सुविधाएं प्रदेश की जांच प्रणाली को और मजबूत करेंगी। इससे केसों के निस्तारण में तेजी आएगी, साक्ष्य मजबूत होंगे और दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मदद मिलेगी।

### क्या बदलेगा

- साइबर अपराध और एन्क्रिप्टेड डाटा की तेज व सटीक जांच
- खराब ऑडियो-वीडियो साक्ष्यों को स्पष्ट करने की सुविधा
- थ्री-डी मॉडल से क्राइम सीन का बेहतर पुनर्निर्माण
- औद्योगिक व महत्वपूर्ण ढांचे पर साइबर हमलों की पड़ताल
- मोबाइल, कंप्यूटर से डाटा रिकवरी और डिजिटल जांच मजबूत
- वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच से केस मजबूत, सजा की दर बढ़ेगी

### जांच के लिए प्रशिक्षित हो रही एजेंसियां

पुलिस और जांच एजेंसियों को वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे अपराधियों के खिलाफ मजबूत केस तैयार किए जा सकें। योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश में न्याय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जाए। नई लैब्स के शुरू होने से केसों के निस्तारण में तेजी आएगी और दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मदद मिलेगी। साथ ही, इससे प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में भी योगदान मिलेगा।

# बैंक अफसरों के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

## प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर 2.77 करोड़ का घोटाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर व फील्ड अफसर समेत 44 पर कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचारः** सीबीआई ने बाराबंकी स्थित बैंक ऑफ इंडिया में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर 2.77 करोड़ के घोटाले में सीबीआई सक्रिय हो गई। सीबीआई की टीमों ने तत्कालीन बैंक मैनेजर अमन वर्मा और फील्ड अफसर शैलेंद्र प्रताप के लखनऊ और मैनपुरी के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। वहां पर टीम ने आवश्यक दस्तावेज बरामद किए हैं।

मामला तीन वर्ष पुराना है। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना में दस लाख तक बेरोजगारों को कारोबार शुरू करने के लिए ऋण देने की सुविधा है। इस मामले में बाराबंकी की बैंक ऑफ इंडिया की बरौली




मलिक शाखा में मुद्रा लोन देने के नाम पर 2.77 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। आरोप है कि 41 लोगों के नाम से खाते खोले गए। उसके बाद दलाल सुरेश रावत के जरिए फर्जी तौर पर खाते खोलकर उनके खातों में घोटाले की रकम को ट्रांसफर कर दिया गया। एक युवक सलमान के नाम से भी फर्जी तौर पर 9.10 लाख रुपये का मुद्रा लोन स्वीकृत किया गया।

इस मामले में बैंक मैनेजर राजीव बच्चन ने पहले पुलिस में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद बैंक की ओर से मामला हाईकोर्ट जा पहुंचा। अदालत में सलमान ने भी अपने बयान दर्ज कराए गए। अदालत के आदेश पर बैंक मैनेजर, फील्ड अधिकारी व दलाल समेत 44 लोगों पर मुकदमा कायम करा दिया गया। उसके बाद सीबीआई सक्रिय हुई और छापेमारी शुरू कर दी। सूत्रों का दावा है कि छापे में सीबीआई को घोटाले के अहम साक्ष्य मिले हैं।

# ट्रांफार्मर फुंकने पर होगी कार्रवाई और वेतन से रिकवरी

## अधिशासी अभियंता से 20, एसडीओ से 30 और जेई से वसूले जाएंगे 50 फीसदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल के आदेश से मची विभाग में खलबली

**अमृत विचारः** पावर कारपोरेशन ने बिजली ट्रांसफार्मर फुंक जाने पर उनकी मरम्मत का खर्च क्षेत्र के एसडीओ और जूनियर इंजीनियर से वसूला जाएगा। जूनियर इंजीनियर को मरम्मत का 50, एसडीओ को 30 और अधिशासी अभियंता को भी 10 फीसदी धन देना होगा। साथ ही विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। इस आदेश के बाद विभाग में खलबली का माहौल है, वहीं इंजीनियरों में भी खासा रोष व्याप्त है।

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है तो ट्रांसफार्मरों पर बिजली का लोड बढ़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि प्रदेश भर में आए दिन हजारों ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। जिसके चलते मरम्मत पर पावर कारपोरेशन का काफी धन खर्च हो रहा है। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल ने फुंकने वाले ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर होने वाले खर्च को क्षेत्र के अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जूनियर इंजीनियरों से रिकवरी करने के आदेश जारी किया है।

**इस तरह होगी वसूली**

आदेश में कहा गया है कि यदि 10 से 63 केवीए तक के ट्रांसफार्मर यदि फुंकते हैं तो उसकी मरम्मत पर होने वाला 50 फीसदी खर्चा क्षेत्र का जूनियर इंजीनियर, 30 फीसदी एसडीओ और 20 फीसदी अधिशासी अभियंता देंगे। इसी तरह 100 से लेकर 250 केवीए के ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर जूनियर इंजीनियर और एसडीओ से 40-40 और अधिशासी अभियंता से 20 फीसदी धन वसूला जाएगा। 400 से 1000 केवीए के ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर जूनियर इंजीनियर, एसडीओ और अधिशाषी अभियंता को 30-30 और अधीक्षण अभियंता से दस फीसदी रकम वसूल की जाएगी।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने जताया रोष

इंजीनियरों से मरम्मत की वसूली के आदेश पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति कड़ा रोष व्यक्त किया है। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि यह दमनकारी कार्रवाई है, जिसके वह नहीं झुकेंगे। ट्रांसफार्मरों के फुंकने के अनेक तकनीकी कारण होते हैं, जिनमें ओवरलोडिंग प्रमुख है। ओवरलोडिंग की जिम्मेदारी शीर्ष प्रबंधन की होती है, क्योंकि पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना और लोड प्रबंधन करना उसी के दायरे में आता है। बिना किसी तकनीकी जांच के सामान्य आदेश के माध्यम से अभियंताओं पर आर्थिक दंड थोपना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने इस तरह के इंजीनियरों को प्रताड़ित करके प्रबंधन निजीकरण का रास्ता आसान करना चाह रहा। तुरंत ही इस आदेश को वापस लेना चाहिए।

# भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य से कर रही खिलवाड़ : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं और उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। सपा प्रमुख गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित कर रहे थे। सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को संभालने में विफल रही है।

# एलपीजी की कमी नहीं : सतीश चंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** खाद्य तथा रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश में एलपीजी, डीजल और पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। राज्य मंत्री, गुरुवार को सरकारी कार्यालय में खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक में आपूर्ति व्यवस्था, राशन वितरण और गेहूं खरीद तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे।

# बदलाव : एसएनए प्रणाली से ही होगा धनावंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी भुगतान में अब साइबर ट्रेजरी से आरबीआई तक डिजिटल ट्रैकिंग
- पारदर्शिता बढ़ेगी, देरी और गड़बड़ी पर लगेगा अंकुश

**अमृत विचारः** प्रदेश में विकास योजनाओं के भुगतान को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए शासन ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। वित्त विभाग की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि अब केंद्र प्रायोजित योजनाओं से जुड़े सभी भुगतान साइबर ट्रेजरी, पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के जरिए चरणबद्ध तरीके से होंगे।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) दीपक कुमार के अनुसार, नई व्यवस्था के तहत विभागों के बिल पहले साइबर ट्रेजरी में प्रस्तुत कर पास किए जाएंगे। इसके बाद ई-क्लेम फाइल बनाकर पीएफएमएस को भेजा जाएगा। वहां से फाइल संबंधित मंत्रालय के प्रोग्राम डिवीजन को जाएंगी, जहां दैनिक स्वीकृति जारी होगी। स्वीकृति के बाद भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली के माध्यम से धनराशि संबंधित योजना खाते में ट्रांसफर की जाएगी और खाते में धन आने के बाद ही अंतिम भुगतान संभव होगा। एसीएस (वित्त) ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि इस प्रक्रिया का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। शासन का मानना है कि इससे भुगतान प्रणाली पूरी तरह डिजिटल, सुरक्षित और ट्रैकिंग योग्य बनेगी, जिससे अनियमितताओं और देरी पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। साथ ही, यह व्यवस्था योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और जवाबदेही तय करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

# मत्स्य पालन से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने को बदले गए नियम

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'माता सुकन्या महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना' के तहत संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश में योजना को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने के लिए कई अहम बदलाव किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत परियोजना में चयन प्रक्रिया, पात्रता मानकों और कार्यान्वयन की प्रक्रिया को सरल किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी जुड़ सकें। शासनादेश के अनुसार, योजना के तहत इकाई लागत करीब 3 लाख रुपये तय की गई है, जिसमें 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा।

# गोवंश के छुट्टा घूमने पर लगेगी रोक

## प्रदेशभर में 469 गाय संरक्षण केंद्रों का निर्माण पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चारे की व्यवस्था के लिए 25 मार्च तक निकाले जाएंगे टेंडर

**अमृत विचारः** प्रदेश भर में छुट्टा घूमने वाले गोवंश पर काफी हद तक आने वाले दिनों में लगाम लग सकेगी। सरकार ने 469 बड़े गो-संरक्षण केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो गया है, जबकि 30 केंद्रों का लोकार्पण होना प्रस्तावित है। इसके अलावा 130 केंद्रों का 15 मई तक निर्माण पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिए कि रबी फसल की कटाई शुरू हो गई है। इसलिए पशुओं को खिलाने को पूरे वर्ष के लिए भूसा



खरीद के लिए 25 मार्च टेंडर की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही गर्मी और लू से बचाव के लिए गो आश्रय स्थलों में स्वच्छ पेयजल, चारा तथा त्रिपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं भी कर ली जाएं।

प्रदेश में पशुओं की नस्ल सुधारने के लिए कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में तेजी लाएं, वहीं बकरी पालने वाली जैसी लाभार्थी योजनाओं को तेजी से लागू किया जाए। पशु डाक्टर गो आश्रय स्थलों पर जाएं और गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिन गौ आश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गोवंश की देखभाल संबंधी कोई भी शिकायत मिले तो उसमें तत्काल सुधार किया जाए। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम और पीसीडीएफ के एमडी वैभव श्रीवास्तव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# विध्वंस के रहे सरकार के नौ वर्षः अजय राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकार्पण के बाद ग्रीन कॉरीडोर की सड़क अगले दिन ही धंस गई
- भूमि विकास बैंक कर रहीं किसानों से सूदखोर जैसा व्यवहार

**अमृत विचारः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार के नौ साल नव निमार्ण के नहीं, बल्कि विध्वंस के हैं। 15 मार्च को 1519 करोड़ की लागत से बने लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण होता है। लेकिन अगले ही दिन वह सड़क धंस जाती है। आगरा समेत प्रदेश भर की भूमि विकास बैंक किसानों से सूदखोर जैसे व्यवहार कर रही हैं। आलू किसान आत्महत्या करने की मजबूर हो रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल



पत्रकारों से संवाद करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

सरकार के मुखिया बीते नौ वर्ष की उपलब्धियों का ढिंढोरा पीट रहे थे। यह बातें पूरी तरह से झूठी हैं। सूदखोरों का एक ऐसा मकड़जाल इस प्रदेश में फैला है। फतेहपुर के एक परिवार ने 5 लाख रुपये सूद पर लिए थे। बदले में 27 लाख 50 हजार देने के बाद भी तकादा जारी था। उत्पीड़न से परेशान परिवार ने आत्महत्या कर ली।

उन्होंने कहा कि रोजगार सेवक जिसने एसआईआर में दिन रात काम किया। लेकिन उसे मानदेय नहीं मिला। इसके कारण आत्महत्या कर ली। आरोप लगाया कि बदायूं के एचपीसीएल प्लांट में भाजपा के एक विधायक के गुर्गे द्वारा दो अधिकारियों की हत्या कर दी गई। काशी मणिकर्णिका घाट पर लगी महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर विरासत की हत्या कर दी गई। आगरा समेत प्रदेश भर के सभी आलू किसान परेशान हैं। एक क्विंटल बुवाई की लागत 1200-1500 है,लेकिन दाम 200-300 रुपये प्रति क्विंटल ही मिल रहा है। इस दौरान आगरा के किसानों ने भूमि विकास बैंक द्वारा किए जा रहे अपने उत्पीड़न की कहानी बताई।

निरीक्षण | केंद्रीय सचिव ने लखनऊ में की स्किल इको-सिस्टम की समीक्षा

# उद्योग आधारित प्रशिक्षण को और मजबूत करने पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईटीआई अलीगंज में आधुनिक प्रशिक्षण मॉडल की सराहना

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की सचिव (व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता) देबाश्री मुखर्जी ने गुरुवार को लखनऊ दौरे के दौरान उप्र. के स्किल इको-सिस्टम की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज का निरीक्षण कर वहां संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में चल रहे विभिन्न ट्रेड्स और प्रशिक्षण मॉड्यूल की जानकारी ली और प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर फीडबैक भी प्राप्त किया। रेमंड टेलरिंग सेंटर सहित कई इकाइयों का अवलोकन करते हुए उन्होंने कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की सराहना की।

सचिव मुखर्जी ने टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से स्थापित अत्याधुनिक लैब्स और कार्यशालाओं का निरीक्षण किया। साथ ही रॉयल एनफील्ड और मारुति सुजुकी के वर्कशॉप का दौरा कर उद्योगों की जरूरतों के



लखनऊ स्थित आईटीआई अलीगंज का निरीक्षण करतीं केंद्रीय सचिव देबाश्री मुखर्जी।

अनुरूप तैयार किए जा रहे युवाओं की सराहना की। ऑटोकैड लैब में प्रशिक्षार्थियों द्वारा तैयार की जा रही तकनीकी ड्रॉइंग को उन्होंने सराहा, वहीं टर्नर वर्कशॉप में भी विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके अनुभव जाने। इस दौरान एचसीएल फाउंडेशन समर्थित 'स्किल रथ' पहल का भी अवलोकन किया गया, जिसे उन्होंने कौशल विकास से युवाओं को जोड़ने की प्रभावी पहल बताया।

समीक्षा बैठक में प्रदेश में चल रहे नवाचारों, अप्रेंटिसशिप योजनाओं और निजी क्षेत्र की भागीदारी पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। देबाश्री मुखर्जी ने उत्तर प्रदेश के स्किल मॉडल को देश के लिए मिसाल बताते हुए कहा कि राज्य रोजगारपरक प्रशिक्षण की दिशा में प्रभावी कार्य कर रहा है।

# बागपत के खान अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि

**अमृत विचार, लखनऊ :** बागपत में खनन कार्यों और राजस्व प्राप्ति में खराब प्रदर्शन और लापरवाही के चलते खान अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह को वित्तीय वर्ष 2025-26 की मध्यावधि के लिए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। यह कार्रवाई गुरुवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बागपत में खनन कार्यों और राजस्व प्रगति की समीक्षा के बाद की है। समीक्षा में पाया गया कि 42 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 22.85 करोड़ रुपये की ही राजस्व प्राप्ति हुई। खनन पट्टों के निष्पादन में देरी, जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) के अद्यतन में लापरवाही और संभावित खनन क्षेत्रों को शामिल न करने जैसी कमियां सामने आईं।

# ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खोलने को मांगे आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में योग्य चालकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के 20 जिलों में 32 प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र (ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर) स्थापित करने के लिए पहली अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

राज्य परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने गुरुवार को बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। इसके लिए विभाग ने एक विशेष पोर्टल विकसित किया है, जहां इच्छुक और पात्र आवेदक अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन 1 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे से स्वीकार किए जाएंगे।

### बलिया में सबसे ज्यादा खुलेंगे चार केंद्र

रिक्तियों की बात करें तो बलिया में सबसे अधिक 4 केंद्र खोले जाएंगे। कानपुर नगर और बदायूं में 3-3, जबकि महराजगंज, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर और बलरामपुर में 2-2 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा रामपुर, हरदोई, फिरोजाबाद, अंबेडकरनगर, कुशीनगर, बहराइच, फर्रुखाबाद, चंदौली, फतेहपुर, महोबा, चित्रकूट और श्रावस्ती में 1-1 केंद्र खोले जाएंगे।



प्रेम का मार्ग कोई उम्मीद न रखने का मार्ग है। प्यार तभी मौजूद होता है, जब पूर्ण स्वीकृति हो और कुछ भी बदलने की कोई इच्छा न हो। -ओशो, दार्शनिक

# आग के सबक

पालम और इंदौर में हुई अग्नि त्रासदियां हमारे शहरी जीवन की असुरक्षित सच्चाइयों का आईना हैं। पालम में नौ और इंदौर में सात लोगों की मौत के यह आंकड़े नहीं, बुझती हुई जिंदगियों की दर्दनाक कहानियां हैं। हर ऐसी घटना के बाद शोक, मुआवजा और आश्वासन का क्रम चलता है, लेकिन इनसे हम कोई सबक नहीं लेते। चिंताजनक यह है कि इस बार आग की ये घटनाएं भीषण गर्मी के चरम से पहले ही सामने आ गईं। यह संकेत है कि समस्या केवल मौसम नहीं, बल्कि हमारी तैयारियों और व्यवस्था की कमी है। शहरी इलाकों में ज्वलनशील सामग्री का अनियंत्रित भंडारण, बिजली के असुरक्षित कनेक्शन, संकरी गलियां और अग्नि सुरक्षा के प्रति उदासीनता-ये सभी मिलकर ऐसी त्रासदियों को जन्म देते हैं। पालम की घटना में रिहायशी इलाके में ही ज्वलनशील पदार्थों का संग्रह होना गंभीर प्रशासनिक चूक है। आखिर ऐसी गतिविधियों की अनुमति कैसे दी गई? स्थानीय निकायों की नियमित निगरानी का क्या हुआ? इंदौर की घटना में आधुनिक तकनीक जैसे ऑटोमैटिक लॉकिंग दरवाजे भी मौत का कारण बने। विडंबना है कि सुविधा के लिए अपनाई गई तकनीक, संकट के समय जाल बन जाती है। हम तकनीक तो अपना लेते हैं, लेकिन उसके जोखिमों के प्रति जागरूक नहीं होते। इन दोनों घटनाओं में निवासियों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। घरों में ज्वलनशील सामग्री जमा करना, अग्निशमन के प्राथमिक उपायों की अनदेखी करना और आपातकालीन निकास की व्यवस्था न होना। ये सब लापरवाही के उदाहरण हैं, लेकिन नागरिकों की यह लापरवाही भी व्यवस्था की ढिलाई से ही जन्म लेती है, जहां नियमों का पालन न तो सख्ती से होता है और न ही जागरूकता का पर्याप्त प्रसार होता है। सबसे दुखद है आपदा के समय हमारी तैयारी की पोल खुलना। फायर ब्रिगेड का देर से पहुंचना, उपकरणों का खराब होना और आवश्यक संसाधनों की कमी, ऐसी तकनीकी खामियां जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर हैं। यदि संकरी गलियों में पहुंचने के लिए छोटे फायर टेंडर या वैकल्पिक व्यवस्था होती, यदि हाइड्रोलिक सिस्टम दुरुस्त होता, बचाव के साधन उपलब्ध होते, तो शायद कुछ जानें बचाई जा सकती थीं।

बेशक कुछ लाख रुपये किसी परिवार के खोए हुए सदस्य की भरपाई कर सकते हैं? यह केवल प्रतीकात्मक राहत है, असली आवश्यकता है ऐसी घटनाओं को रोकने की। इन त्रासदियों से स्पष्ट है कि हमें सुधार की त्रिस्तरीय व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता है। पहला-प्रशासनिक स्तर पर, सख्त नियम, नियमित निरीक्षण और अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई। दूसरा-तकनीकी स्तर पर, भवन निर्माण और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करवना, अग्निशमन व्यवस्था का आधुनिकीकरण करना, जबकि तीसरा सुधार सामाजिक स्तर पर, नागरिकों में जागरूकता, जिम्मेदारी और आपातकालीन तैयारी की संस्कृति विकसित करना। ऐसे अग्निकांड प्राकृतिक नहीं मानवजनित आपदाएं हैं। इसलिए यदि इच्छा और व्यवस्था दोनों मजबूत हों, तो इन्हें रोका जा सकता है। पालम और इंदौर की आग हमें यही याद दिलाती है कि लापरवाही की कीमत हमेशा जान से चुकानी पड़ती है। अब भी समय है कि हम चेतें, वरना अगली खबर फिर किसी और शहर से आएगी और हम सिर्फ शोक और मुआवजे तक सीमित रह जाएंगे।

# मार्च में दिसंबर की दस्तक बिखरता ऋतुचक्र





पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

भारतीय कैलेंडर में मार्च का महीना उस संधि काल का प्रतीक है, जहां शिशिर की विदाई होती है और ग्रीष्म अपनी दस्तक देने लगता है। यह वह समय है जब पलाश के फूल दहकते हैं और गेहूं की बालियां सूरज की सुनहरी किरणों को सोखकर पकने की ओर बढ़ती हैं। किंतु इस वर्ष उत्तर भारत के आसमान ने जो रंग दिखाया है, वह न केवल अस्वाभाविक है, बल्कि डराने वाला भी है। दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर और लखनऊ जैसे शहरों में मार्च के पहले हफ्ते में अचानक छा जाने वाला घना कोहरा कोई साधारण मौसमी फेरबदल नहीं है। जब हवाई जहाजों को रास्ता बदलकर दूसरे राज्यों में उतरना पड़े और सड़कों पर दृश्यता शून्य हो जाए, तो समझ लेना चाहिए कि प्रकृति का संतुलन बुरी तरह डगमगा चुका है। इसे मौसम वैज्ञानिकों ने जलवायु आपातकाल की संज्ञा दी है, जो इस बात का प्रमाण है कि वायुमंडल अब अपनी मर्यादाएं भूलने लगा है। रही बची कसर पूरी हो गई अचानक हुई बरसात और ओला वृष्टि से इससे फसलें तक चौपट हो गई।

इस विचित्र कोहरे के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझना अनिवार्य है। सामान्यतः कोहरा सर्दियों की रात में तब बनता है, जब धरती तेजी से अपनी गर्मी छोड़ती है और नमी का स्तर अधिक होता है। इस वर्ष फरवरी के अंतिम सप्ताह से ही गर्मी ने अपने पिछले कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। अचानक बढ़ी इस तपिश ने धरती की ऊपरी सतह को अत्यधिक गर्म कर दिया। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त पूर्वी हवाएं इस गर्म सतह के संपर्क में आईं और उसी दौरान रात के तापमान में अचानक छह से सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, तो विकिरण की प्रक्रिया ने एक घना आवरण तैयार कर दिया। इसे विज्ञान की भाषा में विकिरण कोहरा कहा जाता है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति और हवा की गति का अचानक मंद पड़ जाना इस स्थिति को और भयावह बना देता है। वायुमंडल के निचले स्तर पर हवा की स्थिरता ने उस धुंध और प्रदूषण के मिश्रण को जमने का अवसर दे दिया, जिसे हम अक्सर कड़ाके की ठंड में देखते हैं।

होली बीतते ही दिन और रात के तापमान में आ रहा यह भारी अंतर प्रकृति के बदलते मिजाज का एक गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत के कई हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से 8 से 12 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जबकि रातें तुलनात्मक रूप से ठंडी बनी हुई हैं। इस तापमान की गड़बड़ी का बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का अत्यंत कमजोर होना है। आमतौर पर ये विक्षोभ बारिश और बर्फबारी लाते हैं, जो तापमान को नियंत्रित रखते हैं। इनकी अनुपस्थिति के कारण आसमान पूरी तरह साफ है, जिससे दिन में सूरज की किरणें सीधे धरती को तपा रही हैं।

याद करें, इस बार जनवरी और फरवरी में करीब 60 प्रतिशत कम हुई। इसके चलते मिट्टी में नमी न होने के कारण दिन की गर्मी वाष्पीकरण में खर्च होने के बजाय सीधे सतह को गर्म करती है। रात में, साफ आसमान होने के कारण धरती की गर्मी तेजी से वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, जिससे रातें ठंडी हो जाती हैं। इसके साथ पश्चिमी भारत के ऊपर बने उच्च वायुदाब के क्षेत्रों के कारण हवाएं नीचे की ओर दब रही हैं। यह दबती हुई हवा गर्म हो जाती है और बादलों को बनने से रोकती है, जिससे दिन में 'हीटवेव' जैसी स्थिति बन रही है।

इस अनियमित तापमान से उपज रहे कोहरे के व्यापक और दूरगामी नुकसान भी हैं। सबसे बड़ी मार हमारी कृषि व्यवस्था पर पड़ रही है। रबी की फसल, विशेषकर गेहूं, इस समय अपने पकने के अंतिम चरण में है। तापमान में यह अनिश्चित उतार-चढ़ाव गेहूं के दानों की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। कोहरे के कारण बढ़ने वाली नमी और फिर अचानक निकलने वाली तेज धूप फसलों में पीला रतुआ और विभिन्न प्रकार की फफूंद जनित बीमारियों को जन्म देती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह अनिश्चितता बनी रही, तो खाद्य सुरक्षा के मोर्चे पर हमें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। केवल अनाज ही नहीं, बल्कि बागवानी फसलों जैसे आम के बौर पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। अचानक आई नमी और ठंडक फूलों को झाड़ देती है, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका प्रबल हो जाती है।

**इस विचित्र कोहरे के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझना अनिवार्य है। सामान्यतः कोहरा सर्दियों की रात में तब बनता है, जब धरती तेजी से अपनी गर्मी छोड़ती है और नमी का स्तर अधिक होता है।**

पारिस्थितिक नुकसान के साथ-साथ यह मानवीय स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा संकट है। मार्च के इस कोहरे में केवल जलवाष्प नहीं है, बल्कि इसमें वातावरण में मौजूद सूक्ष्म धूल कण और जहरीली गैसें भी फंसी हुई हैं। यह एक प्रकार का विषैला धुंआ है, जो सीधे फेफड़ों पर प्रहार करता है। श्वसन रोगियों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद घातक सिद्ध होती है। यातायात के क्षेत्र में होने वाली बाधाएं आर्थिक तंत्र को प्रभावित करती हैं। यह एक ऐसा दुष्चक्र है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण कोहरा बनता है और उस कोहरे के कारण होने वाले उपाय पुनः पर्यावरण को दूषित करते हैं।

मार्च में दिसंबर जैसा यह दृश्य एक बड़ी आपदा की आहट है। यह हमारी जीवनशैली और विकास के उन मॉडलों पर सवालिया निशान खड़ा करता है, जो प्रकृति की कीमत पर तैयार किए गए हैं। हमें यह समझना होगा कि अब मौसम के पूर्वानुमान केवल बारिश या धूप तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे अस्तित्व की रक्षा के संकेत बन चुके हैं।

यदि हमने स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण और वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो ऋतुओं का यह विलोपन हमारे जीवन को अनिश्चितता के अंधेरे में धकेल देगा। यह कोहरा केवल दृश्यता कम नहीं कर रहा, बल्कि हमें भविष्य की उस धुंधली तस्वीर को देखने के लिए मजबूर कर रहा है, जिसे हमने खुद निर्मित किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हम महिलाओं को राहुल गांधी को देखकर बहुत ज्यादा असहजता महसूस होती है, क्योंकि एकदम वो जैसे टपोरी की तरह आते हैं और किसी को भी ऐ तू ऐसे करके तू-तड़ाक करते हैं। उनको अपनी बहन, प्रियंका गांधी वाड्रा के आचरण और व्यवहार को देखना चाहिए, "जो बहुत अच्छा है"। -**कंगना रनौत** सांसद, बीजेपी

कंगना रनौत को मेडिकल मदद की जरूरत है। उनके साथ कुछ बहुत ही गलत हो रहा है। शायद इसलिए कि उनकी फिल्में अच्छा नहीं कर रही हैं। वह किसी तरह के डिप्रेशन में हो सकती हैं। इसीलिए वह इस तरह के बयान दे रही हैं। आपको ऐसे लोगों की टिप्पणियों को ज्यादा अहमियत देने की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी जैसे हैं, वैसे ही हैं। - **एस. ज्योतिमणी**, सांसद, कांग्रेस



# आखिर कब तक चलेगा पाकिस्तान का पाखंड



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान खुद को दुनिया का सबसे बड़ा इस्लामिक देश बताता है। इसका झंडा हिलाल (चांद का टुकड़ा) और तारा से सजा है, जो इस्लामिक परंपरा और मूल्यों के प्रतीक हैं। इसके नाम में 'इस्लामिक रिपब्लिक' जुड़ा है और ये हर मौके पर इस्लाम का हवाला देता है, लेकिन हकीकत में यह देश मुसलमानों के खिलाफ ही सबसे ज्यादा हिंसा और जुल्म का इतिहास रखता है। यह पाखंड की एक लंबी कहानी है, जहां इस्लाम का नाम सिर्फ सत्ता और नियंत्रण के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि अमल उसके ठीक उलट है।

इसका सबसे ताजा और दिल दहला देने वाला उदाहरण बीते सोमवार (16 मार्च) को काबुल में मिलता है। पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक ने अफगानिस्तान की राजधानी में ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल (एक ड्रग रिहैबिलिटेशन सेंटर) को निशाना बनाया। तालिबान सरकार के अनुसार, इस हमले में 400 से ज्यादा लोग मारे गए और 250 से अधिक घायल हुए। हमला रमजान के पवित्र महीने में हुआ, जब लोग रोजा रखकर इबादत में मग्न थे। अस्पताल में ज्यादातर गरीब अफगान मुसलमान थे, जो नशे की लत से मुक्ति पाने आए थे।

पाकिस्तान का दावा है कि उसने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया इसे साफ-साफ सिविलियन अस्पताल पर हमला बता रहा है। सवाल वही है कि रमजान में मुसलमानों के अस्पताल को उड़ाना क्या इस्लाम की कोई शिक्षा है? मारे गए तो आम मुसलमान ही थे। यह कोई नई बात नहीं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत लाखों बंगाली मुसलमानों का कत्लेआम किया था। बंगालियों ने आजादी की मांग की, तो उन्हें 'काफिर', 'गद्दार' और 'हिंदू एजेंट' कहकर मार डाला गया। अनुमान के मुताबिक 3 लाख से ज्यादा लोग मारे गए और 2 से 4 लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ। स्कूल, कॉलेज, गांव सब तबाह कर दिए गए। पाकिस्तानी जनरल टिक्का खान को 'बचर ऑफ बंगाल' कहा गया। पाकिस्तान आज भी इसे 'सिविल वॉर' कहकर सच छुपाता है, लेकिन बांग्लादेश हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाता है। एक 'इस्लामिक' देश ने अपने ही मुसलमानों पर ऐसा जुल्म ढाया, यह पाखंड नहीं तो क्या है?

**पाकिस्तान का दावा है कि उसने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया इसे साफ-साफ सिविलियन अस्पताल पर हमला बता रहा है।**

पाकिस्तान के अंदर भी मुसलमान सुरक्षित नहीं। अहमदिया समुदाय को 1974 के संविधान संशोधन और ऑर्डिनेंस XX के जरिए 'नॉन-मुस्लिम' घोषित कर दिया गया। उन्हें मस्जिद कहने, अजान देने, सलाम कहने या कुरान छूने तक की मनाही है। अगर कोई अहमदिया खुद को मुसलमान कहे, तो ब्लास्फेमी का केस बन जाता है। हाल के वर्षों में कई अहमदिया डॉक्टर, दंत चिकित्सक और आम नागरिक गोली मारे गए। खुशाब में 90 अहमदिया कब्रें तोड़ी गईं। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट्स और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाएं बताती हैं कि पुलिस भी अहमदिया घरों पर हमलों में शामिल होती है। शिया मुसलमान भी निशाने पर हैं, खासकर हजारा शिया। इन पर बलूचिस्तान और कुर्रम एजेंसी में बार-बार हमले होते हैं। 2024 में 40 से ज्यादा शिया मारे गए, 2013 के क्वेटा हमले में 90 से अधिक। सेना और कानून इन पर कार्रवाई नहीं करती, बल्कि चुप रहती है। एक देश जो खुद को इस्लाम का गढ़ कहता है, वहां शिया और अहमदिया को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है।

वहीं जनवरी 2024 में पाकिस्तान ने ईरान पर 'ऑपरेशन मार्ग बार सरमाचार' के तहत मिसाइल हमले किए। दोनों देश मुस्लिम हैं। ईरान शिया बहुल, पाकिस्तान सुन्नी, लेकिन हमला फिर मुसलमानों पर ही हुआ।

सवाल है कि पाकिस्तान मुसलमानों को क्यों मारता है? मुख्य कारण सेना की सर्वोच्चता है। आर्मी इस्लाम के नाम पर सत्ता संभालती है, लेकिन उसकी नीतियां सेक्टेरियन हैं। सुन्नी बहुल सेना शिया, अहमदिया और अन्य समुदायों को कमजोर रखना चाहती है। दूसरा, राजनीतिक खेल तालिबान, जैश-ए-मोहम्मद जैसे गुटों को पाला जाता है, लेकिन अब टीटीपी पाक फौज पर हमला कर रही है, तो बदले में अफगानिस्तान पर हमला। मुसलमान ही मुसलमान का शिकार बन रहा है। तीसरा, इस्लाम का दुरुपयोग सिस्टम इस्लाम के नाम पर चलता है, लेकिन असल में पावर और नियंत्रण का खेल है। अहमदिया को 'काफिर', बंगालियों को 'हिंदू एजेंट' कहकर मार डाला जाता है।

दुनिया को यह सच देखना चाहिए। पाकिस्तान अभी भी इस्लाम का सिपाही होने का दावा करता है, लेकिन हकीकत में वह मुसलमानों का कातिल है। अगर सच में इस्लामिक देश बनना है, तो पहले अपने मुसलमानों की हिफाजत करे। अहमदिया और शिया को बराबरी दे, अफगानिस्तान से बातचीत करे, 1971 के नरसंहार की माफी मांगे, लेकिन ऐसा लगता है कि सेना की ताकत और सेक्टेरियन नीतियां जारी रहेंगी। पाकिस्तान का 'इस्लामिक' चेहरा नाम का है। असल में यह मुसलमान-विरोधी नीतियों का देश बन चुका है। रमजान में अस्पताल उड़ाना, लाखों मुसलमान मारना, शिया-अहमदिया पर जुल्म ये सब इस्लाम के खिलाफ हैं। दुनिया के मुसलमानों को समझना चाहिए कि पाकिस्तान का चेहरा दोहरा है। एक तरफ मक्का-मदीना का नाम, दूसरी तरफ मुसलमानों का खून। यह पाखंड कब तक चलेगा?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## प्रसंगवश

# खुशी: उपलब्धियों से परे एक आंतरिक अनुभूति

मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी चाह क्या है? यदि इस प्रश्न का सरल उत्तर खोजा जाए, तो शायद एक ही शब्द सामने आता है- खुशी। हर व्यक्ति अपने जीवन में सुख, संतोष और आनंद की तलाश में निरंतर प्रयास करता है। बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक मनुष्य के अधिकांश निर्णय, प्रयास और संघर्ष इसी उद्देश्य के इर्द-गिर्द घूमते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज जब दुनिया ने अभूतपूर्व आर्थिक और तकनीकी प्रगति हासिल कर ली है, तब भी सच्ची खुशी लोगों के जीवन से कहीं दूर होती दिखाई देती है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस पहल का उद्देश्य यह संदेश देना है कि विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक खुशी और संतोष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह दिन हमें ठहरकर यह सोचने का अवसर देता है कि क्या आधुनिक जीवनशैली वास्तव में हमें अधिक सुखी बना रही है या हम केवल सुविधाओं के विस्तार को ही खुशी समझ बैठे हैं?



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

आज के समय में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। तकनीक ने जीवन को सरल और तेज बना दिया है। संचार के साधन पहले से अधिक सुलभ और प्रभावी हो गए हैं। भौतिक संसाधनों में भी निरंतर वृद्धि हुई है, जिससे जीवन स्तर में सुधार देखने को मिलता है। इसके बावजूद, तनाव, अकेलापन और मानसिक असंतोष जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति इस बात की ओर संकेत करती है कि केवल बाहरी प्रगति ही जीवन को पूर्ण नहीं बना सकती। आधुनिक जीवन की इस विडंबना का एक बड़ा कारण यह है कि मनुष्य ने अपनी आंतरिक शांति और संतुलन को कहीं पीछे छोड़ दिया है। प्रतिस्पर्धा की दौड़, निरंतर तुलना और अधिक पाने की लालसा ने जीवन को जटिल बना दिया है। हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि खुशी केवल उपलब्धियों या भौतिक संपन्नता से नहीं मिलती, बल्कि यह एक आंतरिक अनुभूति है, जो हमारे विचारों, संबंधों और जीवन के प्रति दृष्टिकोण से जुड़ी होती है।

वास्तविक खुशी का संबंध हमारे संबंधों और संवेदनाओं से भी गहराई से जुड़ा है। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों का साथ, किसी की मदद करने का संतोष और प्रकृति के साथ बिताए गए शांत क्षण ये सभी जीवन को अर्थपूर्ण बनाते हैं। जब हम अपने आसपास के लोगों के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं, तो हमारे भीतर संतोष और सुरक्षा की भावना विकसित होती है। यही भावनात्मक जुड़ाव हमें वास्तविक खुशी के करीब ले जाता है।

आज के तेज रफ्तार जीवन में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। अपेक्षाओं का दबाव, काम का तनाव और भविष्य की चिंताएं कई लोगों को मानसिक रूप से थका देती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपने जीवन में संतुलन बनाए रखें। हमें यह समझना होगा कि विश्राम, आत्मचिंतन और अपनी भावनाओं को समझना भी उतना ही जरूरी है, जितना सफलता प्राप्त करना। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि खुशहाल समाज केवल व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं बनता। इसके लिए सामाजिक और सामूहिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। जब समाज में समान अवसर, पारस्परिक सम्मान और सहयोग की भावना होती है, तब लोगों के जीवन में संतोष और स्थिरता बढ़ती है। एक संवेदनशील और सहयोगी समाज ही वास्तविक खुशी का आधार बन सकता है। अंततः यह स्पष्ट है कि सच्ची खुशी किसी एक लक्ष्य की प्राप्ति में नहीं, बल्कि जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण में निहित होती है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# अर्थव्यवस्था पर युद्ध का प्रभाव

युद्ध का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार पर भी पड़ता है। युद्ध शुरू होते ही बाजार में घबराहट पैदा होती है और शुरुआती दिनों में तेज गिरावट देखी जाती है, लेकिन अक्सर यह गिरावट स्थायी नहीं होती। अधिकांश युद्धों में एक दिलचस्प पैटर्न दिखाई देता है कि यदि युद्ध एक महीने से अधिक समय तक चलता है, तो अगले कुछ महीनों में बाजार धीरे-धीरे उस स्थिति के साथ खुद को अनुकूलित कर लेते हैं और गिरावट का प्रभाव कम होने लगता है।



मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता

युद्ध जब भी शुरू होता है, तो अनिश्चितता सबसे बड़ी समस्या बनती है। निवेशकों को यह स्पष्ट नहीं होता कि युद्ध कितना लंबा चलेगा, किन देशों तक फैलेगा और अर्थव्यवस्था पर कितना प्रभाव पड़ेगा। इसी अनिश्चितता के कारण निवेशक घबराकर अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बाजार तेजी से गिरता है। अगस्त 1990 में जब इराक ने कुवैत पर हमला किया, तब अमेरिकी शेयर बाजार लगभग 15 प्रतिशत तक गिर गया, लेकिन जनवरी 1991 में युद्ध शुरू होने के बाद कुछ ही महीनों में बाजार तेजी से उभर गया और उसी साल नया उच्च स्तर बना लिया। 2022 का रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही वैश्विक बाजारों में गिरावट आई, लेकिन कुछ महीनों बाद निवेशकों ने स्थिति को न्यू नॉर्मल मानकर निवेश शुरू कर दिया।

इससे समझ में आता है कि बाजार घटना से अधिक अनिश्चितता से डरता है। जब घटना स्पष्ट हो जाती है, तो बाजार धीरे-धीरे स्थिर होने लगता है। लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में सरकारें और उद्योग तेजी से खुद को ढाल लेते हैं। रक्षा उद्योग में उत्पादन बढ़ता है। ऊर्जा और कच्चे माल के नए स्रोत खोजे जाते हैं। सप्लाई चेन धीरे-धीरे नई परिस्थितियों के अनुसार बदल जाती है। इस प्रक्रिया के कारण आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह रुकती नहीं हैं, बल्कि नए रूप में जारी रहती हैं। यही कारण है कि शुरुआती झटके के बाद बाजार अक्सर संभलने लगते हैं। निवेश की दुनिया में घबराहट के समय अवसर छिपे होते हैं। जब युद्ध या किसी बड़े संकट के कारण बाजार गिरता है, तब कई अच्छी कंपनियों के शेयर भी सस्ते हो जाते हैं। यह भी समझना जरूरी है कि हर युद्ध का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। कुछ युद्ध बहुत सीमित होते हैं, जबकि कुछ पूरे वैश्विक आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए निवेश करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। मजबूत और लाभकारी कंपनियों में निवेश करें, अत्यधिक कर्ज वाली कंपनियों से बचें, एक ही सेक्टर में पूरा पैसा न लगाएं और लंबी अवधि का दृष्टिकोण रखें।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# साझा चूल्हा: संकट से समाधान की राह

रसोई गैस की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। महंगाई निश्चित रूप से आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती है, लेकिन इस चर्चा में अक्सर समाज की अपनी सामूहिक शक्ति पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। भारतीय समाज की संरचना मूलतः सामूहिकता पर आधारित रही है। परिवार केवल सीमित दायरे तक नहीं, बल्कि व्यापक रिश्तों और समुदाय से जुड़ा होता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह भावना और गहरी दिखाई देती है, जहां कठिन समय में लोग एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। इसी सामाजिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है- 'साझा चूल्हा'। यह केवल खाना बनाने का साधन नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन का केंद्र था। सीमित संसाधनों के दौर में कई परिवार एक ही चूल्हे पर भोजन बनाते थे, जिससे ईंधन की बचत होती थी और श्रम का विभाजन भी सहज हो जाता था। इससे लोगों के बीच संवाद और संबंध भी मजबूत होते थे।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

समय के साथ तकनीकी विकास और शहरीकरण ने जीवन को सुविधाजनक तो बनाया, लेकिन सामूहिक परंपराओं को कमजोर भी किया। आज लगभग हर घर में अलग रसोई है, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ ही सामाजिक दूरी भी बढ़ी है। पड़ोसी भी कई बार एक-दूसरे से अपरिचित रहते हैं। ऐसे में जब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों की चर्चा होती है, तो हमें केवल राजनीतिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं रहना चाहिए। 'साझा चूल्हा' का विचार आज भी प्रासंगिक हो सकता है, यदि उसे आधुनिक संदर्भ में समझा जाए। हमारे समाज में भंडारे और लंगर की परंपरा इसका जीवंत उदाहरण है। मंदिरों और गुरुद्वारों में हजारों लोग एक ही रसोई से भोजन करते हैं। वहां न कोई भेदभाव होता है और न ही किसी प्रकार की असमानता। यह केवल सेवा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसी भावना को छोटे स्तर पर भी अपनाया जा सकता है। मोहल्लों या समुदायों में कुछ परिवार मिलकर सामूहिक भोजन व्यवस्था कर सकते हैं, खासकर तब जब खर्च अधिक हो या संसाधन सीमित हों। इससे न केवल आर्थिक बचत होगी, बल्कि सामाजिक संबंध भी मजबूत होंगे। साझा चूल्हा केवल आर्थिक समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव का माध्यम भी है। जब लोग साथ बैठकर काम करते हैं और भोजन साझा करते हैं, तो उनके बीच विश्वास और सहयोग बढ़ता है। इससे सामाजिक तनाव भी कम होते हैं।

ग्रामीण जीवन में यह परंपरा आज भी कहीं न कहीं जीवित है। खेती-किसानी और श्रम से जुड़े लोग अक्सर सामूहिक रूप से भोजन की व्यवस्था करते हैं। यह जीवन को सरल और संतुलित बनाने का एक व्यावहारिक तरीका है। इसके विपरीत, शहरी जीवन में सुविधाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन सामाजिक जुड़ाव कम हुआ है। लोग अपने-अपने घरों तक सीमित हो गए हैं, जिससे अकेलेपन की भावना भी बढ़ रही है। ऐसे समय में 'साझा चूल्हा' केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्संरचना का प्रतीक बन सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज की असली ताकत आपसी सहयोग में है। हालांकि आज की परिस्थितियों में इसे हर जगह लागू करना संभव नहीं है, लेकिन इसके मूल विचार सहयोग और साझेदारी को जरूर अपनाया जा सकता है। इतिहास गवाह है कि जब भी संकट आया, भारतीय समाज ने एकजुट होकर उसका सामना किया है। आज भी यदि हम इस भावना को पुनर्जीवित करें, तो कई समस्याओं का समाधान सहज हो सकता है। 'साझा चूल्हा' केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की एक दिशा है। यह हमें सिखाता है कि यदि आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए, तो समाज और अधिक सशक्त बन सकता है। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यूरेका

## खोज

## वाई-फाई का आविष्कार

वाई-फाई (Wi-Fi) आज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन इसका आविष्कार एक ही व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि कई वैज्ञानिकों के शोध और प्रयोगों के परिणामस्वरूप हुआ। सबसे पहले इसकी नींव 19 वीं सदी में पड़ी, जब जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने विद्युतचुंबकीय तरंगों का सिद्धांत दिया। बाद में हाइनरिख हट्र्ज़ ने इन तरंगों को प्रयोग में सिद्ध किया। यही तरंगें आगे चलकर वायरलेस संचार का आधार बनीं। 20 वीं सदी में रेडियो और वायरलेस तकनीक का विकास हुआ, लेकिन असली क्रांति 1990 के दशक में आई। ऑस्ट्रेलिया की संस्था CSIRO के वैज्ञानिकों की एक टीम ने वायरलेस डेटा ट्रांसमिशन की एक नई तकनीक विकसित की। इस टीम का नेतृत्व जॉन ओ' सुलिवन कर रहे थे। असल में यह टीम अंतरिक्ष में ब्लैक होल से आने वाले रेडियो सिग्नल्स को समझने पर काम कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने एक ऐसी तकनीक विकसित की, जिससे रेडियो तरंगों के माध्यम से डेटा को साफ और तेजी से भेजा जा सकता था। यही तकनीक आगे चलकर Wi-Fi का आधार बनी।



इसके बाद 1997 में IEEE ने 802.11 नाम का पहला वायरलेस नेटवर्क मानक जारी किया। यही वह तकनीकी ढांचा है, जिस पर आज का Wi-Fi आधारित है। 'Wi-Fi' नाम खुद कोई तकनीकी शब्द नहीं है, बल्कि यह एक ब्रांड नाम है, जिसे Wi-Fi Alliance ने 1999 में अपनाया। इसका उद्देश्य वायरलेस नेटवर्किंग को आसान और लोकप्रिय बनाना था। आज Wi-Fi रेडियो तरंगों का उपयोग करके आपके मोबाइल, लैपटॉप और अन्य डिवाइस को इंटरनेट से जोड़ता है। इसमें एक राउटर होता है, जो इंटरनेट सिग्नल को वायरलेस रूप में फैलाता है, और आपके डिवाइस उस सिग्नल को पकड़कर डेटा भेजते और प्राप्त करते हैं। Wi-Fi किसी एक आविष्कार का परिणाम नहीं, बल्कि विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान और संचार तकनीक के लंबे विकास का नतीजा है, जिसने दुनिया को बिना तारों के जोड़ दिया।

### वैज्ञानिक के बारे में

जॉन ओ सुलिवन का व्यक्तिगत जीवन उतना ही रोचक है, जितना उनका वैज्ञानिक योगदान। उनका जन्म 1946 में ब्रिस्बेन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें विज्ञान और गणित में गहरी रुचि थी, जिसने आगे चलकर उनके करियर की दिशा तय की। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा यूनिवर्सिटी ऑफ सीडनी से प्राप्त की, जहां उन्होंने भौतिकी में अध्ययन किया। बाद में उन्होंने सैद्धांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता हासिल की। निजी जीवन में वे काफी सरल, शांत और शोध में डूबे रहने वाले व्यक्ति माने जाते हैं। वे प्रचार-प्रसार से दूर रहकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करते थे। उनका पारिवारिक जीवन भी संतुलित रहा है। वे विवाहित हैं और अपने परिवार के साथ साधारण जीवन जीते रहे हैं। अपने काम के अलावा उन्हें संगीत और पढ़ने का भी शौक रहा है, जो उनके व्यक्तित्व के एक संवेदनशील और रचनात्मक पक्ष को दर्शाता है।



# मार्च में आकाश दर्शन

आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर जब चंद्रमा किसी चमकीले ग्रह के पास आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है। अब चंद्र ग्रहण से आगे चलते हैं और इस रोमांच पर विस्तार से बात करते हैं कि मार्च, 2026 में आकाश में और क्या घटित होने वाला है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



### चंद्रमा और शुक्र का संयोजन

आज यानी 20 मार्च को चंद्रमा और शुक्र का संयोजन की घटना घटित होगी, जहां चंद्रमा शुक्र के उत्तर में लगभग 4.4–4.6 की दूरी पर होगा। समय यूटीसी में शाम, भारत में सूर्यास्त के समय (लगभग 18:30–19:00 आईएसटी) दिखेगा। चंद्रमा सिर्फ 1–5 प्रतिशत प्रकाशित (बहुत पतला क्रिसेंट) होगा।

शुक्र बहुत चमकीला–4 magnitude के आसपास) होगा, जो शाम का सबसे चमकीला तारा (संध्या तारा) के रूप में दिखाई देगा। यह पश्चिमी आकाश में निम्न क्षितिज पर होगा और चंद्रमा उसके ऊपर या पास दिखेगा। यह दृश्य सिर्फ 30–60 मिनट तक रहेगा, क्योंकि दोनों जल्दी अस्त हो जाएंगे। इस दृश्य को सूर्यास्त के ठीक बाद पश्चिम में देखा जा सकता है। इसे देखने के लिए किसी दूरबीन की जरूरत नहीं होगी। यह इस माह का सबसे आसान और चमकीला संयोजन होगा।



### ठीक भूमध्य रेखा पर सूर्य

20 मार्च को मार्च विषुव की घटना घटित होगी। यह घटना 14:46 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) और 8:16 पीएम आईएसटी (इंडियन स्टैंडर्ड टाइम) पर होगी, तब सूर्य सीधे भूमध्य रेखा पर चमकता दिखाई देगा और दुनियाभर में दिन और रात लगभग बराबर होंगे। यह उत्तरी गोलार्ध में वसंत का पहला दिन भी होता है और दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ अर्थात शरद ऋतु विषुव का पहला दिन भी। अर्थात उत्तरी गोलार्ध में वसंत की शुरुआत और सर्दियों के अंत को चिह्नित करने के लिए मार्च विषुव को लिया जा सकता है, लेकिन दक्षिणी गोलार्ध में शरद ऋतु की शुरुआत और गर्मियों की समाप्ति को चिह्नित करता है।

यह हर साल 19, 20 या 21 मार्च के बीच पड़ता है। 2026 में यह ठीक 20 मार्च को है। एक सामान्य वर्ष के लिए गणना किए गए समय में कमी पिछले वर्ष की तुलना में 5 घंटे 49 मिनट बाद है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 18 घंटे 11 मिनट पहले लीप वर्ष के लिए है। खगोल विज्ञान में, मार्च विषुव काल के नक्षत्र समय का शून्य बिंदु माना जाता है। विषुव ऐसा समय-बिंदु होता है, जिसमें दिवस और रात्रि लगभग बराबर होते हैं। इसका शब्दिक अर्थ होता है-समान।

किसी क्षेत्र में दिन और रात की लंबाई को प्रभावित करने वाले कई दूसरे कारक भी होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर साढ़े तेईस डिग्री झुके हुए सूर्य के चक्कर लगाती है, इस प्रकार वर्ष में एक बार पृथ्वी इस स्थिति में होती है, जब वह सूर्य की ओर झुकी रहती है और एक बार सूर्य से दूसरी ओर झुकी रहती है। इसी प्रकार वर्ष में दो बार ऐसी स्थिति भी आती है, जब पृथ्वी का झुकाव न सूर्य की ओर ही होता है और न ही सूर्य से दूसरी ओर, बल्कि बीच में होता है। इस स्थिति को विषुव या इक्विनॉक्स कहा जाता है। इन दोनों तिथियों पर दिन और रात की लंबाई लगभग बराबर होती है। यदि दो लोग भूमध्य रेखा से समान दूरी पर खड़े हों तो, उन्हें दिन और रात की लंबाई बराबर महसूस होगी। ग्रेगोरियन वर्ष के आरंभ होते समय (जनवरी माह में) सूरज दक्षिणी गोलार्ध में होता है और वहां से उत्तरी गोलार्ध को अग्रसर होता है। वर्ष के समाप्त होने (दिसंबर माह) तक सूरज उत्तरी गोलार्ध से होकर पुनः दक्षिणी गोलार्द्ध पहुंच जाता है। इस तरह से सूर्य वर्ष में दो बार भू-मध्य रेखा के ऊपर से गुजरता है।

### चंद्रमा और बृहस्पति का संयोजन

26 मार्च को चंद्रमा और बृहस्पति के संयोजन की घटना घटित होगी, जहां चंद्रमा बृहस्पति के उत्तर में लगभग 3.5 की दूरी पर होगा। समय यूटीसी में दोपहर, भारत में रात के समय (शाम से मध्यरात्रि तक) दिखेगा। चंद्रमा 58 प्रतिशत प्रकाशित होगा। इसकी दृश्यता की बात करें, तो बृहस्पति का मैग्नीट्यूड -2.3 के आसपास बहुत चमकीला होगा। यह रात में दक्षिणी आकाश में ऊंचा दिखेगा। चंद्रमा बृहस्पति के पास होगा, जो एक शानदार जोड़ी बनेगी। दूरबीन या छोटे टेलीस्कोप से बृहस्पति के 4 गैलीलियन चंद्रमा भी दिख सकते हैं। इस घटना को शाम 7-8 बजे से रात भर दक्षिण या दक्षिण-पूर्व दिशा में देखें।



## वैज्ञानिक फैक्ट

# पृथ्वी पर ऑक्सीजन का उत्पादन और महासागर

क्या आपने कभी सोचा है कि ऑक्सीजन आखिर आती कहां से है? आमतौर पर हमारा ध्यान घने वर्षावनों, विशेषकर अमेजन जैसे क्षेत्रों की ओर जाता है, जिन्हें 'पृथ्वी के फेफड़े' कहा जाता है, लेकिन एक रोचक वैज्ञानिक तथ्य यह है कि पृथ्वी पर उपलब्ध ऑक्सीजन का एक बहुत बड़ा हिस्सा समुद्रों से आता है। वैज्ञानिकों और समुद्री अनुसंधानों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर उत्पादित ऑक्सीजन का लगभग 50 से 60 प्रतिशत भाग महासागरों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों द्वारा निर्मित होता है। समुद्रों में पाए जाने वाले फाइटोप्लवक, सूक्ष्म शैवाल और सायनोबैक्टीरिया जैसे जीव प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड और सूर्य के प्रकाश का



उपयोग कर ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं। ये जीव आकार में अत्यंत सूक्ष्म होते हैं, लेकिन संख्या में इतने विशाल होते हैं कि उनका सामूहिक योगदान पूरे ग्रह के वायुमंडलीय संतुलन को बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाता है। विशेष रूप से 'प्रोक्लोरोकोकस' नामक सूक्ष्म जीव को पृथ्वी का सबसे अधिक मात्रा में ऑक्सीजन उत्पन्न करने वाला जीव माना जाता है। यह अकेला ही वैश्विक ऑक्सीजन उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके अतिरिक्त, समुद्री शैवाल की बड़ी प्रजातियां, जैसे केल्प, भी तटीय क्षेत्रों में ऑक्सीजन उत्पादन और कार्बन अवशोषण में अहम भूमिका निभाती हैं। महासागर केवल ऑक्सीजन ही नहीं बनाते, बल्कि वे पृथ्वी के जलवायु तंत्र को भी नियंत्रित करते हैं। ये समुद्री जीव कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर उसे जैविक पदार्थ में परिवर्तित करते हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का प्रभाव कम होता है। इसे 'ब्लू कार्बन' प्रक्रिया कहा जाता है, जो जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। हालांकि यह संतुलन अब खतरे में है। समुद्री प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, महासागरों का तापमान बढ़ना और अम्लीकरण इन सूक्ष्म जीवों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। यदि फाइटोप्लवक की संख्या में कमी आती है, तो इसका सीधा प्रभाव वैश्विक ऑक्सीजन उत्पादन और जलवायु संतुलन पर पड़ेगा। इसलिए यह समझना आवश्यक है कि ऑक्सीजन केवल जंगलों से ही नहीं, बल्कि महासागरों की गहराइयों में बसे सूक्ष्म जीवन से भी आती है। यह ज्ञान हमें पर्यावरण संरक्षण की व्यापक दृष्टि अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जिसमें समुद्रों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी वनों की।

# पारिस्थितिकी के विघटन की चेतावनी लुप्त होती गौरैया

भारतीय जनजीवन में प्रकृति और जीव–जंतुओं के साथ सह–अस्तित्व की परंपरा अत्यंत प्राचीन रही है। इसी परंपरा की एक सहज अभिव्यक्ति है गौरैया, जो केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के साथ विकसित हुई सांस्कृतिक स्मृति भी है। ग्राम्य जीवन में मिट्टी के घर, खपरैल की छतें, खुले आंगन और वृक्षों से युक्त वातावरण गौरैया के लिए आदर्श आवास प्रदान करते थे। उस समय मानव और प्रकृति के बीच कोई कृत्रिम दूरी नहीं थी, इसलिए गौरैया हर घर का हिस्सा बनकर रहती थी और उसकी चहचहाहट जीवन की सरलता का प्रतीक मानी जाती थी। समय के साथ औद्योगिक विकास और शहरीकरण ने इस संतुलन को प्रभावित किया। आधुनिक निर्माण पद्धतियों, रासायनिक कृषि और कृत्रिम जीवनशैली के कारण गौरैया का प्राकृतिक आवास और भोजन स्रोत दोनों ही प्रभावित हुए हैं। परिणामस्वरूप, जो पक्षी कभी सर्वत्र दिखाई देता था, वह आज अनेक क्षेत्रों में दुर्लभ हो गया है।



वैज्ञानिक दृष्टि से गौरैया का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह एक कीटभक्षी पक्षी है, जो विशेष रूप से अपने बच्चों के पालन-पोषण के समय कीटों का सेवन करती है। कीट प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जो बच्चों के शारीरिक विकास के लिए आवश्यक होते हैं। किंतु रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने कीटों की संख्या को गंभीर रूप से कम कर दिया है। इससे गौरैया के बच्चों के पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनकी मृत्यु दर बढ़ जाती है। रासायनिक खादों का प्रभाव भी इस संकट को बढ़ाता है। इनके निरंतर उपयोग से मृदा की गुणवत्ता और उसमें रहने वाले सूक्ष्म जीव प्रभावित होते हैं, जो खाद्य श्रृंखला की आधारशिला हैं। जब यह आधार कमजोर होता है, तो उसका प्रभाव पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है। इसके साथ ही रासायनिक अवशेष गौरैया के शरीर में पहुंचकर उसकी प्रजनन क्षमता और जीवनकाल को भी प्रभावित करते हैं।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

सामाजिक परिवर्तन भी इस संकट के लिए उत्तरदायी हैं। पहले लोग अपने घरों में दाना-पानी रखते थे और पक्षियों के लिए स्थान छोड़ते थे। आज की जीवनशैली में यह परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। इसके अतिरिक्त जल स्रोतों की कमी और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती स्वच्छता की प्रवृत्ति ने भी गौरैया के लिए उपलब्ध संसाधनों को सीमित कर दिया है। यह सभी परिवर्तन मिलकर उसके अस्तित्व को चुनौती देते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में गौरैया का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह केवल कीट नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा प्रवाह और पोषण चक्र का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह बीजों के प्रसार में सहायक होती है और पौधों की विविधता बनाए रखने में योगदान देती है। इसके अतिरिक्त यह स्वयं भी अन्य जीवों के लिए भोजन का स्रोत बनती है। इस प्रकार यह खाद्य जाल की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जब यह कड़ी कमजोर होती है, तो पूरे तंत्र पर उसका प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि गौरैया को जैव संकेतक के रूप में भी देखा जाता है। इसकी संख्या में गिरावट यह संकेत देती है कि पर्यावरण में ऐसे परिवर्तन हो रहे हैं, जो अन्य जीवों के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं।

यदि हम इस संकट को केवल एक पक्षी की समस्या मानकर अनदेखा करते हैं, तो यह हमारी सबसे बड़ी भूल होगी। गौरैया का लुप्त होना उस व्यापक पर्यावरणीय संकट का प्रारंभिक संकेत है, जो भविष्य में और भी गंभीर रूप ले सकता है। यह हमें चेतावनी देता है कि हमारा विकास प्रकृति के अनुकूल नहीं है और यदि हमने समय रहते इसमें सुधार नहीं किया, तो इसका परिणाम अत्यंत गंभीर हो सकता है। इस स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक है कि हम अपने विकास के मॉडल पर पुनर्विचार करें। हमें रासायनिक कीटनाशकों और खादों के उपयोग को सीमित करना होगा और जैविक उपायों को अपनाना होगा। शहरी क्षेत्रों में हरित स्थानों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। घरों और भवनों में ऐसे स्थानों की व्यवस्था की जा सकती है, जहां गौरैया घोंसला बना सके। इसके साथ ही लोगों में जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है ताकि वे अपने आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बन सकें।

गौरैया का संकट हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही हमारे अस्तित्व की कुंजी है। यह केवल एक पक्षी की रक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस पारिस्थितिक संतुलन की रक्षा का प्रश्न है, जिस पर समस्त जीवन निर्भर करता है। यदि हम इस चेतावनी को समय रहते समझ लें और अपने व्यवहार में परिवर्तन करें, तो संभव है कि आने वाली पीढ़ियां भी उस मधुर चहचहाहट को सुन सकें, जो हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करती है।

## मरीन लाइफ



# जब नर समुद्री घोड़ा देता है जन्म

समुद्री जीवों की दुनिया में एक अद्भुत अपवाद के रूप में नर समुद्री घोड़े ही गर्भ धारण करते हैं। दरअसल समुद्री घोड़ा की शारीरिक संरचना में एक विशेष थैली होती है, जो उसके पेट के हिस्से में विकसित होती है। प्रजनन के दौरान मादा अपने अंडों को नर की इस थैली में स्थानांतरित कर देती है। इसके बाद निषेचन की प्रक्रिया नर के शरीर के भीतर ही होती है, जो इसे अन्य अधिकांश जीवों से अलग बनाती है। नर समुद्री घोड़ा इस थैली में अंडों को केवल सुरक्षित ही नहीं रखता, बल्कि उन्हें पोषण और ऑक्सीजन भी प्रदान करता है। यह थैली किसी हद तक स्तनधारियों के गर्भाशय की तरह कार्य करती है, जहां भ्रूण का विकास नियंत्रित वातावरण में होता है। प्रजाति के अनुसार 10 से 25 दिनों तक गर्भधारण की अवधि पूरी होने के बाद नर समुद्री घोड़ा संकुचन के माध्यम से सैकड़ों से लेकर लगभग 2,000 तक शिशुओं को जन्म देता है। यह प्रक्रिया देखने में किसी छोटे 'प्राकृतिक प्रसव' जैसी प्रतीत होती है।

समुद्री घोड़ों की एक और रोचक विशेषता उनका एकनिष्ठ व्यवहार है। कई प्रजातियों में नर और मादा लंबे समय तक एक ही जोड़ी के रूप में रहते हैं और रोजाना 'डांस' जैसे व्यवहार के माध्यम से अपने संबंध को मजबूत करते हैं। यह समन्वय प्रजनन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहायक होता है। इसके अतिरिक्त, समुद्री घोड़े उत्कृष्ट छलावरण क्षमता रखते हैं। वे अपने आसपास के वातावरण के अनुसार रंग बदल सकते हैं और समुद्री घास या प्रवाल के बीच आसानी से छिप जाते हैं, जिससे वे शिकारियों से बच पाते हैं। उनकी पूंछ लचीली होती है, जिससे वे समुद्री पौधों को पकड़कर स्थिर रह सकते हैं, क्योंकि वे अन्य मछलियों की तरह तेजी से तैर नहीं पाते। हालांकि इन अद्भुत जीवों का अस्तित्व आज कई खतरों से घिरा है। समुद्री प्रदूषण, तटीय आवासों का विनाश, जलवायु परिवर्तन और अवैध व्यापार (विशेषकर पारंपरिक दवाओं और सजावटी वस्तुओं के लिए) इनके लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। इसलिए समुद्री घोड़ों का संरक्षण केवल जैव विविधता की रक्षा नहीं, बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फ़ॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल**–(प्रति कु0)–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4360

## बिजनेस ब्रीफ

### 'नवरात्रि महोत्सव' में ग्राहकों को कई तरह की छूट देगी ओला

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने 'नवरात्रि महोत्सव' की शुरुआत करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके तहत कंपनी के एस1 स्कूटर और रोडस्टर मोटरसाइकिल खंड पर 30,000 रुपये से अधिक के लाभ दिए जा रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय उत्सव के तहत कंपनी नकद छूट, विस्तारित वारंटी और 'इंस्टेंट कैशबैक' जैसी कई पेशकश लाई है। कंपनी के अनुसार, उत्सव के माहौल को और बढ़ाते हुए ओला इलेक्ट्रिक रोजाना 90 मिनट के 'मुहूर्त' खिड़की आयोजित करेगी। इसमें चुनिंदा मॉडल की सीमित इकाइयां विशेष एवं सीमित समय की कीमतों पर उपलब्ध होंगी। ओला के प्रवक्ता ने कहा कि यह 'नवरात्रि महोत्सव' हमारे ग्राहकों के साथ नए आरंभ और समृद्धि की भावना का उत्सव मनाने का तरीका है।

### बीएमडब्ल्यू ने उतारा 'मिनी कूपर एस' का विक्ट्री संस्करण

**जयपुर।** जर्मनी की वाहन कंपनी बीएमडब्ल्यू ने लक्जरी कार ब्रांड 'मिनी' का विशेष संस्करण 'मिनी कूपर एस विक्ट्री संस्करण' बृहस्पतिवार को भारतीय बाजार में पेश किया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के सीईओ हरदीप सिंह बरार ने यहां मीडिया से कहा कि इसे जयपुर में पहली बार पेश करते हुए भारतीय बाजार में उतारा गया है। इसकी शोरूम कीमत 57,50,000 रुपये है।

# आईबीसी का दुरुपयोग करना अर्थव्यवस्था के लिए घातक : मुंबई हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई उच्च न्यायालय ने कर्ज न चुकाने वालों और गारंटी देने वालों द्वारा दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के दुरुपयोग पर कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने कहा कि कर्ज चुकाने की अवधि में छूट (मोरेटोरियम) का लाभ उठाकर कानूनी सुरक्षा की आड़ लेने की यह प्रवृत्ति देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

न्यायमूर्ति मनीष पितले और न्यायमूर्ति श्रीराम शिरसाट की पीठ ने बुधवार को दिए एक आदेश में कहा कि चूककर्ताओं की ऐसी रणनीतियां आईबीसी के मूल उद्देश्य को विफल करती हैं और सुरक्षित लेनदारों द्वारा उठाए गए कानूनी कदमों को पंगु बना देती हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग न्याय की विफलता का कारण बने, तो वह मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती।

अदालत ने एक चिंताजनक प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि जानबूझकर कर्ज न चुकाने वाले लोग सुरक्षित लेनदारों और नीलामी खरीदारों को (वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम) 'सरफेसी अधिनियम' के तहत कार्रवाई करने से रोकने के लिए आईबीसी का सहारा लेते हैं।

पीठ ने यह भी कहा कि अक्सर देखा गया है कि कर्जदार पूरी नीलामी प्रक्रिया के दौरान शांत रहते हैं और अंत में आईबीसी के तहत मिलीभगत वाली कार्यवाही शुरू कर देते हैं ताकि ऋण भुगतान पर रोक का दावा किया जा सके। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आईबीसी का उद्देश्य संपत्ति के मूल्य को अधिकतम करना और सभी हितधारकों के हितों को संतुलित करना था। लेकिन चूककर्ताओं द्वारा अपनाई जा रही ये रणनीतियां इस उद्देश्य को विफल कर रही हैं, वहीं देश के वित्तीय स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

# एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, कमान मिस्त्री को

## अतनु चक्रवर्ती ने त्याग पत्र में लगाया संचालन में अनैतिकता का आरोप, बोले-मेरे मूल्यों के अनुरूप नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

देश के अग्रणी निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने बैंक के संचालन में अनैतिकता के आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्री चक्रवर्ती ने 17 मार्च 2026 को तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दिया था। बैंक ने बुधवार देर रात शेयर बाजार को बताया कि उनका इस्तीफा 18 मार्च को दोपहर बाद तीन बजकर 17 मिनट पर प्राप्त हुआ। बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक से स्वीकृति मिलने के बाद श्री केकी मिस्त्री को तीन महीने के लिए अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति गुरुवार 19 मार्च से प्रभावी हो गयी है।

श्री चक्रवर्ती ने अपने त्यागपत्र में बैंक के संचालन के तौर-तरीकों पर गंभीर आरोप लगाये हैं। लिखा है कि पिछले दो वर्षों में मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाएं और चलन देखे हैं जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों




और नैतिकता के अनुरूप नहीं रहे हैं। यही मेरे निर्णय (इस्तीफे) का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनके इस्तीफे का और "कोई अन्य महत्वपूर्ण कारण नहीं है"। उनके कार्यकाल में बैंक के एचडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा है कि इस रणनीतिक पहल ने एचडीएफसी बैंक को देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बना दिया, हालांकि "इस विलय का लाभ अभी पूरी तरह साकार होना बाकी है"।

श्री चक्रवर्ती भारतीय प्रशासनिक सेवा से अप्रैल 2020 में सेवानिवृत्त हुए। उस समय वह वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव थे। वह मई 2021 में एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल हुए थे। स्वतंत्र निदेशक के रूप में उनका तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद मई 2024 में उन्हें दोबारा तीन साल के लिए स्वतंत्र निदेशक बनाया गया गया था। इस्तीफे की बात समाने आने के बाद गुरुवार को बैंक का शेयर आज एक समय 8.42 प्रतिशत लुढ़ककर 772 रुपये पर आ गया था। वहां से उबर कर यह शेयर समाचार लिखे जाने के समय 4.26 प्रतिशत की गिरावट में 807 रुपये पर चल रहा था। बुधवार को बैंक का शेयर 842.95 रुपये पर बंद हुआ था।

### मजबूत बुनियाद वाला संस्थान: एम. नागराजू

नयी दिल्ली, एजेंसी। वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि एचडीएफसी बैंक 'मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान' है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए इस्तीफा देने के बाद नागराजू ने यह बात कही। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि एचडीएफसी बैंक मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान है। बैंक के आवेदन पर भारतीय रिजर्व बैंक ने 18 मार्च, 2026 को केकी मिस्त्री को 19 मार्च, 2026 से तीन महीने की अवधि के लिए अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

### चिंताएं स्पष्ट करने को कहा गया था: सीईओ

**मुंबई, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती को अपने इस्तीफे के फैसले पर पुनर्विचार करने, नैतिकता से संबंधित चिंताओं पर विस्तार से बताने और इस्तीफे में उपयोग किये गये कुछ शब्दों को वापस लेने के लिए कहा गया था। इस अप्रत्याशित कदम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बैंक के निदेशक मंडल के अधिकतर सदस्यों ने कहा कि वह चक्रवर्ती के इस कदम से 'हैरान' हैं क्योंकि उन्होंने इस्तीफे में जिन चिंताओं का जिक्र किया है, उनके बारे में साफ-साफ कुछ नहीं बताया।

### इस्तीफा चिंता की बात नहीं: आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक के आचरण या शासन के संबंध में कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। आरबीआई ने बयान में कहा कि एचडीएफसी बैंक एक घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) है जिसके पास मजबूत वित्तीय स्थिति, पेशेवर तरीके से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन दल है। हमारे समय-समय पर किए गए आकलन के आधार पर, इसके आचरण या शासन के संबंध में कोई बड़ी चिंता नहीं है। बयान में जोर दिया गया कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और उसकी वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। साथ ही पर्याप्त नकदी भी मौजूद है।

# एलपीजी की बुकिंग सामान्य की ओर लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक

## घबराहट में की गई बुकिंग 13 मार्च को 87.7 लाख पहुंची थी, 18 को घटकर 57 लाख पहुंची

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के भरे हुए सिलेंडर की बुकिंग युद्ध-पूर्व के सामान्य स्तर के करीब पहुंच रही है, जो स्थिति में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में जारी व्यवधानों के चलते होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर आपूर्ति प्रतिबंध अब भी लागू हैं। ईरान पर 28 फरवरी को हुए सैन्य हमलों से पहले देश के 33 करोड़ से अधिक घरेलू एलपीजी उपभोक्ता औसतन प्रतिदिन लगभग 55 लाख सिलेंडर बुक कर रहे थे। तनाव बढ़ने के बाद ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' के बंद होने से भारत की लगभग 60 प्रतिशत गैस आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे व्यावसायिक आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी और घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट के कारण भारी बुकिंग शुरू हो गई।



- पश्चिम एशिया संकट से पहले प्रतिदिन औसतन हो रही थी 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि 13 मार्च को घबराहट में की गई बुकिंग का आंकड़ा 87.7 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, जो 18 मार्च को घटकर 56-57 लाख पर आ गया है। उन्होंने कहा कि घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो रही है और सरकार परिवारों को आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है।

शर्मा ने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन किसी भी वितरक के पास भंडार पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हालांकि, व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकता का केवल पांचवां हिस्सा (20 प्रतिशत) ही मिल पा रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछले दो सप्ताह में घरेलू गैस उत्पादन में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां बुकिंग के साथ तालमेल बिठाने के लिए अतिरिक्त पालियों में काम कर रही हैं।

सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% पहुंच गई है। करीब 83% रीफिल डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेट' कोड यानी ओटीपी के जरिए हो रही है। पैनिक बुकिंग में कमी आ रही है। 18 मार्च को 56 लाख से अधिक की बुकिंग के मुकाबले 54.91 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति की गई।

### कोयला आपूर्ति को कोल इंडिया ने उठाए कदम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप है। देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कोल इंडिया ने एहतियाती कदम उठाते हुए चालू माह में 29 ई-नीलामी आयोजित करने की योजना बनाई है। इसके तहत लगभग 2.35 करोड़ टन कोयले की पेशकश की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन 29 नीलामियों में से 12 मार्च, 2026 से अब तक पांच नीलामी आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें 73.1 लाख टन कोयले की पेशकश की गई थी, जिसमें से 31.96 लाख टन की बुकिंग हो चुकी है, जो ई-नीलामी में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता को दर्शाता है।

### दो सप्ताह में दिए पीएनजी के सवा लाख नये कनेक्शन

शर्मा ने बताया कि सरकार उपभोक्ताओं को पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है और पिछले दो सप्ताह में 1.25 लाख नए कनेक्शन जारी किए गए हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्यों में छापेमारी और प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई जारी है। केंद्र सरकार ने 18 मार्च को सभी राज्य सरकारों को पत्र लिखकर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और मिट्टी के तेल (केरोसिन) जैसे वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया है।



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, भारत में ब्रिटिश हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन और अन्य लोगों के साथ, नई दिल्ली में 'केबीई' का प्रतीक चिन्ह प्राप्त करने के बाद।

# टाटा समूह के चेयरमैन को ब्रिटेन का 'नाइटहुड' सम्मान

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ब्रिटिश सरकार ने मानद 'नाइटहुड' से सम्मानित किया है।

ब्रिटिश उच्चायुक्त के आवास पर बुधवार रात आयोजित कार्यक्रम में उन्हें 'नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई)' की उपाधि प्रदान की गई। यह ब्रिटेन का एक प्रतिष्ठित सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो विदेशी नागरिकों को उनकी असाधारण सेवाओं के लिए दिया जाता है।

ब्रिटिश उच्चायोग ने बयान में कहा कि टाटा समूह, ब्रिटेन में लंबे समय से निवेश करता आया है। यह निवेश मोटर वाहन, इस्पात, प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों तक फैला है। यह ब्रिटेन में रोजगार, उन्नत विनिर्माण एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की ओर बदलाव को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने चंद्रशेखरन को ब्रिटेन का बेहतरीन मित्र और भारत के कॉरपोरेट जगत की एक प्रतिष्ठित हस्ती बताया।

यह सम्मान ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय की ओर से कैमरून ने चंद्रशेखरन को प्रदान किया।

# अमेरिका ने नहीं बदली ब्याज दरें महंगाई को लेकर बढ़ी चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में आये भारी उछाल के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बाजार की उम्मीद के विपरीत रेपो दरों में कोई कटौती नहीं की है। फेड की दो दिन चली बैठक के बाद बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि मजबूत बनी हुई है, लेकिन हाल के महीनों में नये रोजगार की रफ्तार सुस्त रही है और मुद्रास्फीति बढ़ी हुई है। साथ ही पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव में भी अनिश्चितता है।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने बताया कि समिति ने दरों को 3.5 से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया है। समिति के 12 में से 11 सदस्यों ने फैसले के पक्ष में वोट दिया जबकि स्टिफन माइरन एक-चौथाई प्रतिशत की कटौती के पक्ष में थे। बयान में कहा गया है कि फेड का लक्ष्य रोजगार को अधिकतम करना और महंगाई दर को दो प्रतिशत पर रखना है। संवाददाताओं से बात करते हुए फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि इस समय बेरोजगारी दर दीर्घावधि औसत के आसपास है और मुद्रास्फीति उससे एक प्रतिशत ऊपर है। उन्होंने कहा मुद्रास्फीति में जितनी कमी का अनुमान था उतनी देखने को नहीं मिली है।

# आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन शुरू करेंगी इस्पात संयंत्र पर काम

**अमरावती, एजेंसी।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया आंध्र प्रदेश में अपने प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र पर काम अगले सप्ताह से शुरू करेगी। इससे भारत की सबसे बड़ी नई इस्पात परियोजना की शुरुआत होगी। आर्सेलरमित्तल एवं निप्पॉन स्टील के संयुक्त उद्यम वाली यह कंपनी पहले चरण में करीब 70,000 करोड़ रुपये का निवेश कर विशाखापत्तनम के पास 82 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता स्थापित करेगी।

# बाजार में गिरावट एफपीआई के लिए भारत में निवेश का बड़ा अवसर : सेबी

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए भारत में निवेश बढ़ाने का बेहद बड़ा अवसर पेश करती है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय पूंजी बाजार इस समय काफी आकर्षक है और एफपीआई के रूप में पंजीकृत निवेशकों के लिए अच्छा अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने यहां रूस-भारत पूंजी बाजार एकीकरण मंच में कहा कि पिछले कुछ महीनों में जो हालात बने हैं, खासकर युद्ध शुरू होने के बाद...उसके मद्देनजर भारतीय शेयर बाजार में निवेश का बड़ा अवसर है। कई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एफपीआई भारतीय बाजारों में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं और मार्च के पहले 12 दिन में ही उन्होंने 77,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। कार्यक्रम में वार्ष्णेय ने रूस से भारत में निवेश को सुगम बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और इसके लिए विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यसमूह बनाने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने रूसी कंपनियों से भारत में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने का भी आग्रह किया और कहा कि कुछ विदेशी कंपनियों की भारतीय इकाइयों का मूल्यांकन उनके घरेलू बाजार में स्थित मूल कंपनी से अधिक होता है।

# रूसी साझेदारों को रिजर्व बैंक उपलब्ध करा रहा रुपये के उपयोग के विकल्प

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने रूसी व्यापारिक साझेदारों को भारतीय रुपये के उपयोग के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराने पर काम कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक मौजूदा रूसी व्यापार साझेदारों के संचित भारतीय रुपये का निपटान करने को लेकर भारत में आयात के लिए या पूंजी निवेश करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है।

आरबीआई के विदेशी मुद्रा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एन सेंथिल कुमार ने मुंबई में आयोजित रूस-भारत मंच में कहा कि हम रूसी साझेदारों द्वारा यहां संचित भारतीय




रुपये का उपयोग आयात के लिए या भारत में पूंजी निवेश आदि के लिए करने के विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराने पर काम कर रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों से, दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार निपटान के लिए स्थानीय मुद्राओं पर ध्यान दे रहे हैं और डॉलर पर निर्भरता कम की है। पिछले वर्ष, आरबीआई को सरकारी प्रतिभूतियों में अधिशेष शेष राशि का निवेश करने की अनुमति दी गई थी। कुमार ने स्थानीय मुद्राओं में लेनदेन करने में संबंधित पक्षों के बीच ''सुस्ती'' का उल्लेख किया और कहा कि इसे दूर करने की आवश्यकता है।

कुमार ने कहा कि निर्यातकों और आयातकों के बीच स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को लेकर कुछ हद तक भरोसा होना चाहिए। इससे रुपये में होने वाले लेन-देन का स्तर बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने रुपये-रूबल लेन-देन बढ़ाने का भी आग्रह किया। कुमार ने कहा कि लेन-देन के बिना बाजार विकसित नहीं हो सकता। इसलिए, जैसे-जैसे हम लेन-देन करते रहेंगे और देखेंगे कि रुपये-रूबल सौदों में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वैसे-वैसे बाजार विकसित होता जाएगा।

**उपलब्धि**

**बरेली की लीड्स जेनेटिक्स ने पायी बड़ी उपलब्धि**

# गिर मवेशियों के भ्रूण स्थानांतरण में 60% सफलता का दावा

**बरेली, एजेंसी**

कृषि व्यापार कंपनी बीएल एग्रो ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसकी अनुषंगी कंपनी लीड्स जेनेटिक्स ने यहां अपने सुविधा केंद्र में ब्राज़ील से आयातित गिर मवेशियों के उच्च-गुणवत्ता वाले भ्रूण को देसी गायों में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है। कंपनी ने दावा किया है कि पहले बैच में गर्भधारण की सफलता दर 60 प्रतिशत रही, जो उद्योग के मानकों के हिसाब से एक रिकॉर्ड है। ये भ्रूण ब्राज़ील की कंपनी फेजेन्डा फ्लोरेशिया से लिए गए थे। इन्हें 'ओवम पिक-अप इन-विट्रो फ़र्टिलाइज़ेशन' (ओपीयू-आईवीएफ) तकनीक से तैयार किया गया था। ये गिर नस्ल के ऐसे मवेशियों से लिए गए हैं जिनमें प्रतिदिन 40 लीटर तक दूध देने की क्षमता है।

बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक, आशीष खंडेलवाल ने पत्रकारों को बताया कि भ्रूण स्थानांतरण के पहले बैच में शामिल 116 मवेशियों में गर्भधारण की सफलता दर 60 प्रतिशत रही है, जो उद्योग के मानकों के हिसाब से अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत में देसी मवेशियों से दूध का औसत उत्पादन लगभग 4.5 लीटर प्रतिदिन है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, लेकिन लंबे समय से यहां प्रति पशु कम उत्पादकता की समस्या बनी हुई है। भ्रूण स्थानांतरण का यह काम बरेली स्थित बीएल कामधेनु फार्म्स में किया गया। यहीं पर कंपनी का 'मवेशी प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र' भी स्थित है, जो अत्याधुनिक आईवीएफ, पैथोलॉजी और जीनोमिक्स प्रयोगशालाओं से सुसज्जित है। जिन गायों में भ्रूण स्थानांतरित किया गया, वे गिर, साहीवाल और होल्स्टीन फ्रीज़ियन नस्ल की हैं। फेजेन्डा फ्लोरेशिया की पशु चिकित्सा विशेषज्ञ अमांडा फ़ैंटुची, जो इस भ्रूण स्थानांतरण प्रक्रिया की देखरेख कर रही थीं, ने बताया कि भारत में मिली सफलता दर ब्राज़ील की तुलना में कहीं ज़्यादा रही है।

लीड्स जेनेटिक्स अभी बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब और हरियाणा की सरकारों से बातचीत कर रही है। इसका मकसद इस सुविधा केंद्र का इस्तेमाल करना और अलग-अलग राज्यों के देसी मवेशियों की नस्लों में सुधार के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर ब्रीडिंग फ़ार्म स्थापित करना है। अपनी बेहतरीन दूध उत्पादन और बीमारियों से लड़ने की ताकत के लिए मशहूर 'गिर' नस्ल, भारत के देसी मवेशियों की नस्ल में सुधार के कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा है।



### गिर गाय के ब्राजील पहुंचने की कहानी

गिर नस्ल के मवेशियों के ब्राज़ील पहुंचने की कहानी एक सदी से भी ज़्यादा पुरानी है। उस समय बड़ौदा के महाराजा ने एक गिर गाय ब्राज़ील के एक परिवार को उपहार में दी थी। इसके बाद ब्राज़ील ने दशकों तक चुनिंदा प्रजनन पर शोध किया और एक ऐसी वंशावली विकसित की, जिसे अब दूध उत्पादन के मामले में आनुवंशिक रूप से श्रेष्ठ माना जाता है। बीएल एग्रो के भ्रूण स्थानांतरण कार्यक्रम के ज़रिये अब वही वंशावली भारत वापस लौट आई है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईद के मौके पर टीटीपी ने भी किया हमले रोकने का एलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अस्थायी संघर्ष विराम के कुछ ही घंटे बाद प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह ने ईद के मद्देनजर तीन दिन तक हमले न करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने कहा कि लोगों को ईद मनाने देने के लिए संघर्ष विराम किया गया है। अफगान तालिबान से अलग पहचान रखने वाला लेकिन फिलहाल उसके साथ हमले करने में शामिल टीटीपी ने 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान के अंदर हमले बढ़ा दिए हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने टीटीपी को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है।

### लातेहार में नक्सलियों की निशानदेही पर मिला हथियारों का जखीरा

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। गिरफ्तार नक्सली अभियुक्त मृत्युंजय भुईयां उर्फ फरेश भुईयां उर्फ अवधेश जी उर्फ दिलीप भुईयां एवं बब्लू राम उर्फ बब्लूराम चंद्रवंशी उर्फ रोहित चंद्रवंशी उर्फ बब्लू जी उर्फ बब्लू कहार की निशानदेही पर पुलिस ने मिरचईया जंगल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस बताया कि 14 मार्च को न्यायालय में पेशी के उपरांत दोनों अभियुक्तों को छिपाकर रखे गए आग्नेयास्त्र, आईईडी एवं अन्य सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए पांच दिनों के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

### पटना में 20 हजार प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद, एक गिरफ्तार

**पटना।** बिहार में पटना जिले के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 20 हजार से अधिक प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पटना सदर 02 रंजन कुमार ने गुरूवार को बताया कि पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है ।इसी क्रम में आज रामकृष्णानगर थानांतर्गत अवैध रूप से प्रतिबंधित इंजेक्शन की खरीद-बिक्री किए जाने संबंधी सूचना प्राप्त हुई ।इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

# श्रीलंका: एयरबस सौदे में पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे ने ली थी छह करोड़ की घूस

**कोलंबो, एजेंसी**



- मुख्य आरोपी राष्ट्रीय एयरलाइन के पूर्व सीईओ का कोर्ट में खुलासा

श्रीलंका की अदालत में बृहस्पतिवार को बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को एयरबस सौदे के तहत छह करोड़ श्रीलंकाई रुपये की घूस दी गई थी। यह दावा 2017 के एयरबस मामले में मुख्य आरोपी कपिला चंद्रसेना ने किया।

वर्ष 2011 से 2015 तक राष्ट्रीय एयरलाइन के सीईओ रहे चंद्रसेना को पिछले सप्ताह गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजपक्षे को 2015 में राष्ट्रपति रहते हुए उनके ग्रामीण दक्षिण के आवासों में तीन अलग-अलग मौकों पर दो-दो करोड़ रुपये दिए गए। पूर्व विमानन मंत्री प्रियंकारा जयरत्ना को भी रिश्वत का हिस्सा मिला। चंद्रसेना ने कहा कि उन्हें स्वयं एयरबस से घूस मिली और पैसे उनकी पत्नी के खाते में जमा किए गए। दोनों को 2019 में गिरफ्तार कर जमानत दी गई थी।

श्रीलंका में 2024 में नया भ्रष्टाचार विरोधी कानून लागू होने के बाद घूस मामले की जांच के लिए जांच आयोग (सीआईएबीओसी) ने एयरबस मामले की पुनः जांच की। वर्तमान नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार ने 2024 के चुनावों से पहले भ्रष्टाचार समाप्त करने का वादा किया था।

## पश्चिम एशिया संकट का असर

# हवाई यात्रा पर ग्रहण

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण वैश्विक विमानन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। हवाई यात्रा न सिर्फ काफी हद तक अनिश्चित बल्कि काफी महंगी भी हो चुकी है। इस संकट की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसे कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा विमानन संकट माना जा रहा है। इस युद्ध का भारत पर भी गहरा असर पड़ा है जो उसके विमानन क्षेत्र को कई पहलुओं पर प्रभावित कर रहा है। भारत के लिए यह सिर्फ आर्थिक चुनौती ही नहीं, बल्कि लाखों नागरिकों की सुरक्षा और कूटनीतिक संतुलन का भी सवाल है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि युद्ध जल्द नहीं थमा, तो मध्य पूर्व के हवाई अड्डों की साख को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है और दुनिया की प्रमुख एयरलाइंस अपने स्थायी रूट बदलने पर मजबूर हो सकती हैं।



### अनिश्चित हुई हवाई यात्रा

- ईरान, इजराइल, जॉर्डन, इराक, कुवैत, कतर समेत कई देशों को सुरक्षा कारणों से अपना हवाई क्षेत्र बंद करना पड़ा है। इससे रोज 4,000 से अधिक उड़ानें रद्द या प्रभावित हुई हैं।
- दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डे, जो पूर्व और पश्चिम को जोड़ते हैं, वे संघर्ष की चपेट में आने या सुरक्षा खतरों के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।
- विमानों को अब ईरान और इराक के ऊपर से गुजरने के बजाय सऊदी अरब या अफ्रीका के लंबे रास्तों से जाना पड़ रहा है। इससे यात्रा का समय 2 से 5 घंटे तक बढ़ गया है।

### यात्रियों पर सीधा असर

- रूट लंबा होने और ईंधन की बढ़ी कीमतों से हवाई टिकटों के दाम आसमान छू रहे हैं।
- भारत से यूरोप और अमेरिका जाने वाली उड़ानों के किराए में 50 से 200% तक की वृद्धि हुई है।
- उड़ानों के अचानक रद्द होने से दुबई और दोहा जैसे ट्रांजिट हब में लाखों यात्री फंस गए हैं।
- लंबी देरी से यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट छूट रही हैं, अंतरराष्ट्रीय यात्रा का शेड्यूल बिगड़ा।

### वैश्विक और आर्थिक प्रभाव

- युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। विमानन ईंधन एयरलाइन की लागत का 30-40% होता है, इसलिए एयरलाइंस को भारी घाटा हो रहा है।
- मध्य पूर्व में 2026 में पर्यटन में 13% की वृद्धि का अनुमान था, लेकिन अब 11 से 27% तक गिरावट आने की आशंका है। पर्यटन को 55 अरब डॉलर तक का नुकसान संभावित।
- यात्री उड़ानों के साथ मालवाहक विमान भी प्रभावित हुए हैं, जिससे मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति धीमी और महंगी हो गई है।

### भारत के लिए बड़ा संकट

- भारत का अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है क्योंकि मध्य पूर्व भारत के लिए यूरोप और अमेरिका का मुख्य रास्ता है।
- दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े हवाई अड्डों से रोज सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं। मार्च के पहले हफ्ते में ही 1,100 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुई हैं।
- एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस को अब युद्ध प्रभावित ईरान और इराक के हवाई क्षेत्र से बचकर ओमान और सऊदी अरब के रास्ते जाना पड़ रहा है।
- इससे उड़ानों का समय 2-3 घंटे बढ़ गया है और कुछ लंबी दूरी की उड़ानों को ईंधन भरने के लिए वियना या रोम जैसे शहरों में रुकना पड़ रहा है।

विमान ईंधन महंगा होने से एयरलाइंस ने फ्यूल सरचार्ज लगाना शुरू कर दिया है। घरेलू टिकटों पर 400 तक और अंतरराष्ट्रीय टिकटों पर 16,000 से 20,000 तक की बढ़ोतरी हुई है।

# ऊर्जा उत्पादन अब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला

## पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच आदेश, तेल-गैस क्षेत्र की इकाइयों के लिए रोज आंकड़े देना अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच सरकार ने ऊर्जा से जुड़ी जानकारी को राष्ट्रीय सुरक्षा मामले के रूप में वर्गीकृत किया है। इससे तेल एवं गैस क्षेत्र से जुड़ी सभी इकाइयों के लिए परिचालन (ऑपरेशन) की विस्तृत परिचालन जानकारी प्रदान करना अनिवार्य हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय का यह आदेश सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की रिफाइनरी कंपनियों, एलएनजी आयातकों, पाइपलाइन संचालकों, शहरी गैस वितरकों और पेट्रोरसायन कंपनियों पर लागू होगा और उन्हें पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को नियमित रूप से दैनिक आधार पर विस्तृत जानकारी देनी होगी।

मंत्रालय की 18 मार्च को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, इस आदेश में उत्पादन, आयात, भंडार स्तर और खपत के प्रतिरूप से संबंधित आंकड़े और जानकारी शामिल है। यह मौजूदा गोपनीयता प्रावधानों को निरस्त करता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस और एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के बाद ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के बीच यह कदम उठाया गया है। भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत और एलपीजी का 60 प्रतिशत आयात करता है।

युद्ध शुरू होने से पहले, भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का आधे से अधिक हिस्सा सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता था। एलपीजी का 85 से 95 प्रतिशत और गैस का 30 प्रतिशत हिस्सा भी इसी जलडमरूमध्य से आता था। युद्ध के कारण यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। इससे भारत की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है।



### आपूर्ति में आ रही रुकावट दूर करने का उद्देश्य

भारत ने हालांकि कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की है लेकिन खाड़ी देशों से आपूर्ति में कमी के कारण औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को गैस और एलपीजी की आपूर्ति बाधित हुई है। मंत्रालय के इस आदेश का मकसद आपूर्ति में आने वाली रुकावटों पर त्वरित कदम उठाने, बिजली, उर्वरक और घरेलू एलपीजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और खरीद संबंधी बेहतर निर्णय लेने के लिए एक केंद्रीकृत, वास्तविक समय पर उपलब्ध आंकड़ा रूपरेखा तैयार करना है।

- अधिकारियों ने कहा कि इस पहल से भारत की आपूर्ति शृंखलाओं की निगरानी करने, बचे भंडार का प्रबंधन करने और वैश्विक झटकों के प्रति जोखिम को कम करने की क्षमता मजबूत होगी। नियामक ढांचे के सख्त होने के साथ ही कंपनियों को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 'डेटा रिपोर्टिंग' प्रणाली को अत्याधुनिक बनाना होगा। अधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा न केवल स्रोत पर बल्कि आपूर्ति शृंखला में वास्तविक समय की पारदर्शिता पर भी निर्भर करेगी।

### ईसी एक्ट 1955 के तहत आदेश

मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत शक्ति का उपयोग करते हुए आदेश जारी किया। यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी आवश्यक वस्तु का भंडार रखने, उत्पादन करने, आयात-निर्यात या व्यापार करने वाले किसी भी व्यक्ति से उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, स्टॉक या उपयोग संबंधी जानकारी मांगने का अधिकार देता है।

### इन आंकड़ों की देनी होगी सूचना

आदेश में कहा गया है, पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, आयात, निर्यात, विपणन, वितरण या उपभोग में शामिल प्रत्येक इकाई को पीपीएसी को पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, आयात, निर्यात, भंडार, आवंटन, परिवहन, आपूर्ति, उपभोग और उपयोग से संबंधित जानकारी देनी होगी।

## दो सप्ताह के अंदर सवा लाख लोगों ने लिया पीएनजी का नया कनेक्शन

### 5600 एलपीजी छोड़ पीएनजी पर आए

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर पाइप के जरिए गैस आपूर्ति के लिए पीएनजी कनेक्शन लेने की सरकार की अपील के बाद पिछले दो सप्ताह में लोगों ने लगभग सवा लाख नए पीएनजी घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक कनेक्शन लिए हैं जबकि तीन दिनों में 5600 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़कर पीएनजी कनेक्शन लिया है। इस बीच सरकार ने एलपीजी के स्रोत में विविधता लाने के लिए अमेरिका से एलपीजी लेना शुरू कर दिया है और इसके साथ कई दूसरे देशों के साथ भी बातचीत कर रही है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि एलपीजी की स्थिति पश्चिम एशिया में अभी भी चल रहे युद्ध के कारण चिंताजनक बनी हुई है लेकिन किसी भी वितरक केंद्र पर गैस सिलेंडर की कमी नहीं है।
- उन्होंने कहा किऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है और 83 प्रतिशत रिफिल आपूर्ति वितरण प्रमाणीकरण के माध्यम से की जा रही है। घबराहट में की जाने वाली बुकिंग में कमी आई है।

# रूसी हमले के बाद मोल्दोवा में पीने के पानी का संकट

**बाल्टी (मोल्दोवा), एजेंसी**

- देश के करीब बहने वाली नदी तेल से प्रदूषित, हजारों लोग प्रभावित

यूक्रेन में एक पनबिजली संयंत्र पर रूस के हमले के बाद एक प्रमुख नदी के तेल से प्रदूषित होने के कारण मोल्दोवा में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। इससे दसियों हजार लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

यह नदी यूक्रेन और मोल्दोवा दोनों देशों में बहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू ने सात मार्च को यूक्रेन के नोवोदनिस्त्रोव्स्क जलविद्युत संयंत्र पर हुए हमले के बाद निस्टर नदी में हुए प्रदूषण के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि वह मोल्दोवा में जलापूर्ति के लिए खतरा पैदा कर रहा है। यह संयंत्र मोल्दोवा की यूक्रेन के साथ लगती उत्तरी सीमा से लगभग 15 किलोमीटर ऊपर की ओर स्थित है और मोल्दोवा की करीब 25 लाख आबादी के लगभग 80 प्रतिशत लोगों को पानी की आपूर्ति करता है। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से बांधों और बंदरगाहों जैसे यूक्रेन के असैन्य बुनियादी ढांचे को बार-बार निशाना बनाया है।

सैंडू ने 'एक्स' पर रविवार को एक पोस्ट में कहा, इसकी पूरी जिम्मेदारी रूस की है। मोल्दोवा के पर्यावरण मंत्रालय ने रविवार को 15 दिन के लिए पर्यावरण संबंधी चेतावनी की घोषणा की, जिससे अधिकारियों को तकनीकी हस्तक्षेप बढ़ाने और जलापूर्ति पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के लिए कानूनी अधिकार मिल गया।

## थापा ने छोड़ा नेपाली कांग्रेस प्रमुख पद

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में हुए आम चुनावों में मिली करारी हार के बाद नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा ने पद से इस्तीफा दे दिया।

देश में पांच मार्च को हुए प्रतिनिधि सभा चुनावों में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा का चुनाव हुआ था। नेपाली कांग्रेस को चुनावों में 38 सीट मिलीं जबकि उसका नारा था, 'इस बार 100 पार'। पार्टी ने 49 वर्षीय थापा को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था लेकिन वह धनुषा-4 निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अमरेश सिंह से हार गए। काठमांडू पोस्ट अखबार के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक की तारीख तय होने के तुरंत बाद थापा ने राष्ट्रीय संसद के उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश शर्मा को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि अभी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है।

# पश्चिम बंगाल पर कब्जे की साजिश रच रहा है आयोग

**कोलकाता, एजेंसी**



- अधिसूचना से पहले ही 50 अधिकारियों के ट्रांसफर पर भड़कीं ममता बनर्जी
- कहा- ये आयोग का उच्चतम राजनीतिक हस्तक्षेप और संविधान पर हमला

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से हटाए जाने पर बृहस्पतिवार को चिंता जताते हुए इसे उच्चतम स्तर का राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया। निर्वाचन आयोग (ईसी) की तीखी आलोचना जारी रखते हुए ममता ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई संस्थानों के व्यवस्थित राजनीतिकरण के साथ संविधान पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग साजिश के तहत पश्चिम बंगाल पर कब्जा कराना चाहता है।

विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के बाद निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के तबादले तथा डीजीपी पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को हटाने समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों के आदेश दिए हैं। बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के नए फेरबदल का आदेश दिया, जिसमें दो सचिवों को दूसरे चुनावी राज्यों में पर्यवेक्षक बना दिया गया, साथ ही 13 आईएएस और पांच आईपीएस अधिकारियों को चुनाव प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिकाओं में लगा दिया गया। ममता बनर्जी ने इस पर निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए दावा किया कि चुनाव की औपचारिक अधिसूचना जारी होने से पहले ही 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से बिना किसी पूर्व सूचना के हटा दिया गया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, जिस तरह से निर्वाचन आयोग ने बंगाल को निशाना बनाया है, वह न केवल अप्रत्याशित है, बल्कि बेहद चिंताजनक भी है।

# सवाल उठाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर रहा है केंद्र

- कांग्रेस ने सरकार पर अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर सोशल मीडिया मंचों पर अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सरकार आलोचनात्मक आवाजों को नियंत्रित करने के लिए नए-नए तरीके अपना रही है।



उन्होंने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि संसद में भी विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए माइक बंद कर दिए जाते हैं और अब सोशल मीडिया पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है। उनका दावा है कि हाल ही में ट्विटर और इंस्टाग्राम पर कई ऐसे अकाउंट्स को बैन किया गया है, जो सरकार से सवाल पूछ रहे थे। श्रीनेत के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जरिए अकाउंट्स को बंद कराने का नया ट्रेंड शुरू किया गया है, जिससे यह तय किया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर क्या कंटेंट रहेगा और क्या नहीं। कांग्रेस ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि सरकार युवाओं और आम लोगों के सवालों को दबाने की कोशिश क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि अकाउंट बैन करने से आवाजें नहीं दबेंगी, क्योंकि नए अकाउंट बनते रहेंगे।

## शराब नीति प्रकरण में केजरीवाल को दो अप्रैल तक देना होगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को ईडी की उस याचिका पर जवाब देने के लिए दो अप्रैल तक का समय दिया है, जिसमें शराब नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें आरोपमुक्त करते समय निदेशालय के खिलाफ की गई कथित अनुचित टिप्पणियां हटाने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने केजरीवाल के वकीलों की ओर से अधिक समय की मांग किए जाने पर नाराजगी भी जताई और कहा कि हाईकोर्ट दो अप्रैल को अगली सुनवाई के दौरान इस मामले में अंतिम सुनवाई की तारीख तय करेगी। ईडी के वकील ने कहा कि याचिका का जवाब दाखिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है और यह मामले में देरी करने का प्रयास है।

## करीब एक दशक बाद रत्नागिरी में दाऊद की पुश्तैनी जमीन का खरीदार मिला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रत्नागिरी जिले में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी पैतृक कृषि भूमि की लंबे समय से लंबित नीलामी को आखिरकार खरीदार मिल गया है। केंद्र सरकार की ओर से नीलामी के दौरान मुंबई के एक बोलीदाता ने सभी चार भूखंडों के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। करीब एक दशक से यह नीलामी अटकी पड़ी थी।

अधिकारियों के अनुसार, चारों कृषि भूखंड दाऊद इब्राहिम के पैतृक गांव रत्नागिरी के खेड़ तालुका के मुमके गांव में स्थित हैं। इनमें कई संपत्तियां उसकी मां अमीना बी के नाम दर्ज थीं। अभी तक सफल मुंबई के बोलीदाता की पहचान नहीं बताई गई है। नीलामी की शर्तों के अनुसार, बोलीदाता को अप्रैल 2026 की शुरुआत तक पूरा भुगतान करना होगा। सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद अधिग्रहण और हस्तांतरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। पिछले वर्षों में कई प्रयासों के बावजूद इन संपत्तियों की नीलामी नहीं हो पाई थी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज काम की वजह से तनाव हो सकता है। यात्रा के दौरान कीमती सामान ले जाने से बचें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**वृष** – आज सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** – आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद हो सकता हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है।

**सिंह** – आज का दिन कारोबार के लिए सामान्य है। दूसरों के भरोसे जरूरी काम न छोड़ें। आपकी विनम्रता का लोग फायदा उठा सकते हैं।

**कन्या** – आज नया व्यापार आरंभ करने के लिए दिन उत्तम है। सभी काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** – आज नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**वृश्चिक** – आज जल्दबाजी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें। मन की चंचलता परेशान करेगी।

**धनु** – आज अपने प्रयासों में कमी न होने दें। इसके कारण मन में हीनता की भावना आ सकती है। आपकी कोई योजना किसी कारणवश अटक सकती है।


**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे।

**कुंभ** – आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आप अनावश्यक समय बर्बाद न करें।

**मीन** – आज घरेलू मामलों को लेकर व्यस्त रहेंगे। वैवाहिक संबंधों में मधुरता रहेगी। अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 20 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 21 मार्च 02 .30 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- रेवती 21 मार्च 02 .27 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

### सुडोकू -94

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

## नेपाल में चुनाव के अंतिम आंकड़े तैयार

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को आम चुनाव के अंतिम नतीजे प्रस्तुत किए, जिससे चुनाव प्रक्रिया का औपचारिक समापन हो गया।

प्रतिनिधि सभा के चुनाव पांच मार्च, 2026 को हुए, जिसमें 275 सदस्यीय निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के लिए मतदान हुआ। सभा के 275 सदस्यों में से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान और 110 आनुपातिक मतदान से चुने जाते हैं। आयोग के बयान के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति पौडेल को परिणाम प्रस्तुत किए।

**बड़ा मुद्दा**

औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत नौ सदस्यीय संविधान पीठ कर रही है सुनवाई

# उद्योग की परिभाषा पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया।

सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने तीन दिन सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं जैसे शेखर नफाड़े, इंदिरा जयसिंह, सी यू सिंह और संजय हेगड़े समेत कई वकीलों की दलीलें सुनीं। इस पीठ में सीजेआई के अलावा न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। पीठ ने कहा कि वह श्रम संबंधों को नियंत्रित करने के लिए 'उद्योग' शब्द की व्यापक व्याख्या देने वाली सात सदस्यीय पीठ के 1978 के फैसले की वैधता की जांच करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को नौ सदस्यीय संविधान पीठ के विचार के लिए व्यापक मुद्दे निर्धारित किए थे। कहा था, क्या बैंगलोर जल आपूर्ति एवं मलजल शोधन बोर्ड मामले (1978) में न्यायमूर्ति वीआर कृष्ण अय्यर के मत के अनुच्छेद 140 से 144 में निर्धारित जांच यह निर्धारित करने के लिए कि कोई उपक्रम या उद्यम 'उद्योग' की परिभाषा के अंतर्गत आता है या नहीं, सही कानून है। पीठ ने कहा था कि विचारणीय मुद्दों में एक यह भी होगा कि क्या सरकारी विभागों द्वारा की जाने वाली सामाजिक कल्याण गतिविधियों और योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 2(जे) के प्रयोजन के लिए 'औद्योगिक गतिविधियां' माना जा सकता है।



### सात सदस्यीय पीठ ने 1978 में सुनाया था फैसला

सात सदस्यीय पीठ ने 21 फरवरी, 1978 को बैंगलोर जल आपूर्ति और मलजल शोधन बोर्ड की याचिका पर फैसला सुनाते हुए 'उद्योग' शब्द की परिभाषा का विस्तार किया, जिससे अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, क्लबों और सरकारी कल्याण विभागों में कार्यरत लाखों कर्मचारी औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के दायरे में आ गए।



"शानदार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को अपनी आक्रामकता और क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहने के बीच सही संतुलन बनाना होगा, जैसा वीरेंद्र सहवाग ने अपने करियर के दौरान किया था।
-अनिल कुंबले

# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार ,20 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### अगले वर्ष 29 अक्टूबर से शुरू होंगे राष्ट्रमंडल युवा खेल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल युवा खेलों का आठवां चरण अगले साल 29 अक्टूबर से चार नवंबर तक माल्टा और गोजो में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह 29 अक्टूबर को होगा जिसके बाद 30 अक्टूबर से चार नवंबर तक स्पर्धायें होंगी। इन खेलों में आठ स्पर्धाएं तैराकी और पैरा तैराकी, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, नेटबॉल, सेलिंग, स्क्वाश, ट्रायथलॉन, वॉटर पोलो और भारोत्तोलन शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की मुख्य कार्यकारी केटी सैडलियर ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा माल्टा 2027 एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी माहौल का वादा करता है। विश्व स्तर की सुविधाएं हमारे युवा खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव देंगी जिससे कल के सितारों को प्रेरित करने और उन्हें विकसित करने में मदद मिलेगी।

### इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड में टी-20 मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के दौरे से पहले विश्व चैंपियन भारत जून में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आयरलैंड का दौरा करेगा। आयरलैंड के हाई परफोरमेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इस श्रृंखला की पुष्टि तब की जब उन्होंने पॉल स्टर्लिंग के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के पद से हटने के फैसले की घोषणा की। भारत 20 जून को खत्म होने वाली एक टेस्ट और तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी कर रहा है। इसके बाद भारत एक जुलाई से 19 जुलाई तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगा।

### सीएसके के तेज गेंदबाज चोटिल एलिस आईपीएल से बाहर

**चेन्नई।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल के आगामी सत्र से पहले बड़ा झटका लगा है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टीम के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। इकत्तीस साल के एलिस से उम्मीद थी कि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे क्योंकि श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना को कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी टीम में शामिल कर लिया है। सीएसके के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, हां, वह बाहर हो गए हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षण कोच बने आयरलैंड के जॉन मूनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया है। मूनी (44 साल) किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनने वाले पहले आयरिश क्रिकेटर हैं। वह मुख्य कोच हेमांग बदानी, मुनाफ पटेल (गेंदबाजी कोच), इयान बेल (सहायक कोच) और वेणुगोपाल राव (क्रिकेट निदेशक) के साथ जुड़ेंगे। मूनी 2018-2019 तक अफगानिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच थे और भारत में उनके ऐतिहासिक टेस्ट पदार्पण का हिस्सा रहे थे।

## रोहित और विराट की तरह सैमसन की जगह कोई नहीं ले सकता

### राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को संजू जैसे खिलाड़ी की तलाश

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने गुरुवार को कहा कि जिस तरह से रोहित शर्मा या विराट कोहली की जगह नहीं भरी जा सकती है उसी तरह से उनकी टीम में संजू सैमसन की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। सैमसन ने 2021 से 2025 तक रॉयल्स की कप्तानी की। रॉयल्स ने सत्र से पहले उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 'ट्रेड' कर दिया था और उनकी जगह रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया।

पराग ने यहां सत्र पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा अगर आप संजू भैया की बात कर रहे हैं तो उनके जैसे खिलाड़ी के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को रखने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हम उनके जैसे कौशल वाले किसी खिलाड़ी की तलाश कर सकते हैं या उनकी जगह किसी अन्य को बल्लेबाजी करने के लिए कह सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से विराट कोहली या रोहित शर्मा का कोई विकल्प नहीं है। ठीक उसी तरह से संजू भैया का भी कोई विकल्प नहीं हो सकता है क्योंकि वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। संजू राजस्थान रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने और सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

उन्होंने हाल में टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया था। पराग ने कहा कि पिछले सत्र के आखिर में उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन इस बार वह ऐसी कोई गलती नहीं करेंगे। उन्होंने कहा पिछली बार हमने आखिरी पांच मैच में काफी गलतियां की लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेंगे। यकीन मानिए इस बार राजस्थान रॉयल्स कप जरूर जीतेगी। पराग ने कहा, किसी एक खिलाड़ी के दम पर हम मैच नहीं जीत सकते। यशस्वी जयसवाल और वैभव सूर्यवंशी ही टीम को जीत दिलवा दें तो यह कहना गलत होगा। पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और टीम इसके लिए तैयार है। रॉयल्स के कप्तान ने कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा मैंने वैभव को अपना नैसर्गिक खेल खेलने को कहा है। मैंने उससे कहा है कि वह केवल गेंद को हिट करने पर ध्यान दें और अगर किसी तरह का दबाव होता है तो उसे यशस्वी संभाल लेंगे। पराग ने कहा राजस्थान रॉयल्स मेरे लिए आईपीएल में पहले दिन से घर जैसा रहा है। अब इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद खास है और यह जिम्मेदारी मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। मैं हमारे कोच और नेतृत्व समूह के साथ मिलकर समझदारी भरा क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं। रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा को पूरा भरोसा है की टीम रियान पराग की कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा रियान ने दबाव में संयम दिखाया है। क्रिकेट की अपनी अच्छी समझ का शानदार नमूना पेश किया है। पहले से ही नेतृत्व समूह का हिस्सा होने के नाते, उन्हें ड्रेसिंग रूम का सम्मान प्राप्त है। हमें विश्वास है कि वह कप्तान की भूमिका में शानदार प्रदर्शन करेंगे।



जयपुर में प्रेसवार्ता के दौरान राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (बाएं) और टीम के मुख्य कोच कुमार संगकारा। एजेंसी

### संजू राजस्थान रॉयल्स का चेहरा बन गए थे उन्हें खोना बहुत बड़ा नुकसान : फाफ डुप्लेसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्याय बन चुके हैं, इसी तरह से संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का चेहरा माना जा सकता है और उनका जाना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। सैमसन राजस्थान रॉयल्स की तरफ से दो कार्यकाल में 11 सत्र में खेले। वह इस टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने के अलावा सर्वाधिक रन भी बनाए हैं। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलेंगे। डुप्लेसी ने जिओ हॉटस्टार से कहा अगर हम आईपीएल की टीमों पर गौर करें तो अधिकतर टीमों के पास कोई एक ऐसा खिलाड़ी रहा है जो लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा जैसे रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली। मैं संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स के लिए उसी तरह का खिलाड़ी मानता हूं। उन्होंने कहा भले ही वह नई पीढ़ी के खिलाड़ी हैं, लेकिन वह उस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन गए थे। जब मैं राजस्थान रॉयल्स के बारे में सोचता हूं, तो मुझे संजू सैमसन याद आते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उनका किसी अन्य टीम से जुड़ना प्रशंसकों, आईपीएल और टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि उन्होंने वहां बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। डुप्लेसी ने कहा कि सैमसन के जाने से राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाएगी। सैमसन की मौजूदगी में जायसवाल अपना स्वाभाविक खेल खेलते थे लेकिन अब उन पर अधिक जिम्मेदारी आ गई है। उन्होंने कहा संजू की मौजूदगी में यशस्वी जायसवाल को अपना नैसर्गिक खेल खेलने का मौका मिलता था क्योंकि दूसरे छोर से संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। अब ऐसा नहीं होगा और उन पर अधिक जिम्मेदारी होगी। उस तरह के बल्लेबाज के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि वह जिम्मेदारी के बारे में नहीं सोचें। इसलिए यह सत्र उनके लिए सीखने की एक प्रक्रिया होगी।

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले से उन्हें हैरानी हुई जबकि टीम में जायसवाल, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के सैम कुरेन जैसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे। उन्होंने कहा मुझे इस फैसले से थोड़ा हैरानी हुई क्योंकि उसके पास यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा जैसे भारतीय खिलाड़ी और सैम कुरेन के रूप में विदेशी खिलाड़ी है जो कप्तानी कर सकते थे। इसलिए मुझे यह एक तरह का जुआ लगता है। बालाजी ने कहा कि ऐसे में टीम के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।


कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे। एजेंसी

## फिनिशर के तौर पर कमाल दिखाना चाहते हैं आशुतोष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आशुतोष शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े मंच पर खेलने का दबाव महसूस नहीं करते और 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले सत्र के मुकाबले ज्यादा से ज्यादा मैच खत्म करने (फिनिश) पर फोकस कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने पहले सत्र में 'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने टूर्नामेंट की शुरुआत जोरदार तरीके से की थी। उन्होंने 31 गेंद में 66 रन बनाकर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक रोमांचक जीत दिलाई थी। हालांकि वह और उनकी टीम टूर्नामेंट में मिली शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी। टीम प्ले-ऑफ में जगह बनाने से भी चूक गई। आशुतोष ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल सत्र की तैयारियों के बारे में बात करते हुए पीटीआई से कहा तैयारियां बहुत अच्छी चल रही हैं। हमने सत्र पूर्व तीन-चार शिविर में हिस्सा लिया है। मेरी भूमिका पिछले साल जैसी ही रहेगी, टीम के लिए छठे या सातवें नंबर पर आकर मैच फिनिश करना।

### चहल ने शराब छोड़ी, आईपीएल को प्राथमिकता दी

**नई दिल्ली।** लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले सीजन में कई चोटों के बाद आईपीएल 2026 से पहले अपनी फिटनेस को प्राथमिकता दी है। 35 साल के चहल ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी टीम पंजाब किंग्स के लिए 150 प्रतिशत देने की कोशिश में शराब छोड़ दी है। चहल ने एबी डिविलियर्स के यू ट्यूब चैनल एबी डिविलियर्स 360 पर बताया, "केकेआर के गेम के बाद, मेरे कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया और बाद में टूर्नामेंट में मेरी अंगुली की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया। तो सेमीफ़ाइनल (क्वालिफायर) और फ़ाइनल में, मैं अपनी सही लेगस्पिन वगैरह नहीं डाल पा रहा था। लेकिन इस साल मैं सबसे पहले अपने शरीर का ध्यान रखना चाहता था और मेरे पास आपके लिए एक अच्छी खबर है, मैंने शराब छोड़ दी है। छह महीने से ज़्यादा हो गए हैं। उन्होंने कहा अब, मैं 35 साल का हूँ, मैं और ज़्यादा एक्टिव रहना चाहता हूँ और अपनी टीम के लिए अपना 150 प्रतिशत देना चाहता हूँ।

## बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में


**चैंपियंस लीग**

**लंदन, एजेंसी**

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी।

चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की।

इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज़ ने एक शानदार मूव को गोल में बदला जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपायी कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया। इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ़ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मंगलवार को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। क्वार्टर फाइनल में रियाल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख आमने-सामने होंगे। लिवरपूल का सामना मौजूदा चैंपियन पीएसजी से, बार्सिलोना का एटलेटिको मैड्रिड से और आर्सेनल का स्पोर्टिंग लिस्बन से होगा।



जश्न मनाती बार्सिलोना की टीम। एजेंसी

### विश्व इनडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बृहस्पतिवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा।

यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था। सुमारिवाला विश्व एथलेटिक्स परिषद के सदस्य और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष भी हैं।

## मेसी ने 900वां गोल किया

- रोनाल्डो के क्लब में शामिल हुए स्टार फुटबॉलर लियोनेल

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी**

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया।

मेसी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ़ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेस्सी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 900 से अधिक गोल किए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेसी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में 900 गोल पूरे किए।



### अनगिनत उपलब्धियां स्टार खिलाड़ी के नाम

यह उपलब्धि मेसी के करियर में अनगिनत पुरस्कारों और उपलब्धियों में शामिल हो गई है। इनमें ला लीगा के शीर्ष स्कोरर के रूप में आठ ट्रॉफी, छह बार ला लीगा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार यूईएफए पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार, दो फीफा विश्व कप गोल्डन बॉल और 15 बार अर्जेंटीना का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना शामिल हैं। मेसी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेसी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।

### सर्वाधिक गोल में पेले सबसे आगे

कुछ लोगों का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे। विभिन्न स्रोतों के अनुसार पेले ने लगभग 1300 गोल किए थे। इनमें से कुछ गोल उन्होंने निचले स्तर की टीमों के खिलाफ किए थे। पेले ने लीग मैचों में लगभग 650 गोल किए थे।

**महामुकाबले का इंतजार**

कोच क्रेग फुल्टन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छे फॉर्म में लौट आएंगें

## हॉकी विश्व कप : विस्तृत रणनीति तैयार कर रही भारतीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ विशेष और विस्तृत रणनीति तैयार करने की बात कही।

उन्होंने साथ ही मौजूदा समय में संघर्ष कर रही टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छी फॉर्म में आ जाएंगे। भारत ने इस सत्र में अब तक सिर्फ एक मैच जीता है जो होबार्ट में खेला गया एफआईएच प्रो लीग मैच था जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी।

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारत का सामना शीर्ष वरीय इंग्लैंड, अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत वेल्स से होगा।

ग्रुप चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन में स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में फुल्टन के हवाले से कहा गया हम अपनी रणनीति, दबाव बनाने की रणनीति और अपनी 'फिनिशिंग' (गोल करने की क्षमता) पर कड़ी मेहनत करेंगे। ये वे छोटी-छोटी बातें हैं जो इस स्तर पर मैचों का नतीजा तय करती हैं। इस पूल में शामिल हर विरोधी टीम की अपनी अलग-अलग ताकत हैं इसलिए हमारी तैयारी भी हर टीम के हिसाब से खास और विस्तृत होगी।

अगले कुछ महीने हमारे लिए सबसे अहम हैं क्योंकि हमें ठीक सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आना है। ड्रॉ होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी टीम इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा हम बहुत उत्साहित हैं। यह एक बहुत मजबूत ग्रुप है लेकिन विश्व कप में आप यही तो चाहते हैं कि आपका मुकाबला दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों से हो ताकि आपकी असली परीक्षा हो सके। टीम के शिविर में इस समय माहौल बहुत ही सकारात्मक है। खिलाड़ी पूरी तरह से प्रेरित और जोश से भरे हुए हैं। अब जब हमें अपनी विरोधी टीमों के बारे में पता चल गया है तो हमारी तैयारियों को लेकर हमारे मन में पूरी स्पष्टता और एक निश्चित लक्ष्य है।

फुल्टन ने इस बात पर जोर दिया कि हर टीम की खेलने की अनोखी शैली के हिसाब से अपनी रणनीति में बदलाव करने और उनका सम्मान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा इंग्लैंड एक बहुत ही व्यवस्थित और शारीरिक रूप से मज़बूत टीम है। हमारे पूल में वह शीर्ष वरीय भी है। पाकिस्तान की टीम अपने खेल में एक अलग ही अंदाज और अप्रत्याशितता लेकर आती है। साथ ही हॉकी के खेल में उनका बहुत ही समृद्ध इतिहास रहा है इसलिए उन्हें कभी भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। फुल्टन ने कहा, वेल्स की टीम भी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है और वह भी पूरी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा, हम इस पूल में हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं लेकिन हमें उनके खिलाफ मुकाबले में खुद पर भरोसा है। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



### भारत के पूल डी मैचों का कार्यक्रम

**15 अगस्त :** भारत बनाम वेल्स (शाम 4 :30 बजे)

**17 अगस्त :** भारत बनाम इंग्लैंड (शाम 6 :30 बजे)

**19 अगस्त :** भारत बनाम पाकिस्तान (शाम 6 :30 बजे)

